रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,981.95 −885.59
डॉलर 83.791 +0.061
रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,720
01 किलो 90,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 05 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 184, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 लक्ष्य सेन डेनमार्क के एक्सेलसेन...

## सागर में दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत

एजेंसी

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां दीवार गिरने से नौ बच्चों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का भी ऐलान किया। हादसे में घायल सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार, सागर जिले के रहली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शाहपुर क्षेत्र में सावन का महीना होने के कारण बच्चे कच्ची मिट्टी से हरदौल मंदिर के करीब शिवलिंग बनाने के लिए इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान एक मकान की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे की चपेट में बड़ी संख्या में बच्चे आ गए। नौ बच्चों की मौत हो चुकी है। वहीं अन्य घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही रहली क्षेत्र के विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया। वहीं घायलों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, ''आज सागर जिले के शाहपुर में हुई अतिवृष्टि के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से 9 मासूम बच्चों के काल कवलित होने की खबर सुनकर मन व्यथित है। घायल बच्चों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है।

## पेनल्टी शूट आउट में ग्रेट ब्रिटेन को हरा भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



**पेरिस।** भारत ने ग्रेट-ब्रिटेन को पेरिस ओलंपिक की हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में रविवार को शूटआउट में 4-2 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूटआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। पीआर श्रीजेश एक बार फिर अपनी स्मार्ट गोलकीपिंग से टीम की जीत के हीरो रहे। शूटआउट में भारत ने अपने चार निशाने साधे, जबकि ग्रेट-ब्रिटेन दो निशाने ही लगा पाया। पिछले टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

# आज संसद में पेश हो सकता है वक्फ बोर्ड संशोधन बिल

» दो अगस्त को मोदी कैबिनेट ने वक्फ एक्ट में 40 संशोधन को मंजूरी दी है

» वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और हस्तांतरण में एक बड़े बदलाव का संकेत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में लंबे समय से वक्फ बोर्ड की असीमित अधिकारों को कम करने की मांग को लेकर एनडीए सरकार नया फैसला लेने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार संसद के मानसून सत्र में सोमवार (5 अगस्त को) को एक बिल ला सकती है, जिसके जरिए वह वक्फ बोर्ड के अधिकारों में संशोधन प्रस्ताव रखा जाएगा। गत शुक्रवार (दो अगस्त) को नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने वक्फ एक्ट में 40 संशोधन को मंजूरी दे दी है। वक्फ एक्ट में जो बदलाव लाने का प्रस्ताव है, अगर वे लागू हो जाते हैं तो वक्फ बोर्ड का स्वरूप और उसके अधिकारों पर काफी प्रभाव पड़ेगा और उसकी शक्तियां काफी सीमित हो जाएंगी। सूत्रों ने कहा कि अगर यह पारित हो जाता है, यह भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और हस्तांतरण में एक बड़े बदलाव को दर्शाएगा, जिसके जरिए अन्य इस्लामी देशों में वक्फ बोर्ड के पास जो ताकत है उसके हिसाब से यह काम कर पाएगा।

दुनिया के किसी भी देश में वक्फ बोर्ड के पास इतनी व्यापक शक्तियां नहीं हैं जितनी भारत के वक्फ बोर्ड के पास। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस विधेयक को अक्टूबर में होने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों से पहले पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार का मुख्य लक्ष्य इस विधेयक के जरिए लक्ष्य वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर अंकुश लगाना है, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने में ताकत देती है। यदि विधेयक पारित होता है, तो वक्फ बोर्डों द्वारा किए गए सभी दावों को अनिवार्य और पारदर्शी सत्यापन की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, धारा 9 और 14 में संशोधन के जरिए महिलाओं के प्रतिनिधित्व को वक्फ बोर्डों की संरचना और संचालन में शामिल किया जाएगा।

## सदन के बाहर और अंदर बिल के विरोध के आसार, मुस्लिम नेता असहमत




एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अधिकार कम करने के लिए विधेयक लाने की केंद्र की योजना को धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। इस पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने प्रतिक्रिया दी है। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, जहां तक वक्फ का मामला है, इसमें एक इस्लामिक लॉ भी है। एक्ट में उसमें किसी तरह के बदलाव की कोई जरूरत नहीं है।

### विवादों के समाधान में पारदर्शिता लक्ष्य


वक्फ बोर्ड के अधिकार इतने व्यापक हैं कि वह किसी भी भूमि के हिस्से को वक्फ संपत्तियों के रूप में नामित करने में सक्षम है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर विवाद होता है और असीमित अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप लगता रहता है। वक्फ अधिनियम, 1995 के अनुसार वह व्यक्ति जो मुस्लिम है वह अपनी संपत्ति वक्फ बोर्ड को दान दे सकता है। और बोर्ड उस संपत्ति को 'औकाफ' (दान की गई और वक्फ के रूप में अधिसूचित संपत्ति) को नियंत्रित करता है। यूपीए सरकार के तहत 2013 में किए गए संशोधनों ने वक्फ बोर्डों को अधिक व्यापक शक्तियां प्रदान की और तब से यह विवाद का कारण बन गया है।

## मैथन व पंचेत डैम से छोड़ा गया एक लाख क्यूसेक पानी

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** देश के कई राज्यों में कुछ समय से भारी बारिश हो रही है। पहाड़ी राज्यों में लगातार भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। जबकि मैदानी क्षेत्रों में लोगों का बाढ़ से जीवन बेहाल हो गया है। इस बीच झारखंड के धनबाद में गुरुवार से हो रही भारी बारिश के बाद मैथन और पंचेत डैम का जलस्तर भी बढ़ गया है। दोनों डैम के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए केंद्रीय जल आयोग और डीवीआरसीसी ने भारी मात्रा में पानी छोड़ा है। इसको लेकर आसपास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्रीय जल आयोग और डीवीआरसीसी ने स्थानीय प्रशासन को डैम से पानी छोड़े जाने की सूचना दे दी है। उन्होंने पंचेत और मैथन डैम से सटे इलाकों के लोगों से सावधानी बरतने की भी अपील की है।

पंचेत और मैथन डैम से पानी छोड़े जाने के बाद बंगाल के दुर्गापुर, वर्धमान, हुगली, हावड़ा



के लिए अलर्ट जारी किया गया है। केंद्रीय जल आयोग व दामोदर वैली रिजवायर रेगुलेटर कमेटी के निर्णय के बाद डैम से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पंचेत डैम का जलस्तर 406 से बढ़कर 412 फीट तक पहुंच गया है। वर्तमान में तेनुघाट से अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे डैम से सटे निचले इलाकों में जलभराव की समस्या होने लगी है। इस साल मानसून के दौरान पहली बार दोनों डैम से पानी छोड़ा गया है।

## ममता बनर्जी ने झारखंड सीएम को किया फोन, बाढ़ की स्थिति पर चर्चा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से तेनुघाट बांध से पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में आई 'बाढ़ की स्थिति' पर फोन पर बात की। सीएम ममता





बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया, अभी मैंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। मैंने उनके साथ तेनुघाट बांध से अचानक भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के मसले पर चर्चा की, जिससे बंगाल में बाढ़ आ गई है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि उन्होंने सीएम सोरेन को बताया कि झारखंड का पानी बंगाल में बाढ़ ला रहा है। उन्होंने दावा किया कि यह स्थिति मानव जनित है। उन्होंने सीएम सोरेन से इस मामले पर गौर करने की अपील की है। ममता बनर्जी ने कहा, मैं इस बीच स्थिति पर नजर रख रही हूं और दक्षिण बंगाल के साथ-साथ उत्तर बंगाल के सभी संबंधित जिलाधिकारियों से बात की है। मैंने जिलाधिकारियों से विशेष रूप से सतर्क रहने और अगले तीन-चार दिन में आपदा की स्थिति का उचित ध्यान रखने को कहा है। मैंने उनसे सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है ताकि कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो। **शेष पेज 11 पर**

## मुठभेड़ के बाद अधिवक्ता के 3 हत्यारोपी गिरफ्तार

» दो अपराधियों की गिरफ्तारी अनगड़ा के महेशपुर से जबकि एक की सिल्ली से हुई

» शनिवार देर रात वकील हत्याकांड के आरोपियों की पुख्ता सूचना मिली

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की शुक्रवार की सुबह चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय नेतृत्व में पुलिस की टीम ने इस घटना में शामिल अपराधी रोशन मुंडा और संदीप मुंडा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है जबकि संदीप कालिंदी मौके से भाग निकला जिसे बाद में सिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

संदीप मुंडा को दोनों अपराधियों को मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपी कृष्ण के हत्यारे की पहचान शुक्रवार को ही कर ली गई थी। पहचान होने के बाद एसआईटी की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच शनिवार की देर रात यह सूचना मिली कि वकील के हत्या में शामिल एक अपराधी रोशन मुंडा रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के महेशपुर में छुपा हुआ है। सूचना कंफर्म होते ही अनगड़ा थाना क्षेत्र के महेशपुर के पास स्थित बागान टोली के घर को पुलिस ने घेर लिया।

### बगानटोली में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़

अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में अनगड़ा के बगानटोली पहुंची थी तो अपराधियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायरिंग की। जिसके बाद अपराधी रोशन मुंडा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया उसके पैर में गोली लगी है, इसके बाद पुलिस ने उसके मददगार संदीप मुंडा को भी गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका सहयोगी संदीप कालिंदी नाम का अपराधी फायरिंग करते हुए भागने में सफल रहा, बाद में पुलिस ने उसे सिल्ली से गिरफ्तार किया।

### पिटाई के कारण की थी हत्या : रोशन

मुख्य आरोपी रोशन ने कहा कि अधिवक्ता ने घटना के दिन उसके साथ मारपीट की थी। उसने कहा कि अधिवक्ता पूजा करने के लिए मंदिर जा रहा था, इसी दौरान वह अधिवक्ता से टकरा गया। जिस वजह से अधिवक्ता का पूजा का सामान गिर गया, जिसके बाद अधिवक्ता ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। उसके आंख के सामने अंधेरा छा गया, इसी गुस्से में **शेष पेज 11 पर**

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 8292553444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### आज कल




### तीसरी सोमवारी आज



**रांची।** सावन की तीसरी सोमवारी (5 अगस्त) की तैयारी राजधानी सहित पूरे राज्य में कर ली गई है। देशभर में प्रसिद्ध बाबाधाम में भक्तों के उमड़ने वाले भारी भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। राजधानी के पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर महादेव मंदिर सहित कई मंदिरों में भव्य साज-सज्जा की गई है।

## सशस्त्र बलों में वित्तीय तालमेल के लिए सम्मेलन, सीडीएस होंगे शामिल

एजेंसी

**दिल्ली।** भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय सम्मेलन सोमवार को दिल्ली में होगा। सेना के तीनों अंगों के इस



सम्मेलन का उद्देश्य सशस्त्र बलों के वित्तीय मुद्दों में सामंजस्य और तालमेल बढ़ाना है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान यहां मानेकशॉ सेंटर में सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस महत्वपूर्ण बैठक में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा मंत्रालय (वित्त), रक्षा लेखा महानियंत्रक, एकीकृत वित्तीय सलाहकार सेवाएं, सरकारी ई-मार्केटप्लेस, सेवा मुख्यालय और भारतीय तटरक्षक मुख्यालय के वरिष्ठ भी अधिकारी भाग लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सशस्त्र बलों में एकीकरण पर चल रहे अभियान के लिए निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप, इस सम्मेलन का समन्वयन मुख्यालय आईडीएस कर रहा है। इसका उद्देश्य वित्तीय मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना और अधिक तालमेल बनाना है। सम्मेलन में विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण को समझने और रक्षा खरीद में आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के पहलुओं पर चर्चा होगी। वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) और महानिदेशक (अधिग्रहण) भी शीघ्र खरीद में अपने संगठनों की भूमिकाओं और कार्यों पर विशिष्ट वार्ता करेंगे।

## इंडिया — हमारी नासमझी से व्यापार बनता पेयजल कहीं संकट न बन जाए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




दो वर्षों से बरसात को तरसते झारखंड में दो दिन जम कर बारिश क्या हुई हर आम आदमी प्रभावित हो गया । नदी नालों के ऊपर घर या दुकान बनाने वालों पर सभी की वक्र दृष्टि लग गई पर जैसे ही मौसम सामान्य होगा हम सभी इसे भूल जाएंगे पर जो बात याद रखने की है वह है विश्व बैंक की चेतावनी जिसमें कहा गया है कि दो दशकों के बाद भारत में पानी को लेकर त्राहि मचने वाली है । झारखंड के बारे में कहा जाता है कि यहां रांची सहित अनेक क्षेत्रों में औसत से अधिक वर्षा होती है पर चंद घंटों में बहकर निकल जाती है क्योंकि अभी तक हमने इस महत्वपूर्ण प्राकृतिक जल का महत्व नहीं समझा और जलछाजन को अपनाने में हमें हिचक होती है जिससे भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता । कुछ दिनों के बाद पीने के पानी का रोना पूर्व की भांति फिर शुरू होगा । शुद्ध पेयजल आज के दिन अरबों का व्यवसाय बन चुका है । घरों में आनेवाले नल के पानी को पीने वाले लोग अब गिनती के बचे हैं । घर घर आरओ और क्या क्या लोग लगवा रहे हैं या जार का पानी पी रहे हैं। पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं । हमने अपने जल स्त्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है । ऐसे ही दुनिया में एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है। इस झील का नाम 'बैकाल झील' है। दुनिया में सबसे मीठे पानी वाली ये बैकाल झील रूस में मौजूद है। बैकाल झील पूरी दुनिया में सिर्फ मीठे पानी वाली झील ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे पुरानी और गहरी झील की पहचान से भी जानी जाती है। बैकाल लेक रुस के दक्षिणी साइबेरिया में स्थित है, जिसमें दुनिया का लगभग 20% मीठा पानी है। पानी की कमी की बात करते ही एक बात हमेशा सामने आती है कि दुनिया में कहीं भी पानी की कमी नहीं है। दुनिया के दो तिहाई हिस्से में तो पानी ही पानी भरा है तो भला कमी कैसे होगी। यहां ये जानना जरूरी है कि मानवीय जीवन जिस पानी से चलता है उसकी मात्रा पूरी दुनिया में पांच से दस फीसदी से ज्यादा नहीं है। नदियां सूख रही हैं। ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं। झीलें और तालाब लुप्त हो चुके हैं। कुएं, कुंड और बावडियों का रखरखाव नहीं होता। भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा है। हालत सचमुच चिंताजनक है-आखिर किस ओर बढ़ रहे हैं हम। पूरी दुनिया को आंकने वाले नासा के सेटेलाइट के आंकड़ें बताते हैं कि अब भी चेतो और पानी को बचा लो। झरने, दलदल, झीलें और गहरे पानी के जलभृत सभी ताजे पानी के स्त्रोत हैं जिनकी हमें जीवित रहने के लिए आवश्यकता है। ताजे पानी पर हम भरोसा करते हैं, वह जानवरों और पौधों की एक अद्भुत श्रृंखला के लिए भी आवश्यक है। कछुए, मछली, ड्रैगनफलीज़, मेंढक, क्रेफ़िश, ऑर्किड, ऊदबिलाव और अनगिनत अन्य जीव इस व्यवस्था के अंग हैं । आज भूजल निकाला जाता है और उसका उपयोग अनियमित रूप से किया जाता है तो आर्द्रभूमि नष्ट और ख़राब हो जाती हैं औद्योगिक शोषण जैसे जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण, कृषि, खनन , कटाई, चराई , फैक्ट्री फार्म और फार्मास्यूटिकल्स पानी की गुणवत्ता को बर्बाद कर देते हैं।इन खतरों का सामना करते हुए, और इस तथ्य से कि हमारे ग्रह का केवल 2.5 प्रतिशत पानी ताजा है (और उसमें से अधिकांश ग्लेशियरों में बंद है), इस जीवन देने वाले संसाधन की सुरक्षा अधिक जरूरी नहीं हो सकती है। जैयरे और कनाडा के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा पानी भारत में है। अभी भी समय है कि हम चेतें और अपने पानी के स्त्रोतों को अक्षय ही बनाए रखें। एक सदी पहले हम देशी तरीके से पानी का ज्यादा बेहतर संरक्षण करते थे। लेकिन नई जीवनशैली के नाम पर हम उन सब बातों को भूल गये। हम भूल गये कि कुछ ही दशक पहले तक हमारी नदियों में कल-कल करके शुद्ध जल बहता था। अब ऐसा नहीं रहा। तथाकथित विकास की दौड़ में शुद्ध पानी और इसके स्त्रोत प्रदूषित होते चले गये। अनियोजित और नासमझी से भरे विकास ने नदियों को प्रदूषित और विषाक्त कर दिया।

## निर्दलीय विधायक सरयू राय जदयू में शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय जदयू में शामिल हो गए हैं। दिल्ली में संजय झा ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने जदयू का दामन थाम लिया है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर सरयू राय ने बागी तेवर दिखाते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा और जमशेदपुर पूर्वी से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को मात दी थी। संजय झा ने कहा कि सरयू राय का जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनका पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है। सरयू राय के पार्टी में आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री सह जदयू के झारखंड प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, बिहार विधान पार्षद संजय गांधी और प्रदेश महासचिव मनीष कुमार मौजूद थे।




# बेड़ो व लापुंग में तीसरी सोमवारी मंदिरों में की गई व्यापक तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो और लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर एवं घघारी बाबा धाम सहित अन्य शिवालयों में तीसरी सोमवारी को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। लापुंग के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में घघारी धाम प्रबंधन समिति के तत्वाधान में श्रावणी की तीसरी सोमवारी को अरघा पद्धति से श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। इस निमित्त घाघरा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप, सचिव संजय महतो एवं कोषाध्यक्ष सेवक सिंह ने सभी पदाधिकारियों को श्रद्धालुओं के बेहतर दर्शन पूजन एवं शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्माण करने का निर्देश दिया है। घघारी बाबा धाम में रविवार को भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश पाठक, सीताराम पाठक तुलसीदास गोस्वामी, मार्केण्डेय दास गोस्वामी सहित अन्य पुजारियों ने बताया कि लापुंग के घघारी बाबा धाम में दर्शन पूजन के लिए खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा सहित रांची जिले के कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि तीसरी सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था यहां माथा टेककर देवघर के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। वहीं लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध बाबा वनखंडी धाम एवं गलगली बाबा धाम में भी तीसरी सोमवारी को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है।



## कई गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु कांवर यात्रा कर पैदल पहुंचे महादानी मंदिर

बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत स्थित फादिलमर्चा व पुरियो गांव से रविवार को शिवचर्चा समिति और ओम मां लक्ष्मी सहायता समिति सनातन संगठन के नेतृत्व में सैकड़ो माताएं बहनों के साथ में कावड़ यात्रा निकला गया। कावड़ यात्रा पुरियो फादिलमर्चा से निकालकर लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम पहुंची इस दौरान श्रद्धालुओं ने घघारी धाम में भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना करने के साथ ही जामुनी नदी से श्रद्धालुओं ने अपने कलश और कावड़ पर जल लेकर 11 किलोमीटर की कावड़ पदयात्रा कर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर पहुंचे। वही कावड़ पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे ओम मां सहायता समिति सनातन संगठन के मुकेश कुमार ने कहा कि गांव के हर घर में सनातन का जोत मजबूती के साथ जलाना है। इस कावड़ यात्रा में पुरियो पंचायत के विभिन्न गांव टोला के घर से सनातन शामिल हुए हैं। वहीं उन्होंने कहा कि आज हमें एक जुटता के साथ अपने सनातन धर्म की संस्कृति की रक्षा करनी है। इसके लिए हम अपने आने वाली पीढ़ी को शुरू से ही अपने धर्म संस्कृति की शिक्षा दें ताकि वे सनातनी रक्षा के लिए लड़ सके।

**बाबाधाम से लौटे भक्त**

बेड़ों के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में मुख्य पुजारी अशोक पंडा के नेतृत्व में से माथा टेककर रमेश प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार राय, रंजीत कुमार, कृष्णा सोनी के संयुक्त नेतृत्व में बाबा बैजनाथ धाम गए कांवरियों का जत्था वापस बेड़ो लौटा। उल्लेखनीय है कि वाणी कुमार राय, समाजसेवी नकुल राम महथा एवं राजेन्द्र रौनियार ने दल को रवाना किया था।

## संडे व पीएचडी ड्यूटी की मांग को ले सामूहिक अवकाश पर रहे कामगार

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत रोहिणी परियोजना के कामगारों ने पूर्व की भांति मजदूरों को सन्डे व पीएचडी ड्यूटी देने की मांग को लेकर रविवार को सामूहिक अवकाश कर लिया। कंपनी अपने जरूरत के अनुसार सीमित कामगार को संडे ड्यूटी दे रही है। रविवार को मात्र 69 कामगारो को ही संडे ड्यूटी मिलने पर नाराज मजदूर परियोजना के कामगार हाजरी घर के पास गए लेकिन किसी भी कामगार ने हाजरी नहीं बनाई। अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कामगारों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने से परियोजना का काम पूरी तरह बन्द रहा। प्रथम व द्वितीय पाली में किसी भी कामगार ने हाजरी नहीं बनाई। यहां तक कि



परियोजना में आपातकालीन सेवा वाले विभाग में भी कामगार ड्यूटी पर नहीं गए। परियोजना के हाजरी घर के समीप सभी विभागों के कामगार एकत्र हुए और सभी कामगारो को सन्डे और पीएचडी देने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी किए। प्रबंधन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि एव कामगारो ने एक स्वर में कहा कि जब तक सभी कामगारों को सन्डे पीएचडी नहीं मिलता है तबतक सभी कामगार हर रविवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

**लगातार हो रही बारिश का दौर थमा**

## भारी बारिश की चपेट में सात घर हुए ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

अंततः रविवार को दोपहर होते-होते मौसम साफ हो गया। लगातार हो रही बारिश थम गई। लेकिन बारिश ने जहां धान की रोपनी को लेकर राहत पहुंचाया। वहीं तबाही के निशान भी अपने पीछे छोड़ गया। बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत में सेमरा निवासी गरीब आदिवासी बुधराम उरांव, पुरियो के सलगी टोप्पो, सुषमा देवी के कच्चे मकान लगातार हो रही बारिश की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया। वहीं बेड़ो प्रखंड अन्तर्गत बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत में लगातार हो रही अतिवृष्टि में कई कच्चे मकान गिर रहे हैं और कई गिरने के कगार पर हैं। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया नीरज कुजूर पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस देते हुए अंचलाधिकारी



से बात कर वस्तुस्थिति की जानकारी देते हुए प्राकृतिक आपदा राहत कोष से उचित मुआवजा देने की मांग की। बेड़ों प्रखंड के नेहालु पंचायत में लगातार बीते तीन दिनों से हो रही बारिश से रोगाडीह पतरा टोली के करमचन्द कुजूर का घर गिर गया। मुखिया वीरेन्द्र भगत ने घटनास्थल पर पहुंच कर क्षति का जायजा लिया और उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। बेड़ो प्रखंड अंतर्गत कराँजी पंचायत के विभिन्न गांवों में भारी बारिश में लोगों का घर मकान गिर गया जिनमें करांजी गांव निवासी सुरेश उरांव, पिता शिबी उरांव का घर भी शामिल है। वहीं दूसरी ओर भारी बारिश में बेड़ो प्रखण्ड अंतर्गत चचकोपी पंचायत के विभिन्न जगहों में लोगों का घर मकान गिरने की सूचना मिली जिसमें चचकपी गांव निवासी जेयारत मलिक पिता शेख करीम का घर भी शामिल हैं।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा के सिल्ली प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में विकास योजनाओं का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जीप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी तथा सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से किया। लोटा गांव मे गाढ़ापार मे 220 फिट का पीसीसी पथ का शिलान्यास, ग्राम पलाशडीह के टांडघर मे 300 फिट पीसीसी पथ का शिलान्यास, ग्राम गोड़ाडीह ऊपर टोला जुमला रोड मे 400 फिट पीसीसी पथ का शिलान्यास, लोटा पंचायत के हरवाडीह मे 150 फिट पेभर ब्लॉक का शिलान्यास किया। मौके पर पुर्व मुखिया डबलु महली, त्रिलोचन महतो, सुभाष महतो, शिवशंकर प्रसाद, मंजू देवी, अंगद महतो, हुकुम नाथ महतो, सूनिल गोस्वामी, भगवान दास महतो, मंटु महतो, करन महतो, कविता देवी, ऋषिकेश महतो, चड़कु महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों का दुख साझा किया

**चान्हो।** प्रखंड के कंजगी में हाथियों का एक बड़ा झुंड ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर घरों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस घटना से प्रभावित परिवारों में डर का माहौल बना हुआ है। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनके दुःख को साझा किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर घर एवं फसलों के नुकसान का जायजा लिया और राहत कार्यों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. भगत ने सरकार और संबंधित विभागों से त्वरित सहायता की मांग की है। उन्होंने सुरक्षा और राहत कार्यों एवं हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिए तत्कालिन सहायता के तौर पर तीन ड्रैगन टॉर्च का वितरण किया। साथ ही इन्होंने स्थानीय प्रशासन से वार्ता कर तत्काल कदम उठाने की अपील की। इन्होंने वन विभाग से आए हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया की यथाशीघ्र विभाग के वरीय पदाधिकारीयों को सूचित करते हुए सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था करने की कारवाई की जाए। मौके पर अनिल गोप, सुरेंद्र महतो, बिनोद उरांव, धामा महतो, मानसिंह महतो, सुखदेव महतो, लाखू महतो, जलेश्वर महतो, एतवा उरांव, शंकर महतो, लक्ष्मण तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली में अमीन सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन


**सिल्ली।** रविवार को सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान हजारीबाग झारखंड द्वारा 60 दिनों का भू - मापक अमीन सर्वे का प्रशिक्षण उप केंद्र सिल्ली में दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 35 अभियार्थी ने भाग लिया। इस भू - मापक अमीन प्रशिक्षण में जगत पाल महतो, अमुल्य रतन बेदिया, कार्तिक चन्द्र महतो, आलोक मंडल,मेघनाथ सिंह मुंडा, महादेव चौधरी, जितेंद्र प्रसाद महतो, बिमल घटवार, नरेश महतो, रहीना महतो, देव कुमार महतो, रतनसिंह, संजीव कुमार महतो, विशाल नायक, प्रदीप कुमार महतो, कुलदीप कुमार महतो, इत्यादि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षक गोविंद मंडल द्वारा भू - मापक अमीन सर्वे प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जन सहायता शिविर में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

रविवार को रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के निर्देश पर अनगड़ा प्रखण्ड के महुवाढीपा, जोन्हा में जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के पंचायतों से बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा करने आये। जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने जन सहायता शिविर के आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में पिछले साढ़े चार वर्षो से में राज्य सरकार द्वारा जनहित में सभी वर्गों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों का अपेक्षित प्रचार-प्रसार नहीं हो पाने के कारण जनता को इनका पुरा-पुरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। गठबंधन सरकार का प्रमुख सहयोगी दल होने के कारण ये हमारी जिम्मेदारी है की हमारी पार्टी जनता और सरकार बीच सेतु का काम करे। रांची जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा पूरे जिला के विभिन्न प्रखण्डों में आयोजित यह चौथा सहायता शिविर है इसके पूर्व सिल्ली, सोनाहातु एवं राहे के शिविरों में जनता से प्राप्त जनसमर्थन से कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने बताया कि आज के सहायता शिविर में स्थानीय जनता से विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु एवं सरकार की जन कल्यांकारी योजनाओं से संबंधित कुल 2886 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।



# सृष्टि बनीं मिस सावन क्वीन, श्वेता गुप्ता को मिसेज सावन क्वीन का खिताब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मिस एंड मिसेज सावन क्वीन 2024 प्रतियोगिता के ग्रांड फिनाले का आयोजन रांची में रविवार को डब्ल्यूएएमएस इवेंट कंपनी ने किया। इसमें सृष्टि सुहानी को मिस सावन क्वीन और श्वेता गुप्ता को मिसेज सावन क्वीन के खिताब से नवाजा गया।

मिस सावन क्वीन प्रतियोगिता में कुमारी श्रेया फर्स्ट रनर अप, बबली राय को सेकेंड रनर अप, दिपन्निता दीगार को थर्ड रनर अप और प्रिंसी प्रियंका और प्रीति कुंदा को फोर्थ रनरअप घोषित किया गया। मिसेज सावन क्वीन प्रतियोगिता में पूजा थापा को फर्स्ट रनर अप एवं दिव्या सिंह को सेकेंड रनर अप के खिताब से नवाजा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साबिर हुसैन, अरशद उबैद, राजेंद्र किशन, अंकित सिंह, राज रंजन आदि थे। इस कार्यक्रम की प्रायोजक कविता वर्मा, नाजिया, अंकिता शेखर थीं। कार्यक्रम का संचालन काजल सिंह ने किया। रैंप पर इंडियन ट्रेडिशनल ड्रेसेस में मॉडलों ने कांफिडेंट वॉक किया।



निर्देशक वसीम आलम ने बताया कि झारखंड के हर शहरों से चुने गए 30 कैंडिडेट ने इस ग्रांड फिनाले में भाग लिया है। ज्यूरी में साधना कुमार, सुतापा नंदी, डेजी सिन्हा शामिल थीं। प्रतियोगिता में कुल तीन राउंड थे।

प्रतियोगिता के सभी फाइनलिस्ट को कंपनी की तरफ ट्रॉफी, क्राउन सर्टिफिकेट, गिफ्ट हैंपर दिया गया। अन्य सभी प्रतियोगी को शैश क्राउन और सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर प्रिया कागरा, अदिति सिंह, साजन कुमार, संदीपिका रॉय, आशु त्यागी, प्रीति आदि उपस्थित थीं।

## श्रावणी अमावस्या पर्व मनाया गया

**रांची।** पक्षान्त-तिथियां दो होती है पूर्णिमा तथा अमावस्या। दोनों के देवता पृथक-पुथक होते हैं, किन्तु सभी देवताओं के स्वामी भगवान श्रीमन्नारायण है। भगवान श्रीमन्नारायण की पूजा-अर्चना से सब देवी-देवताओं की पूजा पूर्ण हो जाते हैं। अस्तु सर्वदेव, पितृस्वामी भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की विशेष विधि से आराधना की गई। ज्ञात हो कि रविवार को श्रावण कृष्ण अमावस्या, स्नान, दान की अमावस्या तथा दक्षिण भारत के आड़ि अमावस्या की शुभ तिथि एवं मन्वादि तिथि के अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली में श्रुति सम्मत मंत्रों के साथ द्रविड़ (तमिल) वेद के मंत्रों से बारी-बारी पूजा-अर्चना और तिरु-आराधना की गई। श्रीभगवान को गुड़ान्न महाप्रसाद का भोग लगा। फिर नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर की बाती से क्रमबद्ध महाआरती हुई। मंत्रपुष्प, पल्लाण्डु , शातुमोरा और देशिक स्तोत्राणि से स्तुति की गई। श्रावणमास की अमावस्या तिथि में पितृश्राद्ध, दान, होम और श्रीहरि वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना आदि कार्य अक्षय होते है। इन्हीं भावों को हृदय में समेटे भक्तों ने कुपन प्राप्त कर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) की अर्चना कराकर पितरों की तृप्ति का कामना किया। अर्चकः सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के आयोजित अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया।

# अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर होगी झारखंड पुलिसिंग : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में सुरक्षित माहौल के लिए पुलिस प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है। अपराध और अपराधी पर किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। अपराधियों पर सख्ती के लिए पूरे राज्य में अभियान शुरू किया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता में है। महिला थाना को भी निर्देशित किया गया है कि शहर के स्कूल, कॉलेजों में जाकर छात्राओं से संपर्क करें, उनसे ग्राउंड रियलिटी का पता लगायें और छेडखानी जैसी घटनाओं पर पूरी सख्ती बरतें। चैंबर भी बताये कि शहर में ऐसे कौन कौन स्थान हैं जहां अड्डेबाजी, छेडखानी या अवैध कारोबार हो रहे हैं। एसएसपी इसपर त्वरित कार्रवाई करें। उक्त बातें फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चैंबर भवन में आयोजित बैठक में डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता ने कही। बैठक का संचालन करते हुए चैंबर के पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने क्राइम कंट्रोल के लिए थाना स्तर पर प्रत्येक माह पुलिस व्यवसायी बैठक के आयोजन की बात कही। साथ ही उन्होंने घटनाओं के उद्भेदन में पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने प्रदेश में भयमुक्त माहौल के लिए ठोस कार्रवाई की आवश्यकता बताई। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर डीजीपी ने कहा कि होटल्स की दैनिक रिपोर्ट देने के लिए अब थानों में जाने की जरूरत नहीं पडेगी। होटल संचालक ऑनलाइन रिपोर्ट जमा कर सकते हैं। यह व्यवस्था जल्द ही शुरू की जायेगी। यातायात की निगरानी के साथ ही क्राइम कंट्रोल के लिए प्रवक्ता विकास विजयवर्गीय ने शहर के सभी चौक चौराहो पर अधिष्ठापित ट्रॉफिक लाइट के कैमरा को दुरूस्त करने की बात कही। पूर्व अध्यक्ष धीरज तनेजा ने कहा कि साइबर क्राइम के प्रति लोगों में जागरूकता की भारी कमी है। डिजिटल फ्रॉड होने पर लोगों को यह भी पता नहीं होता कि उन्हें शिकायत कहां करनी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि चैंबर की सुविधानुसार प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कराया जायेगा। मौके पर ही क्रेडाई, डेली मार्केट दुकानदार संघ के पदाधिकारियों ने डीजीपी का अभिनंदन किया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड, साहित्य पवन, संजय अखौरी, नवजोत अलंग, डॉ0 अभिषेक रामाधीन, विकास विजयवर्गीय, अनिल अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, ललित केडिया समेत सैकडों व्यापारी व उद्यमी उपस्थित थे।




### चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने व्यवस्था पर डीजीपी को ज्ञापन सौंपा

चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने प्रदेश की विधि व्यवस्था से जुडी समस्याओं पर डीजीपी को एक ज्ञापन भी सौंपा। यह भी कहा विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला को देखते हुए देवघर जिले में 12000 से अधिक पुलिस बलों की तैनाती की गई है किंतु प्रॉपर ब्रीफिंग की कमी के कारण उनकी सक्रियता देखने को नहीं मिल रही है। इसी प्रकार गुमला जिले के पूर्वी क्षेत्र में एक अतिरिक्त थाना का निर्माण करने, गिरिडीह ट्रॉफिक थाना में पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित ट्रॉफिक पुलिस की पदस्थापना करने, भू-माफियाओं की सक्रियता पर अंकुश लगाने, साहेबगंज में रिवर थाना का निर्माण करने, साइबर क्राइम के मामलों के निपटारे हेतु अतिरिक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति करने, बडे क्षेत्र वाले थानों को चिन्हित कर वहां टीओपी का सृजन करने, टाइगर मोबाइल को टीओपी लेवल तक सक्रिय करने की बात भी कही, जिसपर डीजीपी ने उचित विचार के लिए आश्वस्त किया।

### डीजीपी ने एसएसपी को पार्किंग व्यवस्था का रिव्यू करने के लिए कहा

दुकानदारों के आग्रह पर डेली मार्केट थाना के पास आम पब्लिक के लिए पार्किंग की उपलब्धता के लिए डीजीपी ने एसएसपी को इसका रिव्यू करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि एसएसपी एक ग्रुप का गठन कर, उसमें चैम्बर, आर्किटेक्ट और शहर की ट्रॉफिक व्यवस्था के जानकार लोगों को शामिल करें, उनके साथ बैठक करके, रांची के ट्रॉफिक व्यवस्था के हर प्वाइंट की समीक्षा कर, अपनी रिपोर्ट सौंपें। शहर हमारा है, हम सभी मिलकर अपने शहर की व्यवस्था को ठीक करेंगे। एसएसपी चंदन सिन्हा ने आगामी तीन दिनों के अंदर ही इस हेतु बैठक के लिए आश्वस्त किया। शहर में मॉल्स के सामने निगम के पार्किंग स्थल को फूड स्ट्रीट का रूप लेने की बात पर डीजीपी ने कहा कि पार्किंग स्पेस पर फूड स्ट्रीट बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी जगहों का निरीक्षण कर, व्यवस्था को सुव्यवस्थित करायें।

# हार्ट अटैक से होती है प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों की मौत : डॉ वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में बुनियादी जीवन रक्षक तकनीक पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बीएयू के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। साथ ही, हर साल 10 लाख मौतें कार्डियक अरेस्ट से होती है। डॉ वर्मा ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट में जब कोई अचानक बेहोश हो जाए, तो 3 से 10 मिनट का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसी स्थिति में मरीज कुछ बोल नहीं पा रहा हो, तो तुरंत 911 नंबर पर या डॉक्टर, हॉस्पिटल, मित्र, मेडिकल इमरजेंसी से संपर्क करें। मरीज को तुरंत कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दें। मरीज का कॉलर, बेल्ट और कपड़ा ढीला कर बायीं ओर छाती के नीचे अपने बाएं हाथ के ऊपर दाहिना हाथ रखकर 30 बार पंप करें। उसके बाद अपने मुंह में हवा भरकर दो बार मरीज के मुंह में ब्लो करें। यह क्रिया तीन बार दुहराएं।



*बीएयू में बुनियादी जीवन रक्षक तकनीक पर कार्यशाला का हुआ आयोजन*

डॉ वर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति घर, परिवार, मोहल्ला, संस्थान और समाज के लिए महत्वपूर्ण होता है। ऐसे प्रयासों से एक तिहाई लोगों को मौत से बचाया जा सकता है। सादा, संतुलित और पौष्टिक आहार लेकर, अल्कोहल और ओवरइटिंग से बचकर तथा सुविचार, अच्छी नींद व सकारात्मक सोच के साथ बहुत से रोगों की आशंका न्यूनतम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि योग, व्यायाम, प्राणायाम, वॉक दैनिक रूटीन का अंग होना चाहिए। कुलपति डॉ एससी दुबे ने विद्यार्थियों से कहा कि वे आपस में बेहतर ढंग से जुड़े रहें, अपने विचार-रुचि के अनुसार अच्छे मित्र बनाएं और परिवार, मित्रों से अपना सुख-दुख, हेल्थ इश्यू, तनाव शेयर करते रहें। इससे कई रोगों से बचा जा सकता है। मौके पर कई शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासा रखी, जिसका समुचित समाधान किया गया।

## वुडबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रांची।** रविवार को रांची जिला वुडबॉल संघ एवं एसएस क्रिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय एसएस क्रिएशन वुडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 30 बालक बालिका वुडबॉल खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर मुख्य अथिति के रूप में एसएस क्रिएशन के निदेशक बंटी श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, रोहित शाहदेव, दीप्ति शाहदेव एव अयांश शाहादेव ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा,रांची जिला वुडबॉल संघ के सचिव सह रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जय श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता का परिणाम**

बालक वर्ग में प्रथमः सरवर अंसारी, द्वितीयः अंकित कुजूर व तृतीयः आशुतोष कुमार रहे।

# कांवर यात्रा निकाली गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को पवित्र मास श्रावण में गंगा यात्री पीयूष पाठक के नेतृत्व में जोहर स्वर्ण रेखा नमामि स्वर्णरेखा के तहत कांवर यात्रा निकाली गई। कांवर यात्रा का मुख्य उद्देश्य -स्वर्ण रेखा नदी के स्वच्छता व निर्मलता एवं इसके उद्गम स्थान के गौरवपूर्ण इतिहास को जन-जन के प्रति जागृति करना। कांवर यात्री पीयूष पाठक के नेतृत्व में स्वर्ण रेखा नदी के उद्गम स्थल नगरी के रानी चुआँ से 21 किलोमीटर की दूरी तय करते नाचते, गाते, झुमते एवं जल स्त्रोतों को बचाने का नारा लगाते हुए पहाड़ी मंदिर में भोले बाबा अभिषेक किया। यात्रा में साहु नर्सरी के सुरेश साहु एवं कटहल मोड़ में प्रमोद शाहदेव ने कांवरियों का स्वागत किये एवं जल और फल ग्रहण करवाये। यात्रियों के स्वास्थ्य रक्षा के लिए हार्ट केयर सेंटर ने एंबुलेंस उपलब्ध कराया था। इस यात्रा में मुख्य रूप से जोहार पार्टी के विजय कुशवाहा, मानवाधिकार के अध्यक्ष सिद्धार्थ, रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला, आयुष पाठक, हर्ष तिर्की, कमल मिश्र, कैलाश केशरी , रोटी बैक के विजय पाठक, सुनीता देवी एवं अन्य कई गण्यमान्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक तपेश्वर केशरी का मार्ग दर्शन मिला।

## न्यूज बॉक्स

### पीसीआर पुलिसकर्मियों के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रांची ।** रांची पुलिस लाइन में रविवार को पीसीआर वैन के पुलिसकर्मियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पीसीआर वैन के पुलिसकर्मियों को किसी घटना की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने और सही तरीके से वर्दी पहनने को लेकर जानकारी दी गई। इसके अलावा, पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग के पदाधिकारी, सिपाही और चालक को 112 के कॉल में रिस्पांस टाइम को कम करने, टैब को सही तरीके से चलाने और पेट्रोलिंग करने को लेकर ब्रीफिंग की गई। इस दौरान सभी पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### अपराधी चिंटू गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**रांची।** रांची पुलिस ने नियमित छापामारी अभियान के तहत टाटीसिलवे थाना क्षेत्र का रहने वाला अपराधी चिंटू बड़ाईक उर्फ संदीप उर्फ छर्रा को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उसके उपर टाटीसिलवे नामकुम, बुंडू थाना में 11 मामला दर्ज है। अपराधी चिंटू पर सीसीए धारा के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत 23 मई 2023 से 22अगस्त 2024 तक रांची जिला से निर्वासित कर दिया गया था। चिंटू उक्त आदेश की अवहेलना करते हुए अपने घर बड़का टोली, आरा गेट, थाना टाटीसिलवे में रह रहा था। पुलिस के लिए उसकी गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने किया पौधरोपण



**रांची।** पौधरोपण और चल रहे मानसून के लाभों को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने नीम, पीपल और बरगद के पेड़ जैसे पेड़ लगाए, जो त्रिवेणी वृक्ष के रूप में लोकप्रिय हैं। इस अभियान का रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने मार्गदर्शन किया। डुंगरी गांव, रांची में त्रिवेणी पौधों का रोपण किया गया। इस कार्य में ग्राम पंचायत प्रधान और आशा होम, रांची के सदस्यों ने मदद की। इस अवसर पर, ग्राम प्रधान ने सभी महिला क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया। एक अन्य पहल के तहत स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब और आशा होम के सहयोग से एनटीपीसी सीएसआर के तहत सफल कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षुओं को सिलाई और सिलाई कक्षाओं के दूसरे बैच में समापन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### 12 वारंटी गिरफ्तार

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार सरायकेला- खरसावां जिला में समकालीन अभियान चलाया गया। इसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से सम्पतिमूलक कांडों एवं आर्म्स एक्ट के कांडो में कुल 12 वारंटी / वांछित अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आदित्यपुर थाना से रवि गोप उर्फ लुकरू,गोपाल दास उर्फ चौड़ा, बागुन तियु, संतोष कुमार राय, समीर गोराई, विलियम कुमार कर, अमन खान उर्फ लड्डु शामिल हैं। कपाली ओपी से बाबू कच्छप, मो. अख्तर, जाहिद अंसारी उर्फ गोल्डेन।आरआईटी थाना से मरियल मछुआ व राजनगर थाना से गोवर्धन महतो को गिरफ्तार किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की कार्यवाही पुस्तिका का विमोचन



**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस 2023 के कार्यवाही पुस्तिका का विमोचन किया गय। ज्ञात हो कि मारवाडी महाविद्यालय में वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस आईआईसीईएसटी पीएम 2023 का आयोजन किया गया था। इसमें चयनित उन्नतीस प्रतिभागियों के पेपर के पूर्ण लंबाई का स्क्रीनिंग किया गया। इसके बाद फूल लेंग्थ पेपर के हार्ड कॉपी के रूप में आई एस बी एन नंबर के साथ कार्यवाही पुस्तिका तैयार किया गया। आई एस बी एन नंबर युक्त पुस्तिका में लेख छपने से प्रतिभागियों को कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत प्रोन्नति में लाभ मिलेगा। पुस्तिका को अंतिम स्वरूप देने में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार एवं व्यवस्थापक सचिव सह वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पुस्तिका की एक प्रति शनिवार को माननीय कुलपति राँची विश्वविद्यालय राँची डॉ अजित कुमार सिन्हा को प्राचार्य मारवाड़ी महाविद्यालय राँची, डॉ मनोज कुमार द्वारा भेट की गई। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों के बीच भी हार्ड कॉपी का वितरण किया जा रहा है। पिछले वर्ष की तरह, इस वर्ष भी महाविद्यालय में एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन होना तय हुआ है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए वार्डों में कैंप शुरू

# प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से भी भरा जा सकता है आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अन्तर्गत 21 वर्ष से 50 वर्ष की अहर्त्ताधारी महिलाओं को लाभ देने का काम चल रहा है। इसे लेकर जिले के सभी पंचायतों में एवं शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में कैम्प आयोजित की गई है। यह कैंप 10 अगस्त तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगातार कार्य करेगी। इसके बाद भी प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से भी आवेदन भरा जा सकता है। सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि आयोजित कैम्प में आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात सहित आवेदन जमा कर सकते हैं।

इस योजना के लिए संबंधित क्षेत्र के आंगनबाडी सेविका संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शहरी क्षेत्र के वार्ड पार्षद इसके अतिरिक्त विभाग के वेवसाईट एवं जिला के वेवसाईट पर आवेदन पत्र अपलोड है जहाँ से आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही आवेदन पत्र का




छायाप्रति भी मान्य है। उक्त योजना अन्तर्गत आवेदन एवं ऑनलाईन इन्ट्री के प्रक्रिया बिलकुल फ्री संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शहरी क्षेत्र के वार्ड पार्षद इसके अतिरिक्त विभाग

| जिला समाज कल्याण कार्यालय |
| --- |
| 8989970456 |
| 9304808050 |
| सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कार्यालय |
| 8340698871 |
| 7970704662 |

के वेवसाईट एवं जिला के वेवसाईट पर आवेदन पत्र अपलोड है जहाँ से आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही आवेदन पत्र का छायाप्रति भी मान्य है। उक्त योजना अन्तर्गत आवेदन एवं ऑनलाईन इन्ट्री के प्रक्रिया बिलकुल निःशुल्क है। उक्त योजना के लाभ हेतु किसी भी स्तर से अवैध राशि की मांग करने की स्थिति में निम्न दूरभाष पर शिकायत किया जा सकता है। जिसके लिए शिकायतकर्ता का पहचान गुप्त रखा जाएगा।

## श्रावण महीने में सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन

**रांची।** माहेश्वरी महिला समिति रांची द्वारा श्रावण महीने में सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। हरमू श्याम मंदिर प्रांगण में रांची के आचार्य अनूप दधीचि के सानिध्य में 21 जोड़ों के साथ पूजा प्रारम्भ किया किया गया। सभी यजमान ने परिवार के साथ श्रद्धा भक्ति से गंगा माटी से बनी पार्थिव शिवलिंग की पूर्ण पूजा की। शिव मंत्र, भजन एवं शिव श्रृंगार के साथ महाअभिषेक संपन्न हुआ। आचार्य जी द्वारा शिव मंत्र, भजनों की गूंज से सारा परिसर भक्तिमय हो गया एवं शिव श्रृंगार के साथ महाअभिषेक संपन्न हुआ। आये हुए सभी सदस्य का प्रसाद की तैयारी मंदिर परिसर में ही किया गया। सभा के पूर्व अध्यक्ष जुगल मारू सपरिवार मुख्य यजमान के तोर पे अभिषेक में बैठे।

# 'सीओ हाजिर हों' अभियान से अंचल कार्यालयों में खत्म होगा भ्रष्टाचार : अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जय झारखंड अभियान द्वारा लीडर्स मीट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्य के अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और आम नागरिकों के कानूनी अधिकार के मुद्दे पर मुख्य रूप से चर्चा किया गया। आयोजकों ने बताया कि राज्य के अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार से राज्य का प्रत्येक परिवार किसी न किसी रूप से प्रभावित है और अपने वाजिब काम कराने के लिए भी दलाल अथवा बिचौलिया के पास जाने को मजबूर हैं। अंचल अधिकारियों की मिलीभगत से खतियान के जल, जंगल और जमीन गायब हो रहे। जाली दस्तावेजों और फर्जीवाड़ा का सहारा लेकर सरकारी जमीन का कागज भी जमीन माफिया के नाम पर बनाये जा रहे हैं।



ऑनलाइन खतियान में प्लॉट शून्य हो जा रहे हैं। आम नागरिक जीवन भर की बचत से घर बनाने के लिए थोड़ी सी जमीन खरीदता है लेकिन दाखिल खारिज कराने में उनके पसीने छूट जाते हैं। युवाओं के जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र और आय प्रमाण-पत्र समय पर नहीं बनाते हैं, परिणाम स्वरूप कई युवकों को नौकरी पाने से वंचित रहना पड़ रहा है। अंचल अधिकारी और आम नागरिक के सीधे संवाद के रास्ते बंद हैं और इसी बंद रास्ते को खोलने के लिए संगठन द्वारा राज्यव्यापी कार्यक्रम सीओ हाजिर हो अभियान चलाएगा। कांके के जाने माने वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्ता सह समाजसेवी सरफराज अंसारी ने बताया कि सरकारी आदेश के अनुसार अंचल अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में प्रति वर्ष 120 दिन राजस्व ग्रामों का दौरा करना है और बैठकों के दौरान आए मामलों को विलेज नोट बुक में दर्ज किए जाने का प्रावधान है। नियम के अनुसार जिले के उपायुक्त, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप-समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारियों को अंचल कार्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण करना है।

# जयराम महतो से आजसू को कोई खतरा नहीं : डॉ लंबोदर

सरकारी अधिकारी से गोमिया से आजसू पार्टी के विधायक बने डॉ लंबोदर महतो पार्टी के सचेतक हैं। झारखंड विधानसभा में कार्यस्थगन के बीच बिना किसी तैयारी के मृदुभाषी **डॉ लंबोदर महतो से राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील बादल ने अनौपचारिक बातचीत की**। एनडीए के साथ गठबंधन होगा या नहीं के जवाब में कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव की गलतियों से सीख लेंगे और यह हमारा स्वाभाविक गठबंधन है, क्योंकि जमीनी पकड़ हमारी भी है और उनकी (भाजपा) की भी और इस बार जबर्दस्त जीत होगी।

**प्रश्न : लोकसभा चुनाव में वोटों से सभी को चौंकाने वाले टाइगर जयराम महतो को इस विधानसभा चुनाव में आप कैसे लेते है?**

**उत्तर :** लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मुद्दे अलग हैं । विधानसभा का चुनाव अलग होता है। चुनाव और आंदोलन अलग होते हैं । आंदोलन में हर संगठन और पार्टी के लोग शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव में एक उम्मीदवार के साथ सभी पार्टी और संगठन खड़े नहीं होते। सभी दलों के अपने उम्मीदवार होते हैं । हमारी पार्टी जमीनी स्तर पर काम कर रही है और हमारा संगठन भी जमीनी स्तर तक है। हम भी उसी मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे हैं । आजसू पार्टी शुरू से जल, जंगल, जमीन, संस्कृति, ओबीसी आरक्षण, नियोजन नीति, 1932 आधारित खतियान नीति, जातीय जनगणना जैसे अनेक मुद्दे हैं।

**प्रश्न : इस विधानसभा चुनाव में आजसू को गठबंधन कितनी सीटें देगा ?**

**उत्तर :** ये ऊपर का मामला है। इसके लिए शीर्ष स्तर पर विचार किया जाएगा। जो सीट हमलोग( आजसू) जीते हैं या दूसरे स्थान पर रहे हैं वे आजसू को दें । जिन सीटों पर बीजेपी जीती है या दूसरे स्थान पर रही है, उस पर बीजेपी चुनाव लड़े। हमलोग एनडीए गठबंधन में ही चुनाव लड़ेगें।

**प्रश्न : आप गोमिया विधानसभा के पहले विधायक हैं जो राज्य सरकार की सेवा में अधिकारी भी रह चुके हैं । इससे से आप को राजनीति में क्या सहायता मिलती है?**

**उत्तर :** झारखंड में आज सर्वजन पेशन योजना जो लाई गई है। उसे मैंने ही सदन में प्रश्न के तौर पर उठाया था। जिसका समर्थन विधायक प्रदीप यादव ने किया था। आज वो प्रश्न झारखंड में योजना बन के आ गया है।

**प्रश्न : कोयला खत्म हो जाएगा तब गोमिया के लोग क्या करेंगे? रोजगार के लिए आप गोमिया में क्या अलग कर रहे है ?**

**उत्तर :** उच्च पथ 23 (320) में रायपुर धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर के अंतर्गत जैनामोड़ से गोला (वाया कसमार, पेटरवार) फोर लेन सड़क निर्माण। भारतमाला परियोजना के पैकेज नंबर 13 में लेपो से जरीडीह के कमलापुर तक सड़क निर्माण, झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण (साज) के अधीन बरलंगा से कसमार तक बनने वाली सड़क।एमएमजीएसवाई के तहत गोमिया विधानसभा क्षेत्र में 33 सड़कों का निर्माण कार्य. पीएमजीएसवाई के तहत 13 पुलों का निर्माण, विधानसभा क्षेत्र की 14 सड़कों की मरम्मती कार्य पेटरवार-कसमार ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना, फेज-1, पेटरवार प्रखंड के 29 व कसमार प्रखंड के 10 गांवों में तेनुघाट डैम से पाइपलाइन से घर-घर पेयजलापूर्ति, पेटरवार-कसमार ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना, फेज-2, कसमार व पेटरवार प्रखंड के सभी शेष 57 गांवों में तेनुपाट डैम से घर-घर पेयजलापूर्ति झिरकी, लालपनिया, तेनुघाट दायांटाड, तेनुघाट बायर्या , कथारा, खम्हरा, होसिर, कंडेर, चतरोचट्टी, स्वांग, सियारी, पचमो, घरवाटांड़, चवैया, बड़कीपुनु, जरकुंडा, पेटरवार, टिकाहारा, गोमिया समेत 19 ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजनाओं पर कार्य, विधानसभा क्षेत्र में आठ लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, विधानसभा क्षेत्र की सभी 63 पंचायतों में 15-15 नये चापाकल, गोमिया विधानसभा के कसमार, पेटरवार व गोमिया प्रखंड में 14 पुल-पुलियों का निर्माण, गोमिया विधानसभा के कसमार, पेटरवार व गोमिया प्रखंड में ब्लॉक क्वार्टर का निर्माण जैसे कार्य मेरे प्रयास से हुए हैं । गोनिया में डिग्री कॉलेज का उदघाटन कराकर पढ़ाई प्रारंभ कराया तया पेटरवार व कसमार प्रखंड में भी डिग्री कॉलेज स्थापित करने की मांग भी सदन में रखी गयी है। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति व उद्योग नीति के अलावा ओबीसी आरक्षण, ओल्ड पेंशन स्कीम, जातीय जनगणना के लिए विधानसभा के अंदर व बाहर तया अन्य उचित प्लेटफार्म पर लगातार आवाज उठायी।



**प्रश्न : आप अन्य नेताओं से क्या अलग किया है, जो उलेखनीय है?**

**उत्तर :** ललपनिया, साइम व खुदीबेड़ा में पावर सबस्टेशन का निर्माण तथा बगियारी सवस्टेशन में 10 एमवीए का पावर ट्रासंफार्मर उपलब्ध और गोमिया में पावर ग्रिड निर्माण की स्वीकृति. गोमिया में लगभग 58 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की स्वीकृति. बोकारो गोमिया रेल खंड में गंझुहीह, स्वांग, हजारी व सियारी में अंडरपास (भूमिगत मार्ग) का निर्माण कार्य पूर्ण करने में प्रयास किया। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से 25 खेल मैदान का निर्माण करवाया।डीएमएफटी से पीसीसी व नाली निर्माण की सात योजनाओं पर काम करवाया। डीएमएफटी से आंगनबाड़ी केंद्र भवन, मार्केट काम्प्लेक्स, विद्यालय की चहारदीवारी, शौचालय निर्माण करवाया। केंद्रीय विशेष सहायता योजना (एससीए) से पुल, पुलिया, पीसीसी, कलमट आदि निर्माण, तेगु चौक पेटरवार से गोमिया तक पथ सुद्दीकरण की स्वीकृति करवायी । गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई एसे कार्य किए है और आगे भी करूंगा।

**प्रश्न : आगे क्या करना चाहते हैं ?**

**उत्तर :** गोमिया को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक हब की तरह विकसित करना है। गोमिया विधानसभा क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनेजमेंट कॉलेज और एक विश्वविद्यालय का निर्माण करवाना है।

## दिल्ली से वापसी पर ओडिशा के राज्यपाल का रांची में हुआ स्वागत



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित राज्यपाल सम्मेलन में शामिल हुए। वापसी के समय, दिल्ली से रांची आगमन पर रविवार को बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर उनका स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में संजय कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, शुभम कुमार जायसवाल, जॉनी वाकर खान, उमेश यादव, राहुल कुमार, सुजीत कुमार, तरुण कुमार जायसवाल और अंकित कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। मिली खबर के मुताबिक दास हवाई अड्डा आने के बाद रांची आवास पहुंचे और फिर सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गये।

## झारखंड में शीघ्र क्रियाशील होंगे सात अंशकालिक न्यायाधिकरण : चंद्र प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आशा व्यक्त की है कि झारखंड में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी )बहुत जल्द ही कार्यशील होंगे। उन्होंने कहा कि इसको लेकर हम झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से लगातार संपर्क कर रहे हैं और शीघ्र कार्यवाही को लेकर गत 19 जून 2024 को एक अनुस्मारक भी भेजा गया है। साथ ही कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव के द्वारा भी एक अर्द्धशासकीय पत्र 25 जुलाई 2024 को झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय द्वारा झारखंड राज्य में सात अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी) का गठन किया गया है और झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार के द्वारा 15 मार्च 2024 को जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को इन अंशकालिक न्यायाधिकरण (पीपीटी) में पदेन पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया गया है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की नई सामाजिक पहल

# सर्दियों में जरूरतमंदों को उपलब्ध कराएंगे गर्म कपड़े

*रांची के लोगों से इस मुहिम में आगे आने की अपील*

*लॉ एंड ऑर्डर और जलमग्न रांची को लेकर राज्य सरकार पर जमकर बरसे केंद्रीय मंत्री*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों के प्रति भी हमेशा सजग रहने वाले रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने एक नई पहल की है। श्री सेठ ने रविवार को सर्दियों में जरूरतमंदों के लिए ऊल बैंक खोलने की घोषणा की है। इस निमित्त अपने केंद्रीय कार्यालय में सांसद ने पत्रकार वार्ता की। इससे संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ठंड में एक बड़ी आबादी है, जिसे गर्म कपड़े उपलब्ध नहीं हो पाते। ठंड की ठिठुरन कई बार उनकी जान ले लेती है। ऐसे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, सभी वर्ग के लोग इस समस्या से रूबरू होते हैं। निश्चित रूप से यह समाज की भी जिम्मेदारी बनती है कि उन लोगों को हम ठंड से बचाए। इसी उद्देश्य के साथ रांची में ऊल बैंक आरंभ किया गया है। यह बैंक इसलिए इतनी जल्दी आरंभ किया गया है ताकि सर्दियों के शुरू होते ही जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े पहुंच सकें। सेठ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि रांचीवासियों ने बुक बैंक और टॉय बैंक में मुझे भरपूर सहयोग किया। यही वजह रही कि बुक बैंक के माध्यम से हम 3 लाख से अधिक पुस्तक बांट सके। टॉय बैंक के माध्यम से 70 हजार से अधिक खिलौने का वितरण जरूरतमंद बच्चों के बीच किया। अब समाज से मैं एक बार फिर आग्रह करता हूं कि आप अपनी जिम्मेदारी उन लोगों के लिए भी निभाएं, जिनके पास ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े नहीं होते। केंद्रीय मंत्री ने रांची के नागरिकों से आह्वान किया है कि आपके घर में ऐसे पुराने परंतु अच्छी स्थिति में जो गर्म कपड़े पड़े हैं। जिनका उपयोग आप अपने लिए नहीं करते हैं। उन कपड़ों को साफ सुथरा करके मेरे केंद्रीय कार्यालय में जमा करें। यह कपड़े शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुंच जाएंगे।

**जलजमाव के कारण घरों में कैद हुए लोग, सरकार का कोई नुमाइंदा हाल जानने भी नहीं आया :** रांची में हुए भीषण जल जमाव पर केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को धोखा देने का काम कर रही है। पिछले वर्ष भी जल जमाव की ऐसी समस्या राजधानी में हुई थी। तब भी मैंने सरकार को आगाह किया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जब गर्मी के दिनों में बरसात की योजनाएं तैयार करनी थी। इन सब मुद्दों पर काम कर रहा था, उस वक्त झामुमो कांग्रेस के लोग सरकार सरकार खेल रहे थे। इन्होंने राजधानी को भी अपने खेलने का खिलौना बना दिया है। राजधानी की जनता से कोई मतलब नहीं। कल जब पूरी राजधानी पानी पानी हो गई थी तो सरकार का एक भी नुमाइंदा जनता की सुध लेने को तैयार नहीं दिखा। ना सरकार के मंत्री, न सरकार के अफसर। किसी ने भी राजधानी की जनता की सुध नहीं ली। हर तरफ जनता त्राहि त्राहि करती रही परंतु यह अपनी सत्ता में ही डूबे रहे। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार को आगाह किया कि सरकार की कार्यप्रणाली नहीं सुधरी, तो राज्य की जनता इनकी ईट से ईंट बजा देगी।इस अवसर पर रांची के विधायक श्री सीपी सिंह भी मौजूद रहे।



### राज्य सरकार का अपराधियों को है खुला संरक्षण

प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री में राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया। लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने यह कहा कि यह कैसा शहर है, जहां पत्रकारों पर भी हमले हो रहे हैं। वकील की हत्या हो रही है। समाज को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी निभाने वाला दरोगा भी सुरक्षित नहीं है। यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है कि राज्य की सरकार का अपराधियों को खुला संरक्षण प्राप्त है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ वामपंथियों के गठबंधन से चल रही है सरकार ने अपराधियों को खुली छूट दे रखी है। इसलिए अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थित है कि जिस राजधानी में मुख्यमंत्री रहते हैं। सरकार के सभी मंत्री रहते हैं। वहां दिनदहाड़े वारदात हो जा रही है। जब दारोगा और वकील सुरक्षित नहीं है तो हम सहज कल्पना कर सकते हैं कि इस राज्य में कौन सुरक्षित है? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं सरकार को यह बार-बार आगाह करता हूं कि ड्रग्स और नशा बेचने वालों पर लगाम लगाएं। इसका कनेक्शन अपराधिक जगत से भी होता है परंतु सरकार इस मुद्दे पर सिर्फ होर्डिंग बैनर लगाने में रह गई। धरातल पर कोई काम नहीं दिखा। अब तो ऐसा लगता है जैसे रांची के लोग इस जंगलराज और अपराधयुक्त शासन को ही अपनी नियति मान लें। निश्चित रूप से यह व्यवस्था हमें बिहार के जंगल राज की याद दिला रही है।

## राज्य की दिशा और दशा बदलने में जिम्मेदारी निभाएं आजसू के युवा कार्यकर्ता : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आने वाले 50 दिन हम सबके लिए महत्वपूर्ण होंगे। राज्य की दिशा और दशा बदलने के लिए युवा साथी को आगे आ कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और नई सोच और नवीन ऊर्जा के साथ जनता के बीच जाएं। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू, रांची स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में युवा आजसू के प्रतिनिधि सभा को संबोधित कर रहे थे। महतो ने कहा कि एक राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते सार्वजनिक जीवन के महत्व को पहले समझना जरूरी है। आप सभी युवा कार्यकर्ता बड़े किरदार की भूमिका निभा सकते हैं। अब आप सभी को निजी हित न सोचकर राज्य और राज्यवासियों के लिये काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पांच साल में सबसे ज्यादा युवाओं को निराश किया है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता से ले कर पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के नाम पर सिर्फ युवाओं को ठगने का काम किया है। अभी जो राज्य सरकार डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम ला रही है उस से सिर्फ आप जीवन यापन कर सकते है न कि आत्मनिर्भर बन सकते है। ये आप लोगों को सोचना है। महतो ने कहा कि आप सभी अपनी योग्यता के आधार पर स्टेट को संभालने के लिए योगदान देने की तैयारी करें, ताकि आने वाला कल आप सबके लिए परिवर्तन भरा हो। इसके साथ उन्होंने कहा कि आप सभी युवा साथी 50 दिनों की मेहनत से इस राज्य की दिशा को बदल सकते हैं। राज्य में युवाओं के लिए सरकार ने जीरो प्लान पर काम किया। इसी जीरो प्लान का हिसाब लेना है और जवाब भी देना है आप सभी को। महतो ने कहा कि राजनीति के चरित्र को बदलना है। शहर से गांव को कनेक्ट करना है। पार्टी में सभी कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना भी जरूरी है।



### याददाश्त ठीक करें गिरिनाथ सिंह : झामुमो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय और रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा है कि रंका को अनुमंडल बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झामुमो को जाता है। तत्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोडा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी। नेताओं ने पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह को याददाश्त ठीक करने की सलाह दी है। उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि चार अक्टूबर, 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के द्वारा कर कमलों से रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया है। उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है।

## राज्य सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आदिवासी विरोधी कार्य में लगी : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से आदिवासी विरोधी सरकार है। मुखिया के पद पर एक आदिवासी महिला है लेकिन यह दमनकारी सरकार सत्ता के नशे में चूर किसी भी असंवैधानिक कार्य करने से नहीं चूक रही। एक मुखिया जो यहां के स्थानीय विधायक की बात नहीं सुन रही, उनके आगे पीछे नहीं घूम रही तो इसका बदला उन्हें निलंबित कर ले रहे हैं। यह तानाशाही और हिटलरशाही भाजपा नहीं चलने देगी। इस लड़ाई में भाजपा निलंबित मुखिया और मुखिया संघ के साथ है। जरूरत पड़ी तो राज्य के सभी मुखिया इस लड़ाई में एकजुट होकर सरकार को घेरने का काम करेंगे। मांडर विधानसभा क्षेत्र (रांची) के सरवा पंचायत की मुखिया प्रभा किस्फोट्टा के निलंबन के खिलाफ मुखिया संघ के लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। रविवार को संघ के लोगों से नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुलाकात की। सरवा पंचायत की मुखिया के साथ हुई घटना की विस्तृत जानकारी लेने के बाद अमर बाउरी बोल रहे थे। प्रभा किस्फोट्टा ने बताया बताया कि उन्हें साजिश के तहत बिना किसी कारण के झूठे आरोप लगाकर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं उनके पिता पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने सरकार पर दबाव बनाकर निलंबित करवा दिया जबकि उनके पंचायत में कई वर्षों से किसी प्रकार का कोई भी विकास कार्य नहीं किया जा रहा। ऐसे में जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई तो साजिश के तहत विधायक और पूर्व विधायक ने साजिश कर उन्हें निलंबित करवा दिया। प्रभा किस्फोट्टा ने बताया कि ग्राम पंचायत सरवा के अन्तर्गत ग्राम पचपदा में सरना स्थल का कल्याण विभाग से सौंदर्यीकरण का कार्य स्वीकृत हुआ था।इसका शिलान्यास का कार्यक्रम चार जुलाई 2023 को निर्धारित था। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद सुदर्शन भगत को बुलाया गया था। उनके द्वारा ही विधिवत रूप से शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया। इस बात से खफा हो कर स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और उनके पिता बंधु तिर्की ने उन्हें गंदी गालियां दी। पद से हटाने की धमकी दी। इसके बाद चार जुलाई 2024 को उपायुक्त कार्यालय, रांची से उनसे स्पष्टीकरण के लिए चिट्ठी निकाला गया। इसमें 15 दिनों के अन्दर उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया गया लेकिन विधायक के दबाव में आकर उपायुक्त ने पांच दिनों के अंदर ही नौ जुलाई को निलंबित कर दिया।



### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक संपन्न

## स्थानीय लोगों से करें मुलाकात, समस्याओं का करें समाधान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह की अध्यक्षता में बीजेपी एससी मोर्चा एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड के प्रभारी भोला सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्य योजना के बारे में प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने सभी प्रदेश पदाधिकारियों से कहा है कि झारखंड के सभी अनुसूचित जाति छात्रावास में जाकर छात्रों से मुलाकात कर उनकी सूची बनाने, प्रदेश के सभी सामान्य छात्रावास में भी एससी छात्रावास में जाकर सभी विधानसभा क्षेत्र के छात्रों से जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू होना और पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए भाजपा के साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी बस्ती में जाकर अनुसूचित जाति के लोगों से उनकी बातें सुनकर एवं उनकी समस्याओं से रूबरू होने के का निर्देश दिया गया है। प्रदेश पदाधिकारी को संबोधित करते हुए भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भोला सिंह ने सभी पदाधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम करने, मां के नाम से पेड़ लगाने, प्रदेश के सभी छात्रावास एवं कॉलेज में जाकर पौधरोपण करने, सभी प्रदेश पदाधिकारी को जिले में जाकर कर टोली बनाना शामिल हों। इसके साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करना और स्थानीय लोगों से मुलाकात करना शामिल है। इसके अलावा 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सभी स्कूलों एवं कॉलेज में प्रदेश पदाधिकारी की सहभागिता का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रदेश पदाधिकारी से कहा की झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों को तैयार करना है और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी और संगठन को सशक्त और मजबूत बनाना की जिम्मेदारी दी गई है। झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी ने बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों को कहा कि प्रदेश के वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की नाकामयाबियों को उजागर करना है और उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार दलितों के बारे में कोई सोच नहीं रखती है।



### कांग्रेस ने रांची विस क्षेत्र से उम्मीदवार के नाम पर किया मंथन

**रांची।** रांची परिसदन में रविवार को भारतीय युवा कांग्रेस की बैठक राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी के नेतृत्व एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर की अध्यक्षता में हुई। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि ने साथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जमील अख़्तर ने किया। कहा कि 25 वर्षों में रांची की दुर्दशा हुई है। बैठक में हिंदीपीढ़ी, चुटिया, किशोरगंज, लोअर बाजार, लालपुर, रातू रोड, अपर बाजार से आये लोगों ने रांची में साफ-सफाई, पानी-बिजली, रोड नाली आदि की समस्या पर चर्चा की। विधानसभा चुनाव में कैसे कांग्रेस पार्टी रांची में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करे, इस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा चुनाव में राजेश सिन्हा सनी की उम्मीदवारी के लिए शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया जायेगा।

## राहुल गांधी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने रविवार को राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर वो राजनीतिक लाभ की कोशिश कर रहे हैं। अर्जुन मुंडा ने झारखंड चुनाव को लेकर भाजपा की क्या रणनीति और तैयारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने राहुल गांधी के बयान पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि ईडी ने राहुल गांधी को अभी नोटिस भी नहीं दिया है न उनसे कुछ पूछा है। राहुल गांधी को डर लगने का क्या मतलब है? आगे कहा, एजेंसी का काम ही लोगों से पूछताछ करने का होता है। लेकिन अभी तो कुछ ऐसा नहीं है और राहुल गांधी इस तरह के बयान दे रहे हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करके राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा भाजपा नेता ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी राय रखी। बोले, झारखंड चुनाव की रणनीति पर काम शुरू हो गया है। भाजपा हमेशा एनडीए के साथ है। भाजपा का प्रयास है कि झारखंड चुनाव भी एनडीए के साथ मिलकर लड़े। भाजपा, अटल बिहारी वाजपेयी के समय से सहयोगी दलों का सम्मान करती आई है। अटल बिहारी वाजपेयी ने एनडीए को बहुत महत्व दिया था। उसी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लेकर चल रहे हैं इसलिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014, 2019 और 2024 में सरकार बनी। अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दावों पर प्रतिक्रिया दी। राहुल ने कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन पर छापे की योजना बना रहा है। ईडी के कुछ अंदरूनी लोगों ने उन्हें छापेमारी की योजना के बारे में बताया है और वह उनका इंतजार कर रहे हैं।



## एक नजर

### तीन दिनों की भारी बारिश ने विधवा सहित कई लोगों का छीना आशियाना

**रामगढ़।** शनिवार की रात्रि वेस्ट बोकारो वासियों के लिए किसी प्रलय से कम नहीं रहा। बुधवार से लेकर शनिवार के पूर्वाह्न तक हुई लगातार झमाझम बारिश ने वेस्ट बोकारो की एक विधवा सहित आधा दर्जन लोगों का आशियाना भी छीन लिया है। मांडू प्रखंड अंतर्गत बारूघुटू पूर्वी पंचायत के सोनार मुहल्ला के मुंगेरी टोला निवासी विधवा आरती देवी के घर का एक हिस्सा बरसात में शुक्रवार की रात्रि को ध्वस्त हो गया। जिसके कारण से आरती देवी और उनका छोटा पुत्र रानू रात भर दहशत में जाग कर बिताए। वहीं फास्ट फूड का व्यवसाय करने वाले प्रणव पात्रा का भी घर जिसमें वे किराए पर रहते हैं, के एक कमरे की एक दीवार भरभरा कर गिर गया। इसके बाद पात्रा भी अपने सहकर्मियों के साथ पूरी रात दहशत में जागते हुए गुजारा। मुंगेरी टोला निवासी जलालुद्दीन के घर के ऊपर से हुए भू-स्खलन से घर के आसपास काफी कीचड़ जमा हो गया।

### लगातार होती वर्षा ने आमजन के साथ देवी देवताओं को किया प्रभावित

**कुजू।** कोयलांचल कुजू में हुई लगातार बारिश से जहां एक ओर आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया वहीं देवी देवताओं को भी इस वर्षा की मार झेलनी पड़ी। लगातार बारिश के बीच गत शुक्रवार की रात में कुजू कोलियरी के बंदराचुआं स्थित चरण पहाड़ी में चैतन्य महाप्रभु के पदचिह्न स्थल को काफी क्षति पहुंची है। यहां पर बने चैतन्य महाप्रभु के दस वर्ष पुराने कांच मंदिर, शेड, घेराबंदी, दीवार को पूरी तरह नेस्तनाबुद कर दिया। पानी के तीव्र धारा ने पूरे मंदिर को बहाते हुए जलमग्न कर दिया। घटना शुक्रवार की देर रात करीब डेढ़ बजे की है। मंदिर के मुख्य पुजारी बाबा प्रेमदास बाबा ने बताया कि देर रात में उनके अंग एकाएक फड़कने लगे। वे उठकर मंदिर के निकट हो रही वर्षा के बीच जब वे पदचिह्न स्थल की ओर जा रहे थे तो देखकर दंग रह गए।

### कोयलांचल में 48 घंटे की नॉन स्टॉप बारिश से नदी-नालों में उफान

**भुरकुंडा।** आसमान में आ-जा रहे काले बादलों ने लगातार 48 घंटे बरस कर कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास के कोलियरी और ग्रामीण क्षेत्र में आफत की घंटी बजा दी। दिन-रात हुई नॉन स्टॉप बारिश की वजह से नदी-नालों में उफान आ गया। मूसलाधार बारिश से एक ओर जहां दामोदर के तेवर तल्ख थे, वहीं नलकारी भी पूरे शबाब पर थी। यही नहीं, पहाड़ी नदी-नाले भी खतरे के निशान तक पहुंच गए थे। शनिवार सुबह तो आलम यह था मानो दामोदर नद जर्जर गिद्दी पुल को बहा ले जाएगी। भुरकुंडा-सौंदा डी की सीमा का पर उफान मारती नलकारी नदी का भी तेवर बदला हुआ था, जो सौंदा दोमुहान में दामोदर से मिलकर और भी गरज रही थी। इससे गिद्दी पुल पर खतरे का बादल मंडराने लगा था।

पेज 05 की खबरें पेज 06 और पेज 07 पर भी देखें

# झुरझुरी पंचायत आदर्श पंचायत बनने की ओर अग्रसर : प्रभारी मुखिया

*कल्याण विभाग की ओर से हरिजन एवं आदिवासियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है*

*मुखिया प्रियंका कुमारी ने बताया कि वह क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर आम ग्रामीणों की समस्यायों का समाधान करने का प्रयास कर रही हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
झुरझुरी पंचायत क्षेत्र आज आदर्श पंचायत बनने की ओर अग्रसर है। ग्रामीणों ने पंचायती राज व्यवस्था कि जो कल्पना की थी वह झुरझुरी में साकार होता दिख रहा है। ससमय ग्राम सभा और सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसे पंचायत की प्रभारी मुखिया प्रियंका कुमारी के द्वारा तैयार करने कि कोशिश की जा रही है। मुखिया प्रियंका कुमारी ने बताया कि वह क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर आम ग्रामीणों की समस्यायों का समाधान करने कि प्रयास कर रही हूं। बताया कि झुरझूरी पंचायत के ग्रामीण को श्रम एवं नियोजन विभाग की ओर से लेबर कार्ड, समाज कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं एवं बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाएं, कल्याण विभाग की ओर से हरिजन एवं आदिवासियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम चटनियां सिंघा आदिवासी टोला, रविदास टोला, यादव टोला, मियां टोला, टांडपर, गंगटीयाही, गुंजरा, सतघरवा, अलपिटो में नलजल योजना में सुधार, शौचालय, सड़क निर्माण, प्राथमिक विद्यालय में घेराबंदी, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन योजना, धार्मिक स्थल की घेराबंदी जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। मुखिया ने कहा कि अबुआ आवास योजना में एक भी ऐसे लाभुक का चयन नहीं किया गया है जिसके पास पहले से पक्का का मकान बना हो। मुखिया प्रियंका कुमारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी सरकारी या गैर सरकारी व्यक्ति किसी भी तरह की योजना के लिए पैसे का डिमांड करें तो उन्हें तत्काल मोबाइल नंबर 9304366162 पर सूचित करें।

## कांग्रेस नेता ने किया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पंजीकरण सेंटर का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने आज नगरनिगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत पंजीकरण सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड 3, 4, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 और 33 में आयोजित पंजीकरण अभियान का जायजा लिया। इस अभियान के तहत महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायन भगत ने भी इन कार्यक्रमों में वार्ड और बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ पंजीकरण सेंटर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य की गरीब और मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, ₹झारखंड सरकार खुशियों की बौछार लेकर आई है, और हर जरूरतमंद महिला को प्रतिवर्ष बारह हजार रूपए मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की इस योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। मनोज नारायन भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगा, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को फॉर्म भी वितरित किए गए और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को बिस्कुट और पानी प्रदान किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सांसद बनाए गए संसदीय प्राक्कलन समिति के सदस्य, हम लोगों के लिए गर्व की बात : टोनी जैन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को उनके निवास स्थान सह कार्यालय में जाकर केंद्रीय संसदीय प्राक्कलन समिति के सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी। सांसद ने प्रदेश किसान मोर्चा में पदाधिकारी बनाए जाने पर टोनी जैन को बधाई दी और कहा कि किसान मोर्चा में होने की वजह से आपको किसान हित में काम करना है। टोनी जैन ने कहा कि हम लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है की हजारीबाग के सांसद को संसदीय प्राक्कलन समिति का सदस्य बनाया गया है। संगठन के लोग चाहते है कि बहुत जल्द आप केंद्रीय मंत्री के रूप में हम लोगों के साथ । टोनी जैन ने आगे कहा आपने जो किसान हित की बात की है आपको निराशा नहीं होगी। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार झुनझुनवाला, जय नारायण प्रसाद ,दिनेश कुशवाहा अनिल मिश्रा ,सोनू गुप्ता ,मुकेश कुमार सहित उपस्थित थे।

### खंडेलवाल महिला संघ ने किया सावन मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**हजारीबाग।** खंडेलवाल महिला संघ के द्वारा रविवार को मुनका बगीचा के सभागार में भव्य रूप से सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता खण्डेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रुना खण्डेलवाल के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले गणेश जी एवं समाज के गुरु संत सुंदर दास जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । महिला संघ की अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। जिसके उपरांत गणेश वंदना, हनुमान चालीसा के साथ समारोह विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। समारोह के दौरान बच्चों के द्वारा कई संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस बीच विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किया गया वही कार्यक्रम में सावन झूला लगाया गया था जो सभी को अपनी और आकर्षित कर रहा था महिलाओं के लिए एक विशेष सेल्फी प्वाइंट कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रही,कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से सास बहू, मां बेटी, देवरानी जेठानी जैसे अनेकों प्रतियोगिता आयोजित कर महिलाओं को उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन राखी खण्डेलवाल के द्वारा किया गया। वही स्वादिष्ट व्यंजन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी, समारोह के दौरान बेहतर ड्रेस कोड, जैसे अनेकों माध्यमों से लोगों को पुरस्करित किया गया।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सर्वर डाउन रहने से कैंप से बैरंग लौटे लाभुक

**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सर्वर रविवार को दिन भर डाउन रहने से लाभुक परेशान रहे। लाभुक खुश होकर बरकट्ठा क्षेत्र के विभिन्न कैम्प में पहुंचे। वही सर्वर नहीं चलने से प्रज्ञा केंद्र के संचालक, ऑपरेटर भी परेशान हैं। इस बाबत प्रपत्र भरने पंचायत सचिवालय बेलकपी में आई द्रोपती देवी ने कहा कि सरकार की यह अच्छी योजना है,लेकिन सर्वर नहीं चलने से परेशानी हो रही है। मेरे साथ कई महिलाएं खेती बाड़ी छोड़ कर पंचायत भवन पहुंची हैं लेकिन सर्वर नहीं चलने से निराश होकर वापस जाना पड़ रहा है। इस संबध में बेलकपी मुखिया ललिता देवी ने कहा कि सर्वर नहीं रहने के कारण मां, बहने कैंप से घूम कर जा रही है। सरकार से आग्रह है कि सर्वर को अतिशीघ्र ठीक करें ताकि लाभुक ससमय लाभ ले सकें।

‘खेलो विधानसभा हजारीबाग’ फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

### मेरी कोशिश है ग्रामीण प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना : शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से कर्जन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में दिन रविवार को 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टुर्नामेंट - 2024 का विधिवत उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फुटबॉल पर किक मारकर शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच हजारीबाग सेंटर एवं ग्रामीण एलेवन के बीच दोस्ताना मुकाबला खेला गया। मुकाबला में हजारीबाग सेंटर टीम ने 02 गोल तथा ग्रामीण एलेवन टीम ने 01 गोल किया। हजारीबाग सेंटर टीम ने ग्रामीण एलेवन को पराजित कर विजय हुई। निर्णायक की भुमिका में रेफरी शशि कुमार दास, गौरव कुमार एवं बबलू कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया। ज्ञात हो कि यह टुर्नामेंट सदर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखण्ड में आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी पंचायत की टीमें इसमें हिस्सा लेगी तथा लगभग 75 पंचायत की टीमें टुर्नामेंट में भाग लेगी। जिसकी शुरूआत कर्जन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम से हुआ है। कर्जन ग्राउंड में सदर प्रखण्ड के सभी पंचायत की टीम के बीच मुकाबला खेला जाएगा। कटकमसांडी, कटकमदाग तथा दारू में भी यह टुर्नामेंट का आगाज होगा। खिलाडियों को भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने खिलाडियों को संबोधित कर कहा कि खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टुर्नामेंट के माध्यम से कई खिलाडियों को अपना प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा।

### 72 घंटे के बाद भी मेनगेट के घरों में नहीं हो पाई है बिजली आपूर्ति

**गिद्दी।** गिद्दी मेनगेट के सैकड़ो घरों में 72 घंटा के बाद भी बिजली आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिससे मेनगेट मुहल्ला के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें लगातार तेज बारिश के कारण गुरुवार को देर शाम से ही गिद्दी कॉलोनी के अन्य मुहल्ला के साथ साथ मेनगेट में भी बिजली आपूर्ति ठप है। शनिवार को दोपहर बाद से गिद्दी कॉलोनी के विभिन्न मुहल्ला में बारी-बारी से देर शाम तक बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है। पर गिद्दी मेनगेट ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण संबंधित दो-ढ़ाई घरों में बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। विभागीय कर्मी रविवार को दिन में मेनगेट के ट्रांसफार्मर को ठीक करने में जुटे हुए हैं।

## कल होने वाली ओबीसी महापंचायत को लेकर कांग्रेसियों ने की प्रेस वार्ता

# ज्यादा संख्या में शामिल होकर अपनी आवाज को करें बुलंद : उमाशंकर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
6 अगस्त को टाउन हॉल बरही में विधानसभा स्तरीय ओबीसी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एनएच आईबी में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला, स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी मुख्य रूप से शामिल हुए। स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने बताया कि ओबीसी महापंचायत में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप पूर्व मंत्री सह सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग केशव महतो कमलेश, ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह आवास बोर्ड सदस्य अभिलाष साहू, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, मांडू के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि ओबीसी महापंचायत की तैयारी जोरों शोरों पर है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आबादी के 55 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद अब तक हमें हमारी भागीदारी नही मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 27 प्रतिशत काटकर 14 प्रतिशत कर दिया था। जिसके बाद विधायक श्री अकेला समेत अन्य विधायकों ने सदन में उक्त मामले को उठाया था। वर्तमान सरकार ने राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा है लेकिन अब तक इसकी मंजूरी नही मिली है। श्री नागवाला ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। भागीदारी के साथ साथी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। इसका व्यापक रूप संगठन में भी जल्द देखने को मिलेगा।

## जेबीकेएसएस की बैठक में वार्ड नंबर 4 की कमेटी का हुआ विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की बैठक रविवार को वार्ड नंबर 4 में आयोजित की गई। अध्यक्षता भारती कुशवाहा और संचालन कुणाल कुशवाहा ने किया। बैठक में केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटी के सदस्य, पंचायत पदाधिकारी तथा सक्रिय सदस्य शामिल हुए । सभी ने जेबीकेएसएस/ जेएलकेएम सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सभी समुदाय को एक साथ जोड़कर संगठन को मजबूत एवं सशक्त बनाने को का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा की यह निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव का संकेत है। वार्ड नंबर 4 की कमेटी विस्तार का करते हुए संरक्षक सावन कुमार, अध्यक्षक डब्लु कुमार, उपाध्यक्ष आलोक कुमार, अरुण गुप्ता, सचिव राजेश कुमार, सह सचिव सुभाष कुमार दंगी, मनटू सोनकर, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार, नीतीश राणा, संगठन सचिव पिंटू कुमार, डेविड कुमार, कार्यसमिति सदस्य अभय कुमार, यशवंत कुमार, संतोष राज, रंजीत कुशवाहा, तपन कुमार, निलेश कुमार,अमित कुमार को सर्वसमिति से बनाया गया। कमेटी विस्तार में मुख्य रूप से रवि कुमार महतो, आनंद केटियार, पनेश्वर महतो, सुदर्शन महतो,संतोष टिडुवार, भारती कुशवाहा, रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, बिहारी महतो, देवानन्द महतो, पवन कुमार महतो, कुणाल कुशवाहा, सूरज मुंडा,आनंद कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, प्रेम कुमार, सूरज मुंडा, राम कुमार, कैलाश कुमार, पिंटू कुमार आदि शामिल हुए।

## राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव ने स्पेशल ब्रांच के दारोगा की हत्या पर जताई चिंता

*विक्की धान ने रांची में बढ़ते अपराध पर चिंता जताई और कहा कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं, जो किसी को भी गोली मार रहे हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
स्पेशल ब्रांच के 2018 बैच के दरोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या किए जाने पर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव विक्की कुमार धान ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। विक्की धान ने कहा कि लगातार आदिवासी दरोगाओं को टारगेट कर मारा जा रहा है, जिसमें 2018 बैच की दरोगा रुपा तिर्की और संध्या टोप्पो भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि युवा और होनहार अनुपम कच्छप की हत्या बेहद निंदनीय है। राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। विक्की धान ने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि अनुपम कच्छप के परिजनों को उचित सहायता राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की जाए। विक्की धान ने रांची में बढ़ते अपराध पर चिंता जताई और कहा कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं, जो किसी को भी गोली मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित महसूस करेगा। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के महासचिव ने राज्य सरकार से अपराध पर काबू पाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने की अपील की है।

## खंडेलवाल महिला संघ ने मीडिया प्रभारी के रूप में रितेश खंडेलवाल को किया सम्मानित

# यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात : रितेश खंडेलवाल

*महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से किया इस पल का स्वागत*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
खंडेलवाल महिला संघ के द्वारा खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के मीडिया प्रभारी के रितेश खंडेलवाल ने महिला संघ की अध्यक्ष रुना खंडेलवाल, सचिव रूपा खंडेलवाल सहित समाज की समस्त महिला सदस्यों की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया । अध्यक्ष राहुल वैध एवं सचिव पवन रावत खंडेलवाल ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सदैव समाज के हित में कार्य करते रहे, हम सभी की शुभकामनाएं आपके साथ सदैव है। मौके पर खंडेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष रुना खण्डेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया प्रभारी के योगदान और समर्पण की सराहना करती हूं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज की गतिविधियों और उद्देश्यों को अच्छे ढंग से प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज की विभिन्न पहल और कार्यक्रमों को व्यापक जनसमूह तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त कि मीडिया प्रभारी आने वाले समय में भी अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से समाज की सेवा करते रहेंगे। अंत में, उन्होंने मीडिया प्रभारी को बधाई दिया। साथ ही कहा की समाज के प्रति रितेश ने कर्मठता से कार्य किया है, ईश्वर सदैव इन्हें उन्नति की ओर अग्रेषित करें। मौके पर रितेश खंडेलवाल ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए बड़ा ही यादगार रहेगा। मैं सदैव पूरी निष्ठा पूर्वक समाज के प्रति कार्य करूंगा,आप सबों के द्वारा यह सम्मान के लिए बहुत-बहुत आभार।

## कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड में कार्यरत कर्मी को जान से मारने का आरोप

# मृतक के परिजनों को दस लाख व आश्रित को नौकरी दे कंपनी : कुमकुम देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गोरहर से चौपारण तक जीटी रोड में सड़क चौड़ीकरण कार्य कर रही कंपनी कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड (कोषमा कैम्प) का एक गार्ड की मौत शनिवार रात्रि लगभग 9 बजे हो गई। इस संबध में मृतक की पत्नी आयना खातून पति अख्तर अली,ग्राम घंघरी,पोस्ट झुरझुरी, थाना बरकट्ठा निवासी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि मेरे पति कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड उर्फ राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सुरक्षा गार्ड का कार्य करते थे। मेरे पति की रात्रि करीब 09 बजे कार्यावधि में मौत हो गई। कंपनी के मैनेजर संजीव सिंह, मंटू शर्मा, गुड्डू शर्मा, कर्मचारी सोमेन बनर्जी उर्फ कानू दा,अजहर उद्दीन, प्रशांत भेटरा और आलोक सिंह ने चोरी का आरोप लगा कर उनके साथ मारपीट की, जिससे उनके मुंह से खून निकलने लगा। इसी बीच कंपनी के और लोग भी आ गए। रविवार की सुबह इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों व आस पास के लोगों को होते ही कोषमा स्थित कार्यालय पंहुचकर स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कंपनी से मृतक के परिवार को 10 लाख, एक सदस्य को कंपनी में नौकरी और उनके बच्चों की पढ़ाई के खर्च की मांग की।

### पतरातू क्षेत्र में दो दिनों तक हुई अनवरत बारिश जनजीवन अस्तव्यस्त

**पतरातू।** पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में दो दिनों तक अनवरत बारिश हुई। लगभग 48 घंटे तक बारिश हुई। जिसके कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इससे नदी नालों के जल स्तर में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। वहीं खेत खलिहान भी लबालब भर गए। इस बारिश से पतरातू का स्टेशन रोड जलमग्न हो गया। साथ ही शहीद चौक पर जल जमाव होने से राहगीरों को काफी दिक्कत हुआ। स्थानीय बाजारों में खरीददार कम पहुंचे। हवा और पानी का असर बिजली पर भी दिखा। पुत्रिया नाला के निकट चार बिजली के पोल गिर गए हैं। जिससे पतरातू और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। लगातार पानी की वजह से किसानों को मवेशियों को चराने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के दूसरे दिन 936 फॉर्म हुए जमा

# फेल रहा सर्वर, एक भी एंट्री नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना शिविर के दूसरे दिन केदारुत पंचायत ने शिविर लगाया गया. जिसकी शुरूआत मुखिया सरिता देवी व पंसस विकास सिंह ने लाभुको को फार्म देकर किया. शिविर में आवेदन जमा करने वालों को भीड़ लगी रही. कंप्यूटर ऑपरेटर मोहन मिर्धा ने बताया कि योजना से संबंधित कुल 936 फॉर्म जमा लिए गए है. सर्वर फेल होने के कारण एक भी आवेदन का ऑनलाइन एंट्री नहीं किया जा सका है. विदित हो कि इस योजना के लिए राज्य सरकार ने 3 से 10 अगस्त शिविर आयोजित किया है. नियमानुसार प्राप्त आवेदन को ऑन द स्पॉट एंट्री करना है क्योंकि एंट्री के समय आवेदिका का बायोमैट्रिक लिया जाना होता है. इसके साथ ही फॉर्म को अंतिम रूप से जमा करने के लिए ओटीपी की आवश्यकता होती है. परंतु दूसरे दिन भी सर्वर फेल रहने के कारण प्रखंड कार्यालय में आवेदन का भंडार जमा होता जा रहा है. ऐसे में लाभुक को एक बार फिर से बायोमैट्रिक के लिए परेशान होना पड़ेगा।

## एक नजर

### विहिप ने ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के परिसर में किया पौधरोपण

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और विहिप के संयुक्त तत्वाधान में विविध प्रकार के फलदार पौधरोपण किया गया। विहिप के प्रतिनिधियों ने जिले के विभिन्न प्रखंडवासियों और ग्रामीणों को लगभग एक हजार फलदार पौधे पर्यावरण को स्वच्छ,स्वस्थ रखने वितरण किया। कॉलेज की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित,स्वच्छ, स्वस्थ और दीर्घायु बनाना है। हमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने खुशहल जीवन के लिए एक पौधा लगाने और नियमित देखरेख करने के लिए प्रेरित करना है। विहिप के झारखंड प्रदेश प्रांतीय संगठन मंत्री देवी सिंह ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम एक पौधा मां के नाम के प्रति सभी को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक सौरभ शर्मा ने पर्यावरण के लिए पौधरोपण की महता से अवगत कराया।

### मंईयां सम्मान योजना को लेकर दूसरे दिन भी लगा शिविर

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं,बहनों को लाभ दिलाने प्रखंडों के पंचायत,गांवों के साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में दूसरे दिन रविवार को भी शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिलेभर की महिलाएं,बहनें शिविर में आकर अपने अपने आवेदन किया। बता दें कि योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए तीन से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने सरकार का कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हजार रू प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### गरीब महिलाओं के लिए मंईयां योजना अनोखी पहल : कांग्रेस

**झुमरी तिलैया ।** कोडरमा नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को कोडरमा कार्यालय में हुई। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजू सिंह ने की। जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि पहली बार महिलाओं को सम्मान देने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। यह गरीब जरूरतमंद महिलाओं के लिए अनोखी पहल है। इस योजना का शत-प्रतिशत लाभ मिले, इसके लिए प्रखंड से लेकर गांव, वार्डों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस कोडरमा विधानसभा से अपना दावेदारी पेश करेगी। इसके लिए केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आलाकमान से बात की जाएगी। नगर अध्यक्ष अध्यक्ष राजू सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ कैसे मिले, इसके लिए कार्यकर्ता अपने स्तर से जनता मिलकर शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का प्रयास करें।

# एमडीएम में लापरवाही बरतने के आरोप में 7 प्रधानाध्यापकों का वेतन स्थगित


स्कूली बच्चों की थाली से गायब हो रहे हैं पौष्टिक आहार

हरी सब्जी के जगह परोसा जाता है मटर, आलू और सोयाबी

हरी सब्जी के जगह किसी ने सिर्फ चावल - दाल परोसा तो किसी ने आलू भुजिया, चोखा, मटर और सोयाबीन खिला

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** पिछले गुरुवार को राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम द्वारा जलडेगा प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों के सात विद्यालयों का जायजा लेने के क्रम में बच्चों के थाली से हरी सब्जी गायब मिली थी। बता दें कि जायजा लेने के क्रम में राजकीयकृत मध्य विद्यालय सुखाझरिया में निर्धारित समय से पहले ही बच्चों को सिर्फ चावल - दाल परोसा गया था। यहां बच्चों की थाली से हरी सब्जी गायब मिली, यहां तक कि दाल के अलावा और कोई सब्जी नही था। इसी तरह उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगसपुर में सोयाबीन बरी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लक्षणपुर सोयाबीन बरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय परबा में मटर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोमिया में आलू चोखा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिहरमुंडा में आलू भुजिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेंदोसेरा में आलू भुजिया परोसा गया था। जबकि गुरुवार को मेनू के आधार पर चावल, दाल, हरी सब्जी दिया जाना था। लेकिन ऐसा किसी भी स्कूल में देखने को नहीं मिला। इस मामले को जिला शिक्षा अधीक्षक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने एमडीएम में लापरवाही बरतने के आरोप में सभी सात स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक वेतन स्थगित कर दिया है। साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा जलडेगा बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत सातों स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### क्या लिखा है जिला शिक्षा अधीक्षक के जारी स्पष्टीकरण पत्र में

मेनू आधारित जलडेगा के स्कूलों में एमडीएम का संचालन नही करने पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपने स्पष्टीकरण में जलडेगा बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत 7 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से कहा कि सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 20 दिनांक 11.01.2023 के द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत के सप्ताहिक मेनू निर्धारित है। एवं कार्यालय पत्रांक 1113 दिनांक 22.06.2024 के द्वारा आपको निदेश दिया जा चुका है कि विद्यालयों द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित सप्ताहिक मेन्यू का पालन किया जाना है। विदित हो कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें छात्रों को मेनू के अनुसार ताजा एवं पौष्टिक आहार दिये जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही सप्ताह में दो दिन पूरक पोषाहार (अंडा/फल) भी दिया जाना है एवं यह भी निदेश दिया गया है कि मध्याहन भोजन संचालित सभी विद्यालयों में सरकार द्वारा निर्धारित मेनू का पूरी कड़ाई के साथ अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय। इसमें किसी भी तरह की बरती गई लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के कम में यदि यह पाया जाता है कि किसी विद्यालय द्वारा मेनू का पालन नहीं किया गया है. तो संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध तत्काल अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

### बंगाली एसोसिएशन ने की कांवरियों की सेवा, कांवरियां आज करेंगे जलाभिषेक

**सिमडेगा।** बंगाली एसोसिएशन सिमडेगा के सेवकों ने पानपोश से सिमडेगा आ रहे कांवरियों की खूब सेवा की गई।सेवकों ने पूरी तन्मयता से न केवल चिकित्सीय सेवा दी बल्कि उनके पैरों की सेकाई और मरहम पट्टी कर उन्हे खुश करने में कोई कसर नहीं छोड़ा।बंगाली एसोसिएशन प्रत्येक वर्ष सेवा भाव से इस पुनीत कार्य को अंजाम देते हैं।इनके कार्य की सराहना हर तरफ होती है।स्त्री, पुरुष,बच्चे सभी अपनी निःस्वर्थ सेवा देते हैं।इस वर्ष रविवार सुबह से ही केरिया पाहनटोली में कैंप लगाकर सेवा दी गई।सेवा देने वालों में एसोसिएशन के प्रदीप दत्ता, दिग्विजय कुमार साहा, सुरजीत दत्ता, रोहित दत्ता,प्रवीर दास, संजीव महंता, विकास कर्मकार, मनोज साहा, अशोक साहा, सुब्रतो साहा,सबिता दत्ता, पूजा दास, देवजीत सरकार आदि शामिल रहे। शनिवार को वेदव्यास त्रिवेणी संगम से जल उठाकर 70 किलोमीटर की यात्रा कर रविवार को सभी कांवरियां बंधु जोराम स्थित प्रसन्न सिन्हा के गोदाम में रात्रि विश्राम किया।

## न्यूज बॉक्स

### जामपानी पल्ली में संत जॉन मेरी बियानी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत जामपानी पल्ली में पुरोहितो के संरक्षक संत जॉन मेरी बियानी का पर्व हल्लोउल्लास के साथ मनाया गया। पल्ली पुरोहित सह सलंगापोंछ भिखारिएट डीन फादर थॉमस सोरेंग की अगुवाई में सहयोगी फादर संदीप कुमार खेस द्वारा मिस्सा पूजा अर्चना की शुरआत की गई।प्रवेश नाच उसूर्लाइन कॉन्वेंट के बच्चो ने किया और उसूर्लाइन धर्म बहनों और स्थानीय लोगों ने अपने मधुर संगीत के माध्यम से आज के कोयर ग्रुप को संचालित कर भगतीमय माहौल बनाया। मिस्सा पूजा तत्पश्चात तीनों संघ के द्वारा पुरोहितों का स्वागत अभिनंदन किया गया और एक से बढ़कर एक नित्य संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।तत्पश्चात सभी लोगों को प्रीति भोज कराया गया।इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना,युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो,हेड प्रचारक विलियम केरकेट्टा,उसूर्लाइन कॉन्वेंट की मदर सिस्टर किरण एक्का, सिस्टर कोरनेलिया डुंगडुंग, सिस्टर राजकिशोरी,सिस्टर शोसन भेंगरा,सभी धर्म बहनें एवं भारी संख्या में खीस्तीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

### एक्वा फुटबॉल क्लब रांची की टीम 2 गोल से बढ़त बनाकर पहुंची अगले चक्र में



**सिमडेगा।** 25वां वीर शहीद अंतरराज्यीय थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूनार्मेंट के रविवार का खेल गोल्डन एफ.सी. क्लब सिमडेगा बनाम एक्वा फुटबॉल क्लब रांची के बीच हुआ। एक्वा फुटबॉल क्लब पहले हाफ में एक गोल और दूसरे हाफ में एक गोल इस तरह से 2-0 से बढत बनाकर जित हासिल की।रविवार को हुए खेल में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन वीरेन तिर्की, विशिष्ट अतिथि कोंग्रेस आदिवासी मूलवासी प्रदेश सचिव अनूप लकड़ा थे। इन दोनों अतिथियों को खेल अध्यक्ष अमित डुंगडुंग और सचिव मोनू बड़ाईक फूल बुके देकर स्वागत किया। स्वागत के बाद खिलाड़ियों से परिचय के लिए अध्यक्ष अमित डुंगडुंग,महामंत्री रामजी यादव, खेल प्रभारी, डेनियल मिंज, पतरस एक्का, संजय हेरेंज लेकर गए।आज का खेल सरगुजा एफ.सी छत्तीसगढ़ बनाम एक्वा फुटबॉल क्लब के बीच दोपहर 3:45 बजे से खेला जाएगा। खेल को सफल बनाने में कमिटी के सदस्य आयोजक अध्यक्ष राजेश कु. सिंह, सचिव अमित डुंगडुंग सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### मंदिर और स्कूल के पास चल रही अंग्रेजी शराब दुकान का हुआ स्थानांतरण





**जलडेगा।** थाना क्षेत्र में अंग्रेजी शराब दुकान का ठिकाना बदल गया है। अब जलडेगा थाना से कुछ ही मीटर की दूरी पर सिमडेगा रोड में शराब दुकान शिफ्ट हो गया है। बता दें कि पूर्व में ओडगा रोड पर शराब दुकान कई वर्षों से था, सामने मंदिर और स्कूल होने के कारण लगातार स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन ने शराब दुकान को ओडगा रोड से हटाने का आदेश जारी किया था जिसके कारण शराब दुकान का स्थानांतरण हुआ। फिलहाल मंदिर और स्कूल के पास से शराब दुकान हटने से जलडेगा के लोगों में खुशी है उन्होंने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि देर ही सही लेकिन उनकी बातों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया यही बड़ी बात है।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बालक-बालिकाओं का खस्सी टूर्नामेंट आयोजित

**ठेठईटांगर।** 78वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मुख्यालय प्रखंड मैदान में 08 अगस्त 2024 से प्रखंड स्तरीय बालक एवं बालिका का फुटबॉल खस्सी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष मोहम्मद हासिम, सचिव अशजद अफरीदी, संरक्षक थाना प्रभारी को बनाया गया है। जिसका नामांकन शुल्क बालको का 501 रुपए एवं बालिका का 301 रखा गया है। इच्छुक टीमें अपना नामांकन लाइफ लाइन में पिंटू मेडिकल मोबाइल नम्बर 8825174942, झारखंड मेडिकल मोबाइल नम्बर 9931319056,कारू इलेक्ट्रॉनिक मोबाइल नम्बर 70040440811 पर दिनांक 06 अगस्त 2024 तक कर सकते हैं।बालक बालिका के विजेता टीम को बड़ा खस्सी एवं उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। मो. हाशिम से कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें संवारने की जरूरत है वह राज्य से लेकर देश तक का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्हें पूरी सुविधा मिलनी चाहिए।

# तीन सूत्री मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ का आज से आमरण अनशन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक जिला संघ भवन संध्या में जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महासचिव संजय कुमार के द्वारा 5 अगस्त से राज्य स्तरीय तीन सूत्री मांग को लेकर शुरू हो रहे आमरण अनशन की जानकारी दी एवं इसकी रूपरेखा तैयार की गई ।जिला अध्यक्ष ने बताया कि संघ की मुख्य मांगों में पहला अन्य कर्मी की भांति एम.ए.सी.पी. को लागू करना,वेतन विसंगति को दूर करना,ऐच्छिक अंतर जिला की मांग करना ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त मांग को लेकर 5 अगस्त से शुरू हो रहे राज्य स्तरीय आमरण अनशन में सिमडेगा जिला सैकड़ो की संख्या में 6 अगस्त को शिक्षक रांची जाएगी। इसके लिए जिला स्तर पर जिला मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है। जिसमें श्रवण कुमार बड़ाइक, सुबोध कुमार और नौशाद परवेज है ।जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षको एवम जिले के सभी शिक्षकों से अपील किया है कि अपनी वास्तविक मांग को लेकर आमरण अनशन में बैठे हमारे जांबाज साथियों का हौसला बढ़ाने के लिए सभी शिक्षक शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होकर रांची चलें ।बैठक के उपरांत जिला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को उपरोक्त मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया ।इस संबंध में विधायक ने कहा कि आपकी मांगे संवैधानिक है आपकी मांगो को लेकर मैं 5 अगस्त को मुख्यमंत्री और शिक्षा अधिकारियों से मिलकर आपकी मांगो से अवगत कराते हुए निराकरण कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा ।मौके पर श्रवण कुमार बड़ाइक, नौशाद परवेज ,सुबोध कुमार, दीपक प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

### ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव समूचे प्रखंड क्षेत्र में किया जाएगा : सुधीर मंगलेश

**रांची/ रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत में दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व रविवार को ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव अभियान का का शुभारंभ किया गया । बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि में समूचे प्रखंड क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का व्यापक छिड़काव किया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य जलजनित बीमारियों और संक्रमणों को रोकना है। कहा बरसात के मौसम में पानी का ठहराव आम बात है, जिससे मच्छरों के प्रजनन और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव इन समस्याओं को नियंत्रित करने का एक प्रभावी उपाय है। हम समुदाय के सभी सदस्यों से अपील करते हैं कि वे स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और इस अभियान में हमारा सहयोग करें ।इस पहल में पंचायत के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे सामुदायिक एकजुटता और सहयोग की भावना को बल मिला।

## अंतरराज्यीय पशु तस्कर को सिमडेगा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सिमडेगा।** जिले के मुफ्फसिल थाना की पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने 08 अंतरराज्यीय पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है ।जानकारी देते हुए एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बनडेगा ओडिसा के रास्ते कुछ पशु तस्करों द्वारा अवैध रूप से कुछ गौवंशीय पशुओ को राँची ले जाया जा रहा है। प्राप्त सुचना के आलोक में पुलिस के द्वारा छापामारी दल का गठन कर छापामारी किया गया। छापामारी के कम में 08 अंतरराज्यीय पशु तस्करो को 04 तस्करी की जा रही गोवंशीय पशु 03 पिकअप वाहन एवं रैकी करने में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में मुफसिल थाना कांड सं0-10/24 के धारा-317 (5)/3(5) बी०एन०एस०, 12(1) (2) झारखंड गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 एवं 11 (1) (ए)/11 (1) (डी) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए बताया कि ये सभी रैकी कराते हुए 32 पशुओं को ले जा रहे थे एवं पुलिस द्वारा छापामरी की भनक लगते ही सभी पशुओं को गाड़ी से भगा दिये। जिसमें से 04 पशु को बरामद किया गया है व अन्य पशुओं की बरामदगी हेतु छापेमारी की जा रही है ।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अजमेर भंडारी, इरशाद साई, इकरामुल हक, साकीर मीर, आजाद खान, परवेज खान, शमीम बख्श, अशुदुल्ला शामिल हैं।

### जिले में धूमधाम से मना संत जॉन मेरी बियानी का पर्व

# विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** तुमडेगी भिखारीएट के तुमडेगी पल्ली में संत जॉन मेरी बियानी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौके ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने संत बियानी की तस्वीर के समीप कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने संत जोन मेरी बियानी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत बियानी पल्ली पुरोहितों के संरक्षक थे। हमें संत बियानी को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वे सच्चाई के मार्ग पर हमेशा चलते रहे। हमें उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी है। उन्होंने कहा कि हर संघर्ष के बाद जीत होती है। संत बियानी भी अपने जीवन मे काफी संघर्ष किए। छात्र-छात्राएं आप लोग भी अपने पढ़ाई के प्रति संघर्ष करते रहें सफलता मिलेगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत जॉन मेरी बियानी पर्व हमें विनम्र, उदारता और सभी के साथ सहानुभूति रखने का संदेश देता है। सभी लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सभी खुशनसीब है कि हम सभी को संत बियानी जैसे महान संतो का संरक्षण प्राप्त है। इधर विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा को लोगों ने बुके देकर व माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इधर सुबह में पर्व के मौके पर मिसा पूजा डीन सह पल्ली पुरोहित सह डीन फादर पीटर मिंज,सहायक पल्ली पुरोहित फादर अमित कुजूर की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, मुखिया अनिल उरांव, उर्मिला सहित भारी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

### सुड़ी संघ की बैठक आयोजित, 16 अगस्त को रुद्राभिषेक करने का निर्णय



**सिमडेगा।** रविवार को अनुप साहु की अध्यक्षता में सुड़ी संघ की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत झमनकेरा निवासी स्व ओमप्रकाश साहु (ओंकार) के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सावन माह के सुअवसर पर बिते वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक रायबोगा स्थित शिव मंदिर में 16 अगस्त को किया जाएगा। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि सिमडेगा जिला के सभी मंडलों से कम से कम एक एक जोड़ा रूद्राभिषेक में बैठेंगे और सिमडेगा जिला के समस्त सुड़ी परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि रायबोगा में होनेवाली रूद्राभिषेक समारोह में तन-मन-धन से सहयोग करते हुए सशरीर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें और पुन्य का भागी बनें। बैठक में ज़िला उपाध्यक्ष हलधर प्रसाद, ज़िला सचिव अमित रंजन, भुवनेश्वर साहु, महेश साहु, गौरी साहु, बजरंग चौधरी, तपेश चौधरी,अमरजीत चौधरी आदि मौजूद थे।

## नशाखोरी

### जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने लोगों के प्रश्नों का दिया उत्तर




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में रविवार को सिविल कोर्ट सभागार में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलित में मुख्य रूप से जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा नरंजन सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा मनीष कुमार सिंह, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, सुमी वीणा होरो, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा, सिमडेगा बार के अध्यक्ष बसंत कुमार, सहायक लोक अभियोजक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, एवं पुलिस उपाध्यक्ष, मुख्यालय, सिमडेगा अवधेश कुमार यादव द्वारा किया गया। उपस्थित अधिकारीगण, अधिवक्तागण, बाल कल्याण समिति के सदस्यगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, पुलिस पदाधिकारीगण एवं पारा लीगल वॉलेंटियर्स को संबोधित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा निरंजन सिंह ने एनडीपीएस पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एनडीपीएस वादों की संख्या बढ़ गई है। जिसका मूल कारण युवाओं में नशा खोरी का बढ़ना है। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा मनीष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उपस्थित लोगों के द्वारा उठाये गये विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा, सिमडेगा ने दिव्यांग बच्चों के लिए बनाये गये विभिन्न कानूनों के बारे में बताया। इसी प्रकार सहायक लोक अभियोजक, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने मानव तस्करी के बारे में जानकारी दी। उपरोक्त कार्यक्रम के विभिन्न बिन्दुओं को पावर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन के द्वारा लोगों को समझाया गया। मंच का संचालन अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी. सिमडेगा, सुमी वीणा होरो के द्वारा किया गया।

## बाल विकास विद्यालय के प्रधानाध्यापक को 'बानो रत्न' से किया जाएगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति बानो के चयन समिति ने इस बार बाल विकास विद्यालय बानो के प्रधानाध्यापक भगवान पण्डा को बानो रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है ।मालूम हो कि हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बानो प्रखण्ड में बेहतर कार्य करने वाले व्यक्ति को बानो रत्न से सम्मानित किया जाता है ।ज्ञात हो कि बाल विकास विद्यालय बानो के प्रधानाध्यापक भगवान पण्डा पिछले 44 वर्षों से बानो में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं ।मालूम हो कि बानो प्रखण्ड सहित बानो प्रखण्ड 1980 में काफी पिछड़ा क्षेत्र था,पठन पाठन की बेहतर व्यवस्था नहीं थी ।प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी कर्मचारियों व ग्रामीण अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाना तो चाहते थे पर कोई व्यवस्था नहीं थी ।तब तत्कालीन प्रमुख नंदकिशोर सिंह ,रामलाल साहू,रामजतन प्रसाद आदि लोगो ने एक क्लब बनाया और क्लब के संरक्षण में एक विद्यालय खोला गया ।1981 में मात्र 15 विद्यार्थियों का स्कूल खुला ।तब से अब तक भगवान पण्डा विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं ।उनके हँसमुख स्वभाव बच्चों के साथ साथ अभिभावकों को भी पसंद आया ।भगवान पण्डा प्रिंस चौक सिमडेगा के रहने वाले हैं,उन्होंने बताया कि उस समय स्टेट बस चलती थी। उसी से घर आना जाना होता था।

### लगातार बारिश से घर हुआ क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग



**कुरडेग।** प्रखंड के झिरकामुंडा गांव में शनिवार रात में लगातार बारिस के कारण भज्जू ग्वाला का कच्चा मकान गीर गया। भज्जू ने बताया कि शनिवार रात वह घर में नहीं था,उसी समय बारिस के कारण घर का धरना टूटने से छप्पर गिर गया। भज्जु ग्वाला ने बताया कि अचानक घर गीरने से किसी अन्होनी घटना से इंकार नही किया जा सकता ।गनीमत रही कि वो घर में मौजूद नही था। वहीं बगल में शमीम अंसारी का चहारदिवारी भी करीब चालीस फीट ढह गया ।दोनों घर एवं चहार दिवारी के मरम्मती के लिए प्रशासन से मदद मांग की है।

## एक नजर

### खूंटी नगर भवन में 26 को धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**खूंटी।** इस्कॉन अनुमोदित खूंटी नामहट के तत्वावधान में 26 अगस्त को नगर भवन खूंटी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। साथ ही 27 अगस्त को इस्कॉन संस्था के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की जयंती एवं नंद उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य कथावाचक मधुकंठ दास (एम.फिल बायोकेमेस्ट्री) इस्कॉन सेलम (तमिलनाडु) होंगे। उपायुक्त लोकेश मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इससे पूर्व 25 अगस्त को इस्कॉन केंद्र पिपरा टोली से शहर में जागरूकता के लिए नगर संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी इस्कॉन नामहट केंद्र खूंटी के अध्यक्ष शुकामृत दास ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 26 अगस्त को प्रातः 4.30 बजे मंगल आरती, 7.15 बजे दर्शन आरती, 7.30 बजे गुरु पूजा और 8.00 बजे भागवत कथा होगी। संध्या बेला में 6.30 बजे से हरि कीर्तन, 7.30 बजे नृत्य प्रस्तुति, 8.30 बजे जन्माष्टमी प्रवचन, 9.30 बजे प्रोजेक्टर चलचित्र, 10.30 बजे नृत्य कीर्तन, 11 बजे 56 भोग अर्पण, मध्य रात्रि 12 बजे महाआरती और 12.15 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खूंटी शहरी क्षेत्र के घर-घर अभियान चलाया जा रहा है और आमंत्रण बांटा जा रहा है।

### यंग इंडियंस की ओर से नशे की लत पर परिचर्चा का आयोजन कल

**जमशेदपुर।** यंग इंडियंस (वाईआई) जमशेदपुर, मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज के सहयोग से तंबाकू, शराब और नशीली दवाओं के खतरनाक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एडिक्शनः ए डायलॉग विद युवा नामक एक पैनल परिचर्चा का आयोजन कर रहा है. यह परिचर्चा 6 अगस्त को कुडी महंती सभागार कदमा में शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच होगा। इस परिचर्चा का उद्देश्य कॉलेज के छात्रों को इन पदार्थों की लत से बचने के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहित करना है। अनन्य मित्तल (आईएएस), डीसी, जमशेदपुर ने पैनल परिचर्चा के लिए मुख्य अतिथि बनने के लिए सहमति दे दी है।

### कीर्तन एवं सिख इतिहास मुकाबला के परिणाम घोषित

**जमशेदपुर।** गावहो सच्ची बाणी-2024 कीर्तन और सिख इतिहास मुकाबला का फाइनल रविवार को साकची गुरुद्वारा में संपन्न हुआ। बीबी सिमरन कौर जवद्दी टकसाल लुधियाना वाली और ज्ञानी सुच्चा सिंह मेहता चौक पंजाब वाले ने जज की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों के गुरवाणी स्वर व सुर-ताल को तराशते हुए प्रतिभागियों का चयन किया। संगत ने इस आयोजन की प्रशंसा की। साथ ही मुख्य अतिथि राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योती सिंह मथारु ने कहा कि युवा पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक करने का यह प्रयास अच्छा है। आने वाले समय में झारखंड बंगाल स्तर पर कार्यक्रम करने की बात करते हुए उन्होंने अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### प्रजापति समाज ने विधायक मंगल का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** कुम्हार समाज के उत्थान एवं अन्य स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए प्रजापति विकास संघ की एक सभा सोपोडेरा में आयोजित की गई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस दौरान समाज के लोगों ने उनके समक्ष समाज का भवन समेत अन्य मांगों को रखा। विधायक ने हर संभव सहयोग का वादा किया तथा संघ द्वारा किये जा रहे समाजिक कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही साथ समाज को हर संभव मदद देने का वादा किया।

# सरायकेला के चांडिल डैम से छोड़ा गया 3500 क्यूसेक पानी

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

कोल्हान के तीनों जिलों में विगत चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं। जिला प्रशासन के आदेश पर एहतियात के तौर पर चांडिल डैम के चार फाटक खोल दिए गए हैं, जिससे जमशेदपुर समेत सरायकेला के तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने का निर्देश दिया है।



स्वर्णरेखा नदी का डेंजर लेवल 121.50 मीटर है, जबकि खरकई नदी का 129 मीटर है

उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर और सरायकेला से होकर बहने वाली प्रमुख नदियों में स्वर्णरेखा और खरकई हैं। स्वर्णरेखा नदी का डेंजर लेवल 121.50 मीटर है, जो खतरे के निशान से करीब 5 मीटर नीचे है जबकि खरकई नदी का डेंजर लेवल 129 मीटर है। फिलहाल यह नदी खतरे के निशान से करीब दो मीटर नीचे है। रविवार को चांडिल डैम से करीब 3500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिसके जमशेदपुर पहुंचने में पांच से छह घंटे लग सकते हैं। इधर, जिला प्रशासन ने तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है। जिला प्रशासन ने अपील किया है कि लोग नदी किनारे नहीं जाएं। साथ ही लोग जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें।

# श्रावणी मेले में एसडीएम ने की छापेमारी

## भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

बासुकीनाथ में अवैध शराब विक्रेताओं के होश उस समय उड़ गए जब बीते शनिवार की रात बासुकीनाथ बस पड़ाव में चाय की दुकान में संचालित शराब के अड्डे का पदार्फाश हुआ, जिसमें पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब और बियर की बोतल जब्त किया। इस दौरान एसडीओ के साथ उत्पाद शुल्क निरीक्षक विक्रम कुमार मौजूद थे।

छापेमारी को लेकर एक्साइज इंस्पेक्टर विक्रम कुमार ने बताया कि छापेमारी में 24 लीटर बीयर और 10 लीटर से अधिक विदेशी शराब चाय दुकान से बरामद की गई। शराब विक्रेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में दुकान संचालकों के खिलाफ शराब के अवैध बिक्री एवं भंडारण को लेकर कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नाकोत्तर सत्र 2022-24 एवं स्नातक सत्र 2021-24 के विद्यार्थियों की विदाई तथा सत्र 2024-26 एवं 2024-28 के विद्यार्थियों के स्वागत समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा , उपकुलपति प्रो (डॉ) रश्मि , कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल एवं राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित तथा स्व. राधा देवी एवं स्व.गोविंद साह के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी विधार्थियो के हार्दिक बधाई दी एवम उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलसचिव प्रो.(डॉ)निर्मल कुमार मंडल ने नए सत्र के विधार्थियो का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने का परामर्श दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, एकांकी, शायरी एवं चुटकुले जैसे विभिन्न प्रस्तुतियां दी। जिनमें नीता, खुशबू , नेहा, पूजा, मीरा, सरिता, सुहानी, ईशा, दीपा,अलका, मनीष, प्रकाश, एवं अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जहां एक ओर सीनियर्स ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया वहीं दूसरी ओर अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को भी साझा किया। विभाग के व्याख्याता डॉ दिलकेश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान, बुद्धदेव महतो, मासूम कुमार एवं अक्षय कुमार सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रामगढ़ चैंबर भवन में सांसद मनीष जायसवाल ने की प्रेस वार्ता, कहा

# बजट पूरी तरह से प्रोग्रेसिव है, जो देश के विकास की गति को बढ़ाने में मदद करेगा

**इस बार का बजट 48 लाख करोड़ का है**

**कृषि क्षेत्र के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ राशि उपलब्ध कराई गई है**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने 4 अगस्त को शहर के बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस बार का बजट 48 लाख करोड़ का है। जबकि वर्ष 2014 का गजट 18 लाख करोड़ का था। सांसद ने कहा की बजट में राशि में इतनी वृद्धि इसलिए की गई है ताकि देश के सभी क्षेत्रों के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जा सके। सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि बजट में रूरल विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ राशि की व्यवस्था की गई है।

ताकि देश के रूरल क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ राशि उपलब्ध कराई गई है। बताया कि बजट में देश में नचुरल फारमिंग पर जोर दिया गया है। कहा कि इसका उद्देश्य है कृषि के मामले में देश को आत्मनिर्भन बनाना। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की देश में अब भी अपनी जरूरत पूरा करने के लिए दाल और खाद्य तेल का आयात करना पड़ता है।

इसलिए सरकार ने बजट में देश में दलहन और तेलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। ताकि दलहन और तेलहन में देश आत्मनिर्भर हो सके। सांसद ने बताया कि वर्तमान समय में पूर्व की तुलना में बारिश कम हो रही है। इसलिए सरकार ने इसी परिवेश के अनुसार कृषि को बढ़ावा दे रही है। इसी के अनुसार बीज तैयार किये जा रहे हैं। मनरेगा को लेकर सांसद ने बताया कि यूपीए सरकार की तुलना में एनडीए सरकार के कार्यकाल में इसके लिए राशि में 48 प्रतिशत की बृद्धि की गई है।



### बजट में झारखंड पर ध्यान नहीं देने का आरोप झूठा

सांसद ने प्रेस वार्ता में बताया की विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं की बजट 2024 में झारखंड पर ध्यान नही दिया गया है जो निराधार है। कहा कि बजट में ट्राइबल वेलफेयर के लिए प्रावधान है और झारखंड के गुमला, लोहरदगा, पाकुड़ आदि के लिए विशेष प्रावधान किये गए हैं। सांसद ने आरोप लगाया की केंद्र सरकार द्वारा अबतक देश में 4 करोड़ पीएम आवास बनाए गए हैं और अगले 5 वर्ष में 3 करोड़ और पीएम आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि पीएम आवास के लिए केंद्र सरकार जो राशि देती है वह झारखंड के लिए भी होती है। सांसद ने कहा की राज्य सरकार ने राज्य में पीएम आवास का स्वरूप बदलकर इसका नाम अबुआ आवास योजना रखा है। लेकिन इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

### पूर्व विधायक ने की प्रेस वार्ता, कहा

# कई बार शराब व अफीम माफिया के खिलाफ रेड करवाई है

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

**अफीम माफिया अपहर्ताओं को संरक्षण दे रहे हैं एसडीपीओ, डीजीपी से करूंगा लिखित शिकायत : विधायक अकेला**

एनएच आईबी में आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार पर अफीम तस्कर और अपहरण कर्ता को बचाने का संगीन आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि बीते 1 जून को चौपारण के बगनबीघा निवासी संतोष यादव पिता प्रयाग यादव के घर पुलिस ने छापेमारी कर अफीम-डोडा व मशीन जब्त किया। मामले को लेकर चौपारण पुलिस ने नशीले पदार्थ रखने के जुर्म में कांड संख्या 187/24 दर्ज करते हुए संतोष यादव को प्राथमिक अभियुक्त बनाया। परंतु पूर्व विधायक के दवाब में एसडीपीओ सह एएसपी ने सुपरविजन रिपोर्ट ही बदल दिया। मुख्य अभियुक्त को बचाते हुए चौकीदार पवन कुमार टूटी को अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया गया। प्राथमिक अभियुक्त को अनुसंधान की बात कह बचाने का काम कर रहे है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चौपारण कांड संख्या 253/24 जो कि अपहरण का मामला है। इस कांड के मुख्य अभियुक्त को भी एसडीपीओ ने संरक्षण देकर जांच की दिशा को बदलने का कार्य किया है। दोनो कांड के अभियुक्तो को एसडीपीओ पूर्व विधायक के कहने पर बचा रहे है।

उन्होंने यह भी बताया कि चौपारण पुतला दहन प्रकरण में 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है। महीनो बाद अब तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि पुलिस अपराधियो के दवाब में है। दुर्भाग्य की बात है कि जब विधायक सुरक्षित नही है तो आम जन क्या हो सकता है ? एसडीपीओ की पक्षपात पूर्ण रवैया के खिलाफ विधायक ने डीजीपी झारखंड से लिखित शिकायत कर अपराधियो को जेल भेजवाने की बात कही है।

# दमखम के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी भाकपा : रामकृष्ण पांडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक में आदिवासी महासभा के महासचिव पशुपति कॉल की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अंजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड के नए प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक की रिपोर्टिंग करते हुए कहा की तीसरी बार मोदी की सरकार जरूर बन गई लेकिन 400 पार की दावे खोखले साबित हुए। लोग मोदी को सत्ता से हटाना चाहते थे, लेकिन इंडिया गठबंधन की सही गठबंधन नहीं करने के कारण तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार बन गई। बैठक में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राजनीतिक एवं संगठनीक रिपोर्ट पेश किया। राज्य परिषद के साथियों ने बहस करते हुए बहुमत से पास किया ।झारखंड में 20 से 25 सीटों पर दमखम के साथ चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार, राज्य सचिव महेंद्र पाठक,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, इम्तियाज खान,सोनिया देवी, सुरेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### झारखंड सरकार पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार नहीं

# दोनों सरकारें मिलकर करें काम : हिमंता विस्वा सरमा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में इन दिनों भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी चर्चा की है। खासकर तेनुघाट (बोकारो) से छोड़े जा रहे पानी के कारण बंगाल में बाढ़ की स्थिति बनने की चर्चा की है। इस पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने रविवार को सोशल मीडिया (एक्स) पर कहा है कि वे दीदी का सम्मान करते हैं लेकिन वे उनकी इस धारणा को स्वीकार नहीं कर सकते कि झारखंड सरकार पश्चिम बंगाल में आई बाढ़ के लिए जिम्मेदार है। दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। हर साल, अरुणाचल और भूटान पहाड़ियों से आने वाला पानी असम में बाढ़ का कारण बनता है। हालांकि, हम अरुणाचल सरकार या रॉयल भूटान सरकार को दोष नहीं देते। क्योंकि, हम समझते हैं कि पानी की कोई सीमा नहीं होती और यह स्वाभाविक रूप से नीचे की ओर बहता है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने एक्स के जरिए कहा है कि तेनुघाट से अचानक भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण बंगाल में बाढ़ की स्थिति बनी है। यह प्राकृतिक नहीं, मैन मेड संकट है। इस संदर्भ में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उन्होंने बात भी की है। उन्होंने दक्षिण और उत्तर बंगाल के डीएम को बाढ़ की स्थितिपर सजग रहने को कहा है। वे खुद भी इन सारी परिस्थितियों पर नजर रख रही हैं।

# दुमका में क्रशर प्लांट लूटकांड का खुलासा, पांच आरोपित गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

मेसर्स शिव शंकर इंटरप्राइजेज क्रशर प्लांट में लूटपाट की घटना का उद्भेदन करते हुए दुमका पुलिस देशी कट्टा एवं लूटा मोबाईल समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन बाईक, मजदूरों के पास से लूटा गया चार मोबाईल एवं 27,550 रुपये नकदी बरामद किया है। मामले का उद्भेदन रविवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में एसपी पितांतबर सिंह खेरवार ने किया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में गिरीडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के पत्थलजोर गांव निवासी करम लाल मुर्मू एवं सोनाराम हेम्ब्रम, बेंगाबांद गांव निवासी भुवनेश्वर हांसदा, डुमरी थाना क्षेत्र के कोलोचुंआ गांव निवासी मिकेश कुमार सोरेन एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोलबेड़ा गांव निवासी फूलचंद हांसदा शामिल हैं।

बीते दो अगस्त को करीब चार बजे शाम को 10 से 11 अपराधियों द्वारा जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के लखीबाद गांव स्थित मेसर्स शिव शंकर इंटरप्राईजेज क्रशर प्लांट में लूट की घटना को अंजाम दिया था। नकाबपोश अपराधियों ने बंदूक की नोक पर क्रशर प्लांट में मजदूरों से मारपीट करते हुए एक लाख 24 हजार रुपये एवं मजदूरों के मोबाईल को लूटपाट कर फरार हो गए थे।

मामले को लेकए एसडीपीओ विजय कुमार महतो के नेतृत्व में टीम गठित कर अलग-अलग छापेमारी की गई। संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ के आधार पर पांच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पड़ोसी जिलों समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में काठीकुंड प्रभाग के इंस्पेक्टर नंदकिशोर प्रसाद, नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा, थाना प्रभारी मुफस्सिल नीतीश कुमार, थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा हरिप्रसाद साह, थाना प्रभारी, जामा अजीत कुमार, थाना प्रभारी गोपीकांदर रंजीत मंडल, थाना प्रभारी काठीकुंड त्रिपुरारी कुमार, थाना प्रभारी दिग्घी ओपी अनुज कुमार, थाना प्रभारी मसानजोर ओपी राजेश कुमार आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### 161वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा संपन्न



**रांची।** 161 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 700 श्रद्धालुओं बीच वितरण किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डाक्टर श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिङ्) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे सेवाभावी सदस्यों एव श्रद्धालुओ के सहयोग से आज 04 अगस्त रविवार को 161 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद परमहंस डाङ्क संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के जन्मदिवस, हरियाली अमावस्या एवं मित्रता दिवस के सुअवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गयी। संस्था के पुरणमल सर्राफ सरा,निर्मल जालान,मनीष सोनी,उर्मिला पाडिया, चिरंजीलाल खणडेलवाल और संस्था के सदस्यों ने भक्ती भाव से राज श्यामा जी की बहुत भक्ति भाव से भोग लगाकर आरती करकर भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। सभी सदस्यों एवं वहा उपस्थित श्रद्धालुओ ने बहुत ही भक्ति पूर्ण भाव से भजन गायन कर भोग लगाया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी,निर्मल छावनिका, विशाल जालान के अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### टीएसपीसी उग्रवादियों के विरुद्ध छापेमारी

**खलारी।** पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में टीएसपीसी उग्रवादी रामेश्वर महतो, दिवाकर गंझु व अनीश अंसारी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। डीएसपी खलारी ने बताया कि बुढ़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत बिन्जा, छापर, पंडरिया, खुटेर, हेंदेगीर घाटी क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस बल इन इलाकों के घने जंगलों में उग्रवादियों के छिपने के संभावित ठिकानों, जंगल के बीच सुदूर गांवों आदि में छोपमारी की। हालांकि सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इन उग्रवादियों को पकड़ने के लिए पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

### जेसीआई ने किया 33 यूनिट रक्तदान



**रांची।** जेसीआई ने अपने कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 33 यूनिट रक्त लोगों के द्वारा रक्तदान कर संग्रह किया गया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्राउड डोनर का सर्टिफिकेट, नाश्ता का पैकेट एवं फ्रेश जूस दिया गया। इस शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा की हमारा जीवन हमारे रगों में दौड़ रहा है और रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन भी बचा सकते हैं, कार्यक्रम संचालक अंकित मोदी एवं अंकित अग्रवाल ने कहा रक्तदान हमारे समाज सेवा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लोगों को जब इसकी जरूरत पड़ती है तब इस बात का अनुभव होता है कि रक्तदान हम सभी के लिए कितना महत्वपूर्ण है। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि जरूरतमंद लोगों को ब्लड बैंक में रक्त नहीं होने की वजह से नहीं मिल पाता, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने की जरूरत है और हमारा प्रयास आगे भी रक्तदान शिविर लगाने का रहेगा। इस शिविर को सफल बनाने में जेसीआई राँची के सचिव मयंक अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, रोहित दयानी, उमंग ताइवाला व अन्य सदस्यों ने सहयोग किया एवं इस शिविर का संचालन अंकित अग्रवाल एवं अंकित मोदी साथ ही सह संचालन सृजन हेतमसरिया एवं अग्निश मित्रा ने किया। यह जानकारी जेसीआई राँची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।

### पेड़-पौधों से मित्रता पर्यावरण संरक्षण का आधार : सकलदीप भगत

**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को मित्रता दिवस (फ्रेंडशिप डे) के अवसर पर पर्यावरण संवर्द्धन और संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ पौधा वितरण किया गया। मौके पर फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि परिवार, समाज और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। इसलिए पेड़ पौधों को सच्चा मित्र बनाएं। पेड़ पौधों से मित्रता पर्यावरण संरक्षण का आधार है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए जागरूक किया गया। कहा गया कि पेड़ पौधे भी हमारे सच्चे मित्र होते हैं। इसलिए इस दिन पौधे को मित्र बनाएं और जीवन में हरियाली लाएं। संस्थान की छात्रा साक्षी, सौम्या, मुस्कान एवं खुशी ने भाषण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन आरजू एवं प्रियंका ने किया।

### बाबा आम्रेश्वर धाम के स्वयंभू शिवलिंग का भव्य श्रृंगार, हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक

**खूंटी।** पवित्र सावन महीने की दूसरी सोमवारी से पूर्व रविवार की शाम बाबा आम्रेश्वर धाम के पवित्र स्वयंभू शिवलिंग का श्रृंगार पूजन विधिवत संपन्न हुआ। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा आयोजित इस परंपरागत श्रृंगार पूजन कार्यक्रम में प्रबंध समिति के लोग शामिल हुए। विधि विधान से संपन्न श्रृंगार पूजन के दौरान पवित्र शिवलिंग सहित बाबा के दरबार को रंग बिरंगे फूलों से सुंदर ढंग से सजा दिया गया है। इस बीच दूसरी सोमवारी से पूर्व रविवार को अहले सुबह से ही बाबा आम्रेश्वर धाम में जलार्पण के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। रविवार को पूरे दिन यहां जलार्पण और पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। एक महीने तक चलने वाले श्रावणी महोत्सव को लेकर उपायुक्त और एसपी के निर्देश पर मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए समुचित संख्या में पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही डंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, स्नानागार, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन किया गया है।

### खूंटी से 110 कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना, लोगों ने दी शुभकामनाएं

**खूंटी।** जिला कावंरिया संघ के बैनर तले खूंटी के 110 कांवरियों का जत्था रविवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। जयप्रकाश भाला और पूर्व वार्ड पार्षद अनूप साहू के नेतृत्व में बाबाधाम रवाना हुए कांवरियों के जत्थे को नेताजी चौक स्थित देवी मंडप के पास स्थानीय युवाओं ने मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इससे पूर्व महादेव मंडा परिसर में भी कांवरियों का स्वागत किया गया और वहां से बाजे-गाजे के साथ सभी कांवरिया जुलूस के रूप में नेताजी चौक स्थित देवी मंडप पहुंचे।

बाधाएं दरअसल भयावह चीजें हैं, जिन पर आपका ध्यान उस समय जाता है जब आप की नजर लक्ष्य से हट जाती है। - हेनरी फोर्ड



संपादकीय

# भारतीय युवाओं में है आर्थिक महाशक्ति बनाने की क्षमता

65 फीसदी से ज्यादा भारतीय 35 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारतीयों की औसत आयु मात्र 28 वर्ष है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि इस संभावित गतिशील, युवा कार्यबल को एक बड़ी बाधा का सामना करना पड़ता है-कौशल का अंतर, जो नियोक्ता द्वारा कर्मचारियों से अपेक्षित कौशल और कर्मचारियों के पास वास्तव में मौजूद कौशल के बीच की असमानता को बताता है। भारत के लाखों युवक-युवतियों के पास, जिनमें औपचारिक डिग्रीधारी भी शामिल हैं, देश में या उसके बाहर आज के गतिशील कार्यस्थल के लायक जरूरी कौशल का अभाव है, चाहे वह विनिर्माण का क्षेत्र हो या सेवा का। भारत की? उन्नति तभी होगी, जब उसका कार्यबल तेजी से बदलते कामकाज की दुनिया में कार्य करने के लिए तैयार हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डाटा, डाटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा तेजी से भविष्य के मुख्य कौशल बनते जा रहे हैं। इसके अलावा, विश्लेषणात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, संकट प्रबंधन और टीम के साथ मिलकर काम करने का हुनर भी महत्वपूर्ण है। कुछ सम्मानजनक अपवाद हैं, लेकिन अब भी भारत की शिक्षा प्रणाली व्यापक स्तर पर रटने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करती है, जिससे युवा लोग कार्य की बदलती दुनिया के लिए अयोग्य साबित होते हैं। इसमें बदलाव की जरूरत है, और इसके लिए व्यापक तौर पर फिर से प्रतिभा को तराशने और पुनकौशल की जरूरत है। यह सब नरेंद्र मोदी सरकार के केंद्रीय बजट-2024 में प्रस्तावित नई इंटर्नशिप योजना के लिए प्रासंगिक हैं। कौशल पर ऐसे समय में जोर दिया गया है, जब 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में पाया गया है कि कॉलेज से निकलने वाले दो में से लगभग एक स्नातक रोजगार के योग्य नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि, 'अनुमानों से पता चलता है कि लगभग 51.25 फीसदी युवा ही रोजगार के योग्य माने जाते हैं। यानी कॉलेज से निकलने वाले लगभग दो में से एक युवा अभी रोजगार के लिए तैयार नहीं माने जाते हैं। हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि पिछले दशक में यह आंकड़ा 34 फीसदी था, जो बढ़कर 51.3 फीसदी हो गया है।' सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि ?2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की जरूरत है।बजट में प्रस्तावित इंटर्नशिप योजना को लेकर लोगों में दिलचस्पी बढ़ी है। इस योजना का लक्ष्य 500 शीर्ष भारतीय कंपनियों के माध्यम से पांच साल में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान करना है। इसका लक्ष्य 21 से 24 वर्ष के वैसे युवा हैं, जो न तो कहीं नौकरी करते हैं और न ही जिन्होंने पूर्णकालिक शिक्षा हासिल की है। आईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर और चार्टर्ड एकाउंटेंसी कॉलेज के स्नातक इसके योग्य नहीं हैं। अधिकांश लागत सरकार खुद वहनकरेगी, लेकिन संगठनों को अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) फंड से इसमें योगदान देना जरूरी है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। लेकिन अभी तक इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं है और योजना के बारे में जवाबों से ज्यादा सवाल हैं। सरकार ने इस पर जोर दिया है कि यह योजना 'स्वैच्छिक' है, जिसका मतलब है कि किसी भी कंपनी को इसमें शामिल होने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

> उन्नति तभी होगी, जब उसका कार्यबल तेजी से बदलते कामकाज की दुनिया में कार्य करने के लिए तैयार हो।

# हम तो डूबे हैं सनम, तुमको भी ले डूबेंगे



आज की बात



तनवीर जाफरी
लेखक वेब मीडिया में अतिसक्रिय और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

मानसून की आमद हो चुकी है। इस मौसम में देश के किसी न किसी भाग से बाढ़, जलप्रलय, भूस्खलन, बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आती रहती हैं। इस बार भी जहां हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीं केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ, किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता। परन्तु रिहायशी इलाकों में पानी भर जाना,भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना, नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13,450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कार्यवाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे। यानी नए संसद भवन में कोई पोर्टिको भी नहीं है और संभवत वहां जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अब संसद भवन के टपकने में प्रकृति का क्या दोष ? इस घटना के बाद आरोप लग रहा है कि यहाँ न तो छत वाटर प्रूफ है न ही पानी निकासी के समुचित प्रबंध हैं न सीवर ड्रेनेज सिस्टम सही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराना संसद भवन जोकि 97 साल पहले 1927 में बनाया गया था आखिर उसके टपकने या लीक होने की तो आज तक कोई खबर नहीं आयी? परन्तु मात्र एक वर्ष पहले तैयार हुआ संसद भवन टपकने भी लगा? इस घटना में प्रकृति दोषी है या भ्रष्ट प्रबंधन या अकुशल,अदूरदर्शी निर्माणकर्ता व इंजीनियर्स?

इसी तरह मानसून से पहले ही जून माह के अंत में जब पहली बारिश हुई उस समय अयोध्या में राम मंदिर मंदिर की छत टपकने लगी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत?येंद्र मिश्र ने उसी समय मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुये कहा था कि, ह्यगर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर चुका है। ऐसे में कहीं बिजली का करंट न उतर आए इसलिए सुबह 4 बजे और 6 बजे होने वाली आरती टॉर्च की रोशनी में करनी पड़ी। उसी समय पुजारी ने यह भी कहा था कि अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुआ, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी।ह्व अभी तक राम मंदिर का जो केवल एक फ्लोर तैयार हुआ है इसी पर लगभग 1800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। परन्तु मंदिर ट्रस्ट के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा पुजारी सत?येंद्र मिश्र के आरोपों को झुठलाने की कोशिश की गयी। जरा सोचिये यह घटना प्राकृतिक आपदा का परिणाम है या भ्रष्टाचारी व अकुशल निर्माण व्यवस्था का ? पिछले दिनों अयोध्या में ही दस से अधिक जगहों पर सड़कों के धंसने के भी सचित्र समाचार आये थे।

ऐसी ही शुरूआती बारिश में पिछले महीने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई थी। इस हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गये थे। उसी दौरान देश के अनेक हवाई अड्डों की छतों के टपकने व पानी से एयरपोर्ट के लबालब भर जाने के समाचार आये थे। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश के सतना में 30 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में बारिश का पानी भर गया। एयरपोर्ट की एयर स्ट्रिप में भी पानी भर गया। जिससे एयरपोर्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता व इसकी डिजाइन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर मात्र डेढ़ इंच बारिश ने सतना में 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस नवनिर्मित एयरपोर्ट को जल-भराव के कारण अपनी चपेट में कैसे ले लिया ? इसी तरह जयपुर में भी पिछले दिनों हुई बारिश ने तो पूरी गुलाबी नगरी को ही डुबो कर रख दिया। स्मार्ट सिटी कहे जाने वाले जयपुर में एयरपोर्ट,रेलवे स्टेशन, अस्पताल, कार्यालय, स्कूल, बाजार, मुहल्ले कॉलोनी पुलिस थाने आदि सभी जलमग्न हो गये। जगह-जगह सड़कें धंस गईं, जिनमें स्कूल बस, रिक्शा, कारें और बुलडोजर तक समा गए। इसी तरह बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में हुई लगातार बारिश के कारण हवाई अड्डे के परिसर में और उसके आसपास जलभराव हो गया है। जिससे काजी नजरूल इस्लाम हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं। देश को लूटने व बेच खाने वाला निकृष्ट नेतृत्व जो छतों का टपकना नहीं रोक सकता, बरसाती पानी की निकासी सुनिश्चित नहीं कर सकता, नालों व नालियों की समय रहते सफाई नहीं करवा सकता, ऐसी संसद, विधान सभा और एयरपोर्ट तक को डूबने से न बचा पाने वाली 'डूबती' सरकार व शासन व्यवस्था के लिये तो यही कहा जा सकता है - हम तो डूबे हैं सनम, तुमको भी ले डूबेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

# क्या राजनीति के बदलने की कोई संभावना भी है?



राजीव थेपड़ा, रांची

वैसे तो हममे से बहुत से लोग आशावादी होंगे और बहुत से लोग तरह-तरह के आंदोलन भी करते होंगे कि इससे लोगों का भला हो जाए मगर अगर सच में देखा और सोचा जाए तो यह भांपते देर नहीं लगती कि बरसों पहले ही भारतीय राजनीति का समूचा सिस्टम उन कतिपय लोगों द्वारा हाईजैक कर लिया गया है, जो सिर्फ व सिर्फ अपने स्वार्थों के लिए जीते हैं तथा इसी स्तर की राजनीति भी करते हैं और तो और उन्होंने काम करने वाली नौकरशाही को भी अपनी अघोषित मगर प्रत्यक्ष ताकत के बूते गुलाम बना लिया है और वो समय के साथ अब इतने बेशरम हो चुके हैं कि अब वो बिलकुल नहीं चाहते कि राजनीति स्वच्छ हो और सचमुच लोगों के हितार्थ कार्य करे। देश में अच्छी बातें करने वाले भी बहुत लोग हैं, अच्छा काम करने वाले भी, अच्छा लिखने वाले भी और लोगों के हित में अच्छा आन्दोलन करने वाले भी, मगर किस प्रकार उन्हें कदम-कदम पर पीड़ा सहनी पड़ती है और राजनीति तथा सिस्टम से लड़ते हुए उन्हें हर दिन ऐसे-ऐसे लोगों से पाला भी पड़ता है,जो वास्तव में उनके जूते की नोक के बराबर भी नहीं, मगर राजनीति की इनपर ऐसी कृपा है कि इन्हें कोई भय नहीं और शर्म तो जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूँ, सिरे से ही नदारद है तो ऐसे बेशरम-बेगैरत लोगों के सामने आन्दोलन करने वाले या लोगों के हित की बात करने वाले कुत्ते हैं, जो बिना बात ही उनपर भौंके जा रहे हैं,और तुर्रा यह कि वो यह मानने तक को तैयार नहीं कि वो कुछ गलत कर भी रहें हैं और ऐसे लोगों से हम यह उम्मीद करते हैं, कि वो बदल जायेंगे या कि हमसे कोई सहयोग ही करेंगे, यह हमारा भोलापन ही कहा जा सकता है। देश के प्रति प्रेम और प्राणी-मात्र के प्रति संवेदना ही आदमी को आदमी बनाती है और ऐसे व्यक्ति ही समाज का भला कर सकते हैं और वे ही राजनीति जैसा शुभ कर्म कर्म के योग्य भी होते हैं, मगर दुर्भाग्य से भारत के लिए अब यह सच नहीं है, इसीलिए ऐसा मानना कि हमारे किसी भी आन्दोलन से भारतीय राजनेताओं की आत्मा झकाझक हो जाएगी और वो एकाएक बदल जाएंगे। साथ ही हम यह भी जानते हैं कि राजनीति को बदलने का कार्य हर जगह जनता अपनी व्यापक भागेदारी द्वारा ही कर पाती है मगर यहाँ भी हमने अब तक यही पाया है कि अरबों की जनसंख्या वाले इस देश में हुए पिछले कुछ दिनों हुए आन्दोलनों में कितनी और कैसी भागेदारी रही है, इस एक तथ्य को देखते हुए राजनीति का बदल पाना एक खामख्याली से ज्यादा कुछ नहीं लगता। राजनीति को बदलने के लिए ना सिर्फ राजनीति में इंटरेस्ट लेने वाले, अपितु सार्वजनिक जीवन को महत्त्व देने वाले लोगों की जरुरत है। साथ ही राजनीति का महत्त्व समझने वाले और जनता के लिए अपनी जान पर खेल जाने वाले लोगों की आवश्यकता है। ये नहीं कि प्यादों को आगे कर खुद उड़ लिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात

# क्या अपना इसरो नासा को टक्कर दे रहा है?



सुनील कुमार महला

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी 'इसरो' जहां एक ओर वर्ष 2028 में चंद्रयान-4 मिशन को लांच करने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ' नासा' ने अपने महत्वकांक्षी चंद्र मिशन को रद्द कर दिया है। इसके पीछे आखिर कारण क्या हैं? भारत अपने चंद्र मिशन 'चंद्रयान-4' के तहत जहां चंद्रमा की चट्टानों और वहां की मिट्टी को इकट्ठा करके उन्हें वापस धरती पर लाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, वहीं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा ' ने इस बात को लेकर संपूर्ण विश्व को चौंकाया है कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ और अन्य संसाधनों की खोज के लिए प्रस्तावित आर्टेमिस चंद्र रोवर (वीआईपीईआर) मिशन पर नासा लगभग 450 मिलियन डॉलर (37 हजार 650 करोड़ रुपए) खर्च कर चुका है और कुल लागत 610 मिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि वास्तव में एक बहुत बड़ी धनराशि है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वीआईपीईआर को पहले वर्ष 2023 में लॉन्च करने की योजना थी, लेकिन वर्ष 2022 में नासा ने इसे वर्ष 2024 के अंत तक टाल दिया, ताकि ग्रिफिन लैंडर वीकल के प्री-फ्लाइट टेस्ट के लिए ज्यादा समय मिल सके। इसके बाद लॉन्चिंग की तारीख वर्ष 2025 तक बढ़ाई गई और अब इसे रद्द करना पड़ा है। बहरहाल, यदि हम यहां बजट की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2023 और 2024 के लिए नासा का बजट क्रमशः 25.4 बिलियन डालर तथा वित्तीय वर्ष 2024 के लिए 24.875 बिलियन डालर है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वित्त वर्ष 2024 का बजट पिछले वर्ष के बजट से 2% कम है। जो बाइडेन प्रशासन ने 2024 के वित्तीय वर्ष के लिए 27.2 डालर बिलियन का बजट प्रस्तावित किया था, जो 2023 की तुलना में 7.1% अधिक है। वहीं दूसरी ओर इस साल फरवरी में घोषित अंतरिम बजट में भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिक्ष विभाग को 13,042.75 करोड़ रुपये आवंटित किए। यह पिछले वर्ष के बजट से 498.84 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। हालांकि, यहां यह बात उल्लेखनीय है कि 'इसरो' के पास 'नासा' या विश्व की बाकी अन्य एजेंसियों की तरह ढेर सारे संसाधन और बहुत बड़ा बजट उपलब्ध नहीं है, लेकिन सीमित बजट में ही प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, तकनीकी, लगातार मेहनत से हमारा इसरो अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से

Shashi Singh
2h

#चित्र में दिख रहा व्यक्ति , एक सिक्योरिटी गार्ड है ,
जो कि #चिली देश में नौकरी करता है । कुछ लोगो ने इसको रोज एक ही खाना खाते देखा , जिसमे 1 कप चावल , 2-3 लहसुन , आधा प्याज ...

पूछने पर पता चला कि इसका परिवार #वेनेजुएला में रहता है , वहां पर भयंकर आर्थिक तंगी है।

इसलिए ये बेटा अपनी कमाई का 80%अपने परिवार को भेज कर खुद 1कप चावल खा के सो जाता है , ताकि इसका परिवार जिन्दा रह सके ।

ये सिर्फ इस व्यक्ति कि कहानी नहीं है । #महानगरों में हमें ऐसे बहुत से बच्चे मिल जायेंगे, जो पूरी जिंदगी अपनी परिवार की जिम्मेदारी को मजबूत कन्धों पर उठाकर बिता देते हैं..!

#समाज का ये कर्तव्यबनता है कि जब कभी भी किसी कर्मठ बेटे को अभाव में देखे तो आप हर संभव मदद करें यह किसी देश की बात नहीं है ऐसा हर देश में होता है



धर्म-अध्यात्म

# विलुप्त हुई सावन में झूला झूलने की परंपरा



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

आधुनिक युग ने बहुत कुछ बदल दिया। देशी किस्म की अनगिनत परम्पराएं व रीति-रिवाज विलुप्त कर दिए हैं। इस कड़ी में सावन माह में झूला झूलना भी शामिल है। एक जमाना था, जब झूलों का ग्रामीण औरतें बेसब्री से इंतजार करती थीं कि कब सावन माह का आगमन हो और वो पेड़ों पर रस्से बांधकर झूला झूलें। पर, अफसोस सावन तो हर साल आता है लेकिन झूले नहीं। आज से नहीं, बल्कि सदियों से सावन महीने का झूलों से गहरा नाता रहा है। सनातनी परंपरा के लिहाज से सावन को झूला झूलने वाला माह कहा गया है। हालांकि, झूला झूलना सिर्फ सनातन परंपरा तक ही सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक धर्म के लोग इस पर्व में सहस्त्र शामिल होते रहे हैं। समय बदला, तीज-त्यौहार और रिवायतें भी बदल गईं। साथ ही झूलों की परंपराएं भी। अब कहीं भी सावन के झूले नहीं दिखाई पड़ते। गांवों में दिख जाएं, तो बड़ी बात है। पर, याद सभी करते हैं कि सावन तो आता है लेकिन अपने साथ झूले नहीं लाता। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे झूले कहीं बीच में छूट गए हैं। इस परंपरा के विलुप्त होने के कुछ वास्तविक कारण भी हैं। घरों में आंगनों का खत्म होना, बाग-बगीचे, तालाब-पोखर नष्ट हो गए हैं। पैड़-पौधों को लगाने में लोग कंजूसी दिखाते हैं। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते आवासीय जगह सिमट गईं। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, एकाध दशक पूर्व से झूले की परंपराएं धराशायी हुई हैं। सन 1999 के बाद जैसे ही 2000 में जमाने ने प्रवेश किया, झूले शून्यता की ओर बढ़े। दरअसल, ये ऐसा वक्त था, जहां से जमाने ने खुद को मॉर्डन होना आरंभ किया। तभी से पुरानी परंपराओं ने तेजी से तौबा कहना शुरू किया। फ्लैट संस्कृति का बढ़ना, कच्चे घरों की जगह पक्के मकानों का निर्माण, आमजनों की पहुंच तक फोन-मोबाइल की रीच, नई पीढ़ी का पुरानी रिवायतों से मुंह मोड़ना, जैसे कई कारण हैं। स्थिति आज ये है, झूलों का रिवाज अब इतिहास बन गया है नई पीढ़ी के लिए। मौजूदा समय की आधुनिक चकाचौंध में बुजुर्ग गुजरे जमाने को याद करके अपने मन को मसोसते हैं। बदलते वक्त को वह रोक भी नहीं सकते। उन्हें याद आते हैं उनके देखे हुए पुराने दिन, सावन में भीनी-भीनी बारिश का होना और कजरी-गाने गाकर झूला झूलती महिलाएं, हिंदी फिल्मों के बजते गाने, किसी का भी मन मोह लेते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। बारिश के दीदार तो होते रहते हैं। पर, झूले कहीं दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

> हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

# 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

**कूर्म पुराण :** कूर्म पुराण में चारों वेदों का संपूर्ण सार मिलता है। देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने मंथन के समय मंदराचलगिरि को समुद्र में स्थिर रखने के लि कूर्मावतार धारण कर किया था। इस पुराण में कूर्म अवतार द्वारा दिए गए उपदेशों का वर्णन मिलता है। इसके अलावा इसमें ब्रह्मा, विष्णु, शिव, पृथ्वी और गंगा की उत्पत्ति के बारे में बताया गया है और इस पुराण में मानव जीवन के चार आश्रम धर्मों की जानकारी मिलती है।

**मत्स्य पुराण :** बता दें कि इस पुराण का संबंध श्रीहरि विष्णु के मत्स्य अवतार से है। इस पुराण में जल प्रलय से लेकर कलियुग के राजाओं की सूची का उल्लेख किया गया है। मत्स्य पुराण सुनने से व्यक्ति की कीर्ति बढ़ती है और आयु बढ़ती है। वहीं जातक सभी पापों से मुक्त होकर नारायण में लीन हो जाता है।


**गरुड़ पुराण :** गरुण पुराण मृत्यु से जुड़ी घटनाओं के बारे में जानकारी देता है। इस पुराण में व्यक्ति के जन्म, मृत्यु, पुनर्जन्म, पाप-पुण्य, कर्म, आत्मा आदि से बातों का वर्णन मिलता है।

**ब्रह्मांड पुराण :** अठारह पुराणों में से ब्रह्मांड पुराण में इस बात का उल्लेख मिलता है कि किस तरह से ब्रह्मांड और सृष्टि की रचना की गई थी। साथ ही इसमें यह भी बताया गया कि इस निर्माण की प्रक्रिया में देवी-देवताओं का क्या सहयोग रहा है।

X से

Rj Arvind
@arvindparatap

यह है पलामू के छतरपुर अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू कैथल जी, जो सीओ कार्यालय के जस्ट सामने अपने कार्यालय में भोले भाले लोगों से रिश्वत वसूल रहे हैं और ईश्वर के धन्यवाद दे रहे हैं।
@HemantSorenJMM
@JharkhandCMO @ChampaiSoren
@IrfanAnsariMLA @DipikaPS
@MithileshJMM @BannaGupta76



Post your reply

चिंतन-मनन

# सांख्य और कर्मयोग का संबंध

भौतिक जगत के विश्लेषणात्मक अध्ययन (सांख्य) का उद्देश्य आत्मा को प्राप्त करना है। भौतिक जगत की आत्मा विष्णु या परमात्मा है। भगवान की भक्ति का अर्थ परमात्मा की सेवा है। एक विधि से वृक्ष की जड़ खोजी जाती है और दूसरी विधि से उसको सींचा जाता है। सांख्य दर्शन का वास्तविक छात्र जगत के मूल अर्थात विष्णु को ढूंढता है, और फिर पूर्णज्ञान समेत अपने को भगवान की सेवा में लगा देता है। अतः मूलतः इन दोनों में कोई भेद नहीं है क्योंकि दोनों का उद्देश्य विष्णु की प्राप्ति है। जो लोग चरम उद्देश्य को नहीं जानते, वे ही कहते हैं कि सांख्य और कर्मयोग एक नहीं है। किंतु जो विद्वान है, वह जानता है कि इन दोनों भिन्न विधियों का उद्देश्य एक है। दार्शनिक शोध (सांख्य) का वास्तविक उद्देश्य जीवन के चरम लक्ष्य की खोज है। चूंकि जीवन का चरम लक्ष्य आत्म-साक्षात्कार है, अतः दोनों विधियों से प्राप्त होने वाले परिणामों में कोई अन्तर नहीं है। वस्तुतः जो पदार्थ से विरक्ति व कृष्ण में आसक्ति को एक तरह देखता है, वही वस्तुओं को यथारूप में देखता है। मायावादी संन्यासी सांख्य दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं तथा वैष्णव संन्यासी वेदान्त सूत्रों के यथार्थ भाष्य भागवत दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं।

काव्य कोना

## गतिमान संसार

इस गतिमान संसार में
स्थावर अचल कैसे ?
अचलता का बोध कैसा?
बढ़ना होगा।
बदलाव समाहित है बढ़ने में
संग्रह और विग्रह संगी हैं
टूट चुका तारतम्य है जिसका
छूट चुका परिवेश जिसका
लय और ताल जुदा हैं जिनके
कहाँ मिलेगा साथ।
और फिर
किंकर्तव्यविमूढ़ता की अवस्था
कहीं-कहीं मूल्य बदलेंगे
धीरे-धीरे परम्परा बदलेगी
समय बढ़ेगा अपने पथ पर
नये साज पर नये धुन संग
गतिमान संसार है बंधु
रोके कहाँ रूकता है बंधु।

-नाग मणि

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**बिहार : सूखे के बाद राज्य में बाढ़ जैसे हालात**

# नालंदा की लोकाइन नदी उफान पर



एजेंसी

**नालंदा।** बिहार में कुछ दिन पहले तक सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, लेकिन अब बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मूसलाधार बारिश के चलते नालंदा में लोकाइन नदी उफान पर है।
एक तरफ झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई तो दूसरी तरफ बाढ़ जैसे हालात के कारण स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नदी के उफान ने जिले के पश्चिमी इलाके में तबाही मचा दी है। हिलसा प्रखंड के धुरी बीघा गांव के पास तटबंध में करीब 20 फीट का दरार पड़ गया है, जिससे आसपास के कई गांवों में पानी घुस गया है।

कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। फतेहपुर, मुसाढ़ी, खोखना, मकरौता, कमरथु, धुरी बीघा, फुलवरिया, छियासठ बीघा, मुरलीगढ़, सोहरापुर, कुसेता और राढ़ील छिलका के पश्चिमी खेतों में पानी प्रवेश कर गया है। मुसाढ़ी गांव के पास भी तटबंध टूट गया है।

हिलसा के एसडीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि बैराज से पानी छोड़ने के बाद नदी में तेज बहाव जारी है। इसकी वजह से कई जगहों पर तटबंध को नुकसान पहुंचा है। मुसाढ़ी गांव के पास भी तटबंध टूट गया है। तटबंध के टूटने की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और जल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है।

### एनडीआरएफ की टीम भी तैनात

किसी भी हालत से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। एनडीआरएफ की टीम को भी तैनात किया गया है। पुलिस स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई भी मदद नहीं मिली है। संजय प्रसाद ने बताया कि सीओ और अन्य प्रशासनिक अधिकारी बाढ़ प्रभावित इलाके में आए हुए हैं। लेकिन हमें अभी तक कोई सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई है। उधर नालंदा की अन्य नदियां जैसे सकरी, जिरायन, गोईठवा, सोइवा और पंचाने अभी भी सूखी पड़ी है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इन नदियों में भी पानी बढ़ेगा।

**सरकार लगाएगी वक्फ बोर्ड पर नकेल**

# देश भर में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये की जायदाद

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर के वक्फ बोर्ड में व्यवस्थाओं और नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। कैबिनेट ने वक्फ एक्ट में 40 संशोधनों पर चर्चा की है, जिससे वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य सत्यापन और वक्फ बोर्ड के अधिकारों को सीमित किया जाएगा।इसके लिए पाँच अगस्त को संसद में विधेयक लाया जा सकता है। राष्ट्रव्यापी इस बदलाव में देश भर में लगभग दस लाख करोड़ रुपये की संपत्ति प्रभावित होगी। अब किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' घोषित करने और उस पर कंट्रोल करने के अधिकारों पर रोक लगेगा।कैबिनेट ने शुक्रवार शाम को वक्फ एक्ट में 40 बदलावों पर चर्चा की है। इसमें वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की जांच करने वाले भी शामिल हैं, जो देशभर में लाखों करोड़ रुपये की संपत्ति को कंट्रोल करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक वक्फ एक्ट में एक बड़ा बदलाव प्रस्तावित है, उसके अनुसार वक्फ बोर्ड अगर किसी प्रॉपर्टी पर दावा करती है तो उसका वेरीफिकेशन यानी सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। वहीं, जिन संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड और किसी आम व्यक्ति के बीच लड़ाई चल रही है, तो उसमें भी वेरिफिकेशन को अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा गया है। कैबिनेट के फैसलों पर शुक्रवार शाम को हुई आधिकारिक ब्रीफिंग में इसका जिक्र नहीं किया गया था। लेकिन वक्फ एक्ट में बदलाव के लिए एक विधेयक पांच अगस्त को संसद में पेश किया जा सकता है। संपत्तियों के अनिवार्य सत्यापन के दो प्रावधान, जो वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर रोक लगाएंगे, अधिनियम में प्रस्तावित प्रमुख संशोधन हैं। देशभर में 8.7 लाख से अधिक संपत्तियां, कुल मिलाकर लगभग 9.4 लाख एकड़, वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं। इस तरह के कानून की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि मुस्लिम बुद्धिजीवियों, महिलाओं और शिया और बोहरा जैसे विभिन्न संप्रदायों के लोगों मौजूदा कानून में बदलाव की कई बार मांग करते रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संशोधन लाने की तैयारी 2024 के लोकसभा चुनाव से काफी पहले शुरू हो गई थी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ओमान, सऊदी अरब और दूसरे इस्लामिक देशों के कानूनों पर निगाह डालने से पता चलता है कि इनमें से किसी भी देश ने एक संस्था को इतनी व्यापक शक्तियां नहीं दी हैं। 2013 में यूपीए सरकार के दौरान मूल अधिनियम में संशोधन लाकर वक्फ बोर्ड को और अधिक व्यापक शक्तियां प्रदान की गयी थी, जो वक्फ अधिकारियों, व्यक्तिगत संपत्ति मालिकों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सहित कई राज्य संस्थाओं के बीच विवाद का एक प्रमुख कारण रही हैं।



### नरसिम्हा राव सरकार ने क्यों बढ़ाई वक्फ बोर्ड की ताकत

देश के आजाद होने के सात साल बाद 1954 में वक्फ अधिनियम पहली बार पारित किया गया। उस समय देश के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू थे। उनकी सरकार वक्फ अधिनियम लेकर आई। लेकिन, बाद में इसे निरस्त कर दिया गया। इसके एक साल बाद 1955 में फिर से नया वक्फ अधिनियम लाया गया। इसमें वक्फ बोर्डों को अधिकार दिए गए। 9 साल बाद 1964 में केंद्रीय वक्फ परिषद का गठन किया गया, जो अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधीन था। इसका काम वक्फ बोर्ड से संबंधित कामकाज के बारे में केंद्र सरकार को सलाह देना होता है। वक्फ परिषद के गठन के लगभग 30 साल बाद साल 1995 में पीवी नरसिम्हा राव की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने वक्फ एक्ट में पहली बार बदलाव किया। उन्होंने वक्फ बोर्ड की ताकत को और भी बढ़ा दिया।

### केंद्र के प्रस्ताव का अध्ययन करने के बाद प्रतिक्रिया देगी लोजपा

**पटना।** केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड पर लगाम कसने की तैयारी कर रही है। इस बीच, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी लोजपा प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के बाद अपना रुख साफ करेगी। चिराग पासवान ने कहा, वक्फ बोर्ड के बारे में अभी जानकारी सामने आई है।

### मौलाना रशीद बोले- इसकी जरूरत नहीं

**लखनऊ।** इस पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने प्रतिक्रिया दी है। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, जहां तक वक्फ का मामला है, हमारे बुजुर्गों ने वक्फ के लिए अपनी प्रॉपर्टी दान की है और इसमें एक इस्लामिक लॉ भी है। जब एक बार वक्फ को जमीन कर दी जाती है तो उसे न बेचा जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है। इसमें बदलाव की जरूरत नहीं है।

## न्यूज | बॉक्स

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और कार की टक्कर, सात की मौत, 20 घायल



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस की कार से टक्कर के बाद रविवार को एक दुखद सड़क दुर्घटना में सात लोगों की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना रात करीब 12:30 बजे हुई जब बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी। हादसे के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। लगभग 20-25 लोग घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बारे में बताते हुए एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने कहा, "रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस रात करीब 12:30 बजे एक कार से टकरा गई। बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई और करीब 20-25 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' अस्पताल में कार में सवार 3 लोगों की भी मौत हो गई है। कुल 7 लोगों की मौत हो गई है।' 'उन्होंने बताया कि कार आगरा से लखनऊ जा रही थी और ड्राइवर को नींद आ गई जिसके कारण वह लेन पार कर बस से टकरा गई।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल भेजने की जिम्मेदारी अलकायदा नाम के ग्रुप ने ली है। धमकी भरा मेल मिलने पर पटना पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। 16 जुलाई को पटना स्थित सीएमओ को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला था। इस मामले में सचिवालय थाना के थानेदार संजीव कुमार के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया। साथ ही पुलिस संबंधित मेल आईडी के बारे में पता लगा रही है। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं, बिहार पुलिस सचिवालय की छानबीन कर रही है। धमकी वाला यह मेल achw700@gmail.com से भेजा गया है। बिहार पुलिस के साथ एटीएस भी इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस और एटीएस मेल को ट्रेस करने का प्रयास कर रही है, साथ ही यह चेक किया जा रहा है कि जिस मेल आईडी से सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, क्या यह सच में अलकायदा ग्रुप की ओर से भेजी गई है या फिर किसी की शरारत है। मालूम हो कि कुछ महीने पहले दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इससे हड़कंप मच गया था।

### गुजरात सरकार ने मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 15 अगस्त तक बढ़ाया



**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने अरब सागर में मछली पकड़ने की गतिविधियों पर प्रतिबंध को एक पखवाड़े के लिए 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है। हालांकि, कांग्रेस ने दावा किया कि यह कदम अनुचित और लापरवाह है जिससे मछुआरों को वित्तीय नुकसान होगा। गुजरात मत्स्य पालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मछुआरों के संघ द्वारा मछली के प्रजनन के लिए अधिक समय देने के अनुरोध पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार के परामर्श से यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिक डेटा और मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा, उन्होंने कहा कि इस बदलाव को पश्चिमी तट पर अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाए जाने की संभावना है। 2021 से, राज्य में वार्षिक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध 1 जून से 31 जुलाई तक प्रभावी रहा। राज्य मत्स्य पालन विभाग ने 31 जुलाई को गुजरात मत्स्य पालन (संशोधन) नियम, 2020 में संशोधन करते हुए एक अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति एक कैलेंडर वर्ष में 1 जून से 15 अगस्त (कुल 76 दिन) तक अंतदेर्शीय और क्षेत्रीय जल में किसी भी प्रकार की मछली पकड़ने का काम नहीं करेगा।

# भाजपा अध्यक्ष चुनाव की तैयारी शुरू

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए गुफ्तगू शुरू हो गया। प्रक्रिया तब से शुरू मानी जाएगी जब पार्टी अपने सदस्यता अभियान को शुरू करेगी। इसमें सबसे पहले पार्टी की स्थानीय कमेटी के चुनाव होंगे, इसके बाद मंडल कमेटियों, फिर जिला कमेटियों, उसके बाद क्षेत्रीय ,फिर राज्य स्तरीय समितियों के चुनाव होंगे।इन सभी समितियों में अध्यक्ष का चुनाव होगा।जो भी व्यक्ति अध्यक्ष चुना जाएगा वह अपनी टीम के पदाधिकारियों को नियुक्त करेगा। एक बार जब आधे राज्यों के चुनाव हो जाएंगे तो फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके बाद भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी टीम और इसके पदाधिकारियों की घोषणा करेंगे। मालूम हो कि 1980 में भाजपा बनी थी। इसके बाद इसमें कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं हुआ। पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक निर्वाचन मंडल का प्रावधान भी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में नामांकन करने वाला हमेशा एक ही व्यक्ति होता है और बाद में उसे निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया जाता है।जब भाजपा कमजोर होती है, तब संघ इसके अध्यक्ष के चुनाव में रोल अदा करता है, जैसा 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद हुआ था। 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद नितिन गडकरी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में महाराष्ट्र से दिल्ली लाया गया था ।क्योंकि संघ यह चाहता था कि लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद वह पार्टी की जिम्मेदारी संभालें। तब लोकसभा में भाजपा के सांसदों की संख्या गिरकर 116 पर पहुंच गई थी। जब भाजपा मजबूत होती है और केंद्र में सरकार चला रही होती है, जैसा पिछले 10 सालों से हो रहा है तो प्रधानमंत्री और उनके कुछ विश्वस्त लोग ही पार्टी अध्यक्ष के उम्मीदवार के चयन में अहम रोल अदा करते हैं। चुना गया नेता नामांकन दाखिल करता है और उसका निर्विरोध निर्वाचन हो जाता है।2013 में भाजपा में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की स्थिति बन गई थी , क्योंकि तब पार्टी के नेता यशवंत सिन्हा ने नामांकन पत्र खरीद लिया था।भाजपा के संविधान के मुताबिक, यदि नामांकन वापस लेने की तारीख के बाद एक से ज्यादा उम्मीदवार चुनाव मैदान में होते हैं, तो सभी राज्यों की राजधानी में चुनाव अधिकारियों के द्वारा चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद सील किए हुए वैलिड बॉक्स को दिल्ली लाया जाएगा और मतों की गिनती की जाएगी। जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलेंगे, उसे जीता हुआ घोषित कर दिया जाएगा वैसे तो पार्टी में ऐसा कभी भी नहीं हुआ।

### सदस्य बनने वालों को करनी होगी घोषणा

- वे दीन दयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद', राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय एकता, लोकतंत्र, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर गांधीवादी दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा करनी होगी
- एक धर्मनिरपेक्ष देश के विचार पर भरोसा रखते हैं। धर्म पर आधारित देश के खिलाफ हैं। जाति, लिंग या धर्म के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं करते हैं।

# सहारनपुर में पटरी से उतरी पैसेंजर ट्रेन, कोई हताहत नहीं

एजेंसी

**सहारनपुर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार को रेल हादसा हुआ है, जहां 01619 पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हादसे में ट्रेन के दो डब्बे पटरी से नीचे उतरकर दूसरी लाइन पर चले गए। यह ट्रेन दिल्ली से सहारनपुर की ओर आ रही थी। हादसे के बाद रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया। इस हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन यह हादसा रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और रेलवे अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं।

### विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में लगी आग

दूसरी तरफ, आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक ट्रेन में आग लगने की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, कोरबा से विशाखापट्टनम होते हुए तिरुमाला जा रही ट्रेन विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर खड़ी थी। इस दौरान एसी बोगी एम1, बी7, बी6 बोगियों में अचानक आग लग गई। शुरूआती जांच में पता चला है कि बी7 बोगी के शौचालय में हुए शॉर्ट सर्किट से आग भड़की।

## आज का राशिफल

**मेष** – आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृषभ** – व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुन** – आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है।

**कर्क** – बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है।

**सिंह** – व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले।

**कन्या** – पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला** – अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**वृश्चिक** – आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**धनु** – उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर** – आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुम्भ** – घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

**मीन** – शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

## व्यापार /लाइफ व साइंस

### विशेषज्ञों की राय, रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखेगा आरबीआई

एजेंसी

**मुंबई।** आरबीआई बृहस्पतिवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने फिलहाल अपनी ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि भले ही ब्याज दर 6.5 प्रतिशत (रेपो दर) तक बढ़ा दी गई हो, आर्थिक वृद्धि अच्छी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है। दास आठ अगस्त (बृहस्पतिवार) को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ह्यह्यहमें उम्मीद है कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा। मुद्रास्फीति आज भी 5.1 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है और आने वाले महीनों में इसमें संख्यात्मक रूप से कमी आएगी, लेकिन आधार प्रभाव के कारण यह अधिक बनी रहेगी।

### कच्चे तेल का दाम 77 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल-डीजल के नए भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव क दौर लगातार जारी है। जारी भाव के अनुसार कच्चे तेल का दाम 77 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ गया है। वैश्विक बाजार में रविवार को ब्रेंट क्रूड 76.81 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 73.52 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है भारत में फिर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### महिलाओं में आम होती जा रही हैं हड्डियों और जोड़ों की समस्याएं : विशेषज्ञ

एजेंसी



**नई दिल्ली।** हर साल 4 अगस्त को राष्ट्रीय अस्थि एवं जोड़ दिवस मनाया जाता है। इस पर विशेषज्ञों ने कहा है कि हड्डियों और जोड़ों की समस्याएं महिलाओं में आम होती जा रही है। ऐसे में विशेषज्ञ पुरुषों और महिलाओं में इसके अलग-अलग कारण और प्रभावों के बारे में बात करते है। उनका तर्क है कि स्थिति के अनुकूल उपचार को महत्व दिए जाने की आवश्यकता होती है। पुरुषों में खेलों में अधिक भागीदारी, व्यावसायिक खतरे, खराब आहार और धूम्रपान जैसे कारण हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं पैदा करते है। जबकि महिलाओं में हार्मोनल परिवर्तन, ऑटोइम्यून डिजीज और कैल्शियम और विटामिन डी का कम सेवन इसके पीछे का कारण है। इस कारण उपचार के दौरान स्थिति के अनुरूप ट्रीटमेंट देना जरूरी हो जाता है यानि सबकी बॉडी अलग होती है उसके मुताबिक ही उपचार किया जाना चाहिए। रूबी हॉल क्लिनिक के ऑर्थोपैडिक डॉ. अप्रमेय जोशी ने आईएएनएस को बताया, "पुरुष खेल से संबंधित चोटों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, लेकिन महिलाओं को दीर्घकालिक परिणामों के साथ पुरानी दर्द की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दोनों में ही हड्डियों और जोड़ों की सेहत अलग होती है तो समस्याएं भी अलग ही होती हैं। पुरुषों को गंभीर चोट लग सकती हैं, जबकि महिलाओं को अक्सर हार्मोनल बदलावों के कारण होने वाली पुरानी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इन असमानताओं को समझना प्रभावी उपचार विकल्पों को डिजाइन करने के लिए महत्वपूर्ण है जो प्रत्येक की जरूरतों के अनुरूप हैं।

# सोनभद्र और चित्रकूट में पर्यटन सुविधाओं का होगा विकास : योगी

एजेंसी



**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के मुख्यालय राबर्ट्सगंज में नया पर्टन भवन बनाया जाएगा जबकि चित्रकूट जिले के मड़फा किले को पर्यटकों के लिए संवारा जाएगा। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमाएं लगती हैं और यहां सोन घाटी में प्रागैतिहास गुफा चित्रों के साथ ही कई वाटरफॉल आदि हैं। हाल ही में सोनभद्र में करोड़ों साल पुराने जीवाश्मों को सहेजे सलखन पार्क को धरोहर में शामिल करने के लिए विशेषज्ञों के एक दल ने भ्रमण किया है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तमाम प्रकार की परियोजनाओं को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश में पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना बनी थी। इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए योगी सरकार ने सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज में नए जिला पर्यटन भवन की इमारत के निर्माण तथा चित्रकूट के मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस क्रम में उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को जिम्मा सौंपा गया है जिसने शॉर्ट नोटिस के माध्यम से दोनों ही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए एजेंसी निर्धारण व कायावंटन के कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### जेपी ग्रुप को खरीद रियल एस्टेट में आने को तैयार गौतम अडानी

एजेंसी



**मुंबई।** उद्योगपति गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप दिल्ली-एनसीआर के रियल एस्टेट मार्केट में आने को तैयार है। अडानी समूह की नजर दिवालिया हो चुके जेपी ग्रुप की संपत्तियों पर है। अडानी जेपी ग्रुप के रियल एस्टेट और सीमेंट कारोबार को खरीद सकता है। इन संपत्तियों के लिए अडानी ग्रुप करीब 1 अरब डॉलर (करीब 8,300 करोड़ रुपये) तक की बोली लगा सकता है। गौरतलब है कि जेपी ग्रुप पर देश के कई बैंकों का 50 हजार करोड़ रुपये बकाया है। जेपी ग्रुप के रियल्टी एसेट्स, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के तहत आते हैं, जो ग्रुप की सबसे मुख्य कंपनी है। जेपी समूह की रियल एस्टेट होल्डिंग्स में ग्रेटर नोएडा में 452 एकड़ की जेपी ग्रीन्स टाउनशिप जैसी हाई-प्रोफाइल परियोजनाएं शामिल हैं, जिसमें लग्जरी विला, अपार्टमेंट और एक गोल्फकोर्स शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी के पास जेपी ग्रीन्स विश टाउन नाम से नोएडा में 1,063 एकड़ में फैली एक टाउनशिप परियोजना और जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी भी शामिल है जिसमें यमुना एक्सप्रेसवे के साथ बना मोटर रेसिंग ट्रैक भी आता है।

## पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 16 | 12 | 9 | 37 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 7 | 27 |
| 3. फ्रांस | 12 | 14 | 15 | 41 |
| 4. ब्रिटेन | 10 | 10 | 14 | 34 |
| 5. यूएसए | 14 | 24 | 23 | 61 |
| 6. द.कोरिया | 9 | 7 | 5 | 21 |
| 7. जापान | 8 | 5 | 9 | 22 |
| 8. इटली | 6 | 8 | 5 | 19 |
| 9.नीदरलैंड | 6 | 4 | 4 | 14 |
| 47. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |



# लक्ष्य सेन डेनमार्क के एक्सेलसेन विक्टर से हारे

**पेरिस ।** भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की 9 मैचों में यह आठवीं हार है। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा। लक्ष्य सेमीफाइनल में अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रहे जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले गेम में उनके पास तीन गेम प्वाइंट थे लेकिन उन्होंने लगातार पांच अंक गंवाकर गेम भी गंवा दिया।

# इस बार गोल्ड का सपना होगा पूरा : हरमनप्रीत के कोच

- पेनल्टी शूट आउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर भारतीय हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है
- भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत के कोच युदविंदर सिंह ने हॉकी की पूरी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने की बधाई दी
- श्रीजेश का आखिरी ओलंपिक है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेनल्टी शूट आउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर भारतीय हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में हॉकी में मेडल जीतने की भारत की उम्मीद कायम है। इस मौके पर हरमनप्रीत के कोच युदविंदर सिंह टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत के कोच युदविंदर सिंह ने हॉकी की पूरी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने की बधाई दी। इस खुशी के मौके पर उन्होंने कहा कि अब हमें टीम से गोल्ड की उम्मीद है और यह सपना हमारी हॉकी टीम जरूर पूरा करेगी। हॉकी कोच युदविंदर सिंह ने कहा, हम अपनी टीम के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। पूरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। श्रीजेश ने हर बार की तरह इस बार भी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को उन पर गर्व है। हम यही दुआ कर रहे हैं भारतीय हॉकी टीम फाइनल में जगह बनाए और गोल्ड जीते। मुझे हरमनप्रीत सिंह पर भी गर्व है, मैं उसे प्यार से अर्जुन बोलता हूं। ग्रेट-ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम के गोलकीपर श्रीजेश भावुक नजर आये। भारत ने शूट आउट में 4-2 से मैच जीता है। यह श्रीजेश का आखिरी ओलंपिक है।

उन्होंने पहले ही संन्यास का ऐलान कर दिया है और वो हर मुकाबले में अपनी पूरी जान झोंक रहे हैं। भारत की इस जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूट आउट में ग्रेट-ब्रिटेन को 4-2 से हरा कर भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। शूटआउट में भारत ने अपने चार निशाने साधे, जबकि ग्रेट-ब्रिटेन दो निशाने ही लगा पाया। पिछले टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ी और समर्थक खुशी से झूम उठे। 1972 म्यूनिख ओलंपिक के बाद यह पहला मौका जब भारत लगातार दो ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचा है।

## ग्रेट–ब्रिटेन के खिलाफ शूट आउट में जीत के बाद पीआर श्रीजेश का भावुक बयान




**पेरिस।** ग्रेट-ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम के गोलकीपर श्रीजेश भावुक नजर आये। भारत ने शूट आउट में 4-2 से मैच जीता है। यह श्रीजेश का आखिरी ओलंपिक है। उन्होंने पहले ही संन्यास का ऐलान कर दिया है और वो हर मुकाबले में अपनी पूरी जान झोंक रहे हैं। भारत की इस जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूट आउट में ग्रेट-ब्रिटेन को 4-2 से हरा कर भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल मैच जीतने के बाद भारतीय टीम के गोलकीपर श्रीजेश ने कहा, मैंने खुद से कहा कि यह मेरा आखिरी मैच हो सकता है। या फिर मैंने गोल बचा लिया तो मुझे दो और मैच खेलने को मिलेंगे। मैं यह मैच जीतकर बेहद खुश हूं। पीआर श्रीजेश निर्धारित 60 मिनट तक और शूट आउट के दौरान अपने अविश्वसनीय बचाव के लिए भारत के लिए क्वार्टर फाइनल के हीरो रहे। ये पहला मौका नहीं है कि जब श्रीजेश टीम की जीत में हीरो रहे हैं।

# लवलीना क्वार्टर फाइनल में हारी




**एजेंसी। पेरिस**

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारकर मौजूदा पेरिस खेलों से बाहर हो गईं। लवलीना को इस कड़े मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार क्लिंचिंग और होल्ड करने के लिए चेतावनी दी गई। लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव के शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे। इनमें चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाज शामिल हैं।

- चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में 1-4 से हारी
- निशांत देव क्वार्टर फाइनल से पहले ही बाहर हो चुके हैं
- भारत के छह मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उतारे थे

# पारुल चौधरी महिलाओं की 3000 मी स्टीपलचेज फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं




**पेरिस।** भारतीय धाविका पारुल चौधरी रविवार को यहां हीट 1 में आठवें स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। पारुल, जो 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में चार बार की राष्ट्रीय चैंपियन हैं और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था, ने स्टेड डी फ्रांस में अपने सीजन का सर्वश्रेष्ठ 9:23.39 का समय निकाला। वह फाइनल में जगह नहीं बना पाई क्योंकि हीट में केवल शीर्ष पांच एथलीट ही पदक स्पर्धा में आगे बढ़े। महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज और 5000 मीटर दोनों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं।



## स्कीट स्पर्धा में फाइनल में जगह नहीं बना पाई महेश्वरी और रेजा

**शेटराउ (फ्रांस)।** भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की महिला स्कीट स्पर्धा में क्रमशः 14वें और 23वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को खेली गई जिसके बाद महेश्वरी का कुल स्कोर 118 रहा। उन्होंने पांच सीरीज में 23, 24, 24, 25 और 22 अंक जुटाए। रेजा का कुल स्कोर 113 रहा। उन्होंने पांच सीरीज में 21, 22, 23, 23 और 24 अंक जुटाए। स्पर्धा में 29 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया जिनमें से शीर्ष छह ने फाइनल में जगह बनाई। इटली की 2016 रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता डायना बेकोसी भी फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। वह 117 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहीं। पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद महेश्वरी तीन सीरीज में 23, 24 और 24 से 71 अंक जुटाकर आठवें स्थान पर चल रहीं थी और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थीं। रविवार को हालांकि चौथी सीरीज में पूरे 25 अंक जुटाने के बावजूद वह शीर्ष छह निशानेबाजों में जगह नहीं बना पाई। विजयवीर सिद्धू और अनीष भानवाला 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल पुरुष क्वालीफिकेशन में हिस्सा ले रहे हैं।

# जूलियन अल्फ्रेड ने रिचर्डसन को चौंकाकर 100 मीटर का खिताब जीता




**पेरिस।** जूलियन अल्फ्रेड ने स्टेड डी फ्रांस में प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को 10.72 सेकेंड में महिलाओं की 100 मीटर में हराकर स्वर्ण पदक जीता और सेंट लूसिया को खेलों के इतिहास में अपना पहला ओलंपिक पदक दिलाया। एथेंस 2004 के बाद पहली बार महिलाओं की 100 मीटर में एक नया चैंपियन मिला है, जब जमैका की दिग्गज स्प्रिंट खिलाड़ी शैली-एन फ्रेजर प्राइस चोट के कारण सेमीफाइनल से हट गईं।

अल्फ्रेड ने यह जीत अपने दिवंगत पिता को समर्पित की जिनकी 11 साल पहले मृत्यु हो गई थी। ₹सबसे महत्वपूर्ण, भगवान, मेरे कोच और अंत में, मेरे पिता, जिनका मानना ??था कि मैं यह कर सकती हूं। 2013 में उनका निधन हो गया, और अब वह मुझे मेरे करियर के सबसे बड़े मंच पर नहीं देख सके। लेकिन वह मुझे अपनी बेटी के ओलंपियन होने पर हमेशा गर्व करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन यूएसए की रिचर्डसन ने 10.87 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन मेलिसा जेफरसन ने 10.92 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता।




# विनेश सहित भारतीय पहलवानों को देनी होगी कड़ी परीक्षा

**पेरिस।** भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है।

ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है। विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है।

ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला। वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही। विनेश की चुनौतियां यहीं पर समाप्त नहीं हुई। वह विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी। विनेश के इस वजन वर्ग में कई दिग्गज पहलवान शामिल हैं जिनमें चार बार की विश्व चैंपियन युई सुसाकी, चार बार की ओलंपिक पदक विजेता मारिया स्टैडनिक, तोक्यो खेलों की कांस्य विजेता सारा हिल्डेब्रांट और दो बार की विश्व पदक विजेता डोलगोरजाविन ओटगोंजरगल प्रमुख हैं।

# 63वां सुब्रतो कप आज से दिल्ली के अंबेडकर स्टेडियम में शुरू होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 63 वां संस्करण सोमवार (5 अगस्त) को दिल्ली के ऐतिहासिक अंबेडकर स्टेडियम में जूनियर गर्ल्स (17 वर्ष से कम) वर्ग में गवर्नमेंट हाई स्कूल, कोहिमा, नागालैंड और होम मिशन स्कूल, 1 बीएन मिजो एनसीसी, आइजोल के बीच मुकाबले से शुरू होने वाला है ।

इस साल का टूर्नामेंट सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी होने का वादा करता है, जिसमें रिकॉर्ड 111 टीमें जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज की तीन श्रेणियों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उद्घाटन समारोह की शोभा एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, वायु अधिकारी-प्रभारी प्रशासन और उपाध्यक्ष एसएमएसईएस, बढ़ाएंगे जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। भारत की महिला फुटबॉल स्टार ज्योति चौहान सम्मानित अतिथि होंगी, जिससे टूर्नामेंट में भाग लेने वाली युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। मुख्य अतिथि औपचारिक रूप से टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा करेंगे जिसके बाद भाग लेने वाली टीमों के कप्तान खेल भावना और निष्पक्ष खेल की भावना को बनाए रखने का वचन देते हुए शपथ ग्रहण समारोह के लिए एकत्रित होंगे। उद्घाटन समारोह में एक भव्य प्रदर्शन, भारतीय वायु सेना की एयर डेविल्स टीम द्वारा रोमांचक पैरा जंप प्रदर्शन और एयर फोर्स स्कूल के छात्रों द्वारा एक और सांस्कृतिक प्रदर्शन स्टेडियम में दर्शकों को और अधिक मंत्रमुग्ध कर देगा। जूनियर गर्ल्स वर्ग में श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमों सहित आठ समूहों में विभाजित कुल 34 टीमें सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक समूह के विजेता नॉकआउट के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे और फाइनल 13 अगस्त, 2024 को अंबेडकर स्टेडियम में होगा। अंबेडकर स्टेडियम के अलावा, नई दिल्ली में तेजस फुटबॉल ग्राउंड और गुरुग्राम में जी.डी. गोयनका ग्लोबल स्कूल और केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल, लड़कियों के टूर्नामेंट के लिए स्थान होंगे।

# श्रीलंकाई स्पिनर्स के आगे नतमस्तक हुई भारतीय टीम, दूसरा वनडे 32 रनों से गंवाया

**नई दिल्ली।** टी20 सीरीज में श्रीलंका को धूल चटाने वाली टीम इंडिया वनडे सीरीज में संघर्ष करती नजर आ रही है। कोलंबो में खेला गया पहला वनडे टाई होने के बाद भारतीय टीम ने दूसरा वनडे 32 रनों से गंवा दिया है। भारतीय टीम को श्रीलंकाई स्पिनर जेफरी वांडरसे ने जीत से दूर कर दिया जिन्होंने 33 रन देकर 6 विकेट लिए और भारत को लक्ष्य हासिल करने से रोक दिया। वांडरसे के अलावा श्रीलंकाई कप्तान असलांका ने भी 20 रन देकर 3 विकेट लिए।
श्रीलंका ने पहले खेलते हुए अविष्का फनार्डों (40), कामिंडु मेंडिस (40) तथा दुनित वेल्लालगे (39) की उपयोगी पारियों की बदौलत भारत को जीत के लिए 241 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में रोहित ने 64 तो अक्षर पटेल ने 44 रन बनाए लेकिन बाकी बल्लेबाजों से सहयोग न मिलने के कारण टीम इंडिया को 32 रन से हार झेलनी पड़ी। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने 3 वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बराबरी कर ली है। श्रीलंका ने टी20 सीरीज गंवा दी थी। अब वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 अगस्त को होगा।




**भारत : 208 (42.2 ओवर)**

भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी रही। रोहित शर्मा ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। रोहित ने शुभमन के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 97 रन बनाए। रोहित ने 44 गेंदों पर 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। शुभमन गिल ने 44 गेंदों पर 35 तो विराट कोहली ने 14 रन बनाए। श्रीलंकाई गेंदबाज जेफरी वांडरसे भारतीय बल्लेबाजों पर हावी होते नजर आए। जेफरी ने अपने पहले 7 ओवर में ही भारत के 6 विकेट निकाल लिए। इससे भारतीय बल्लेबाज मुश्किल में आ गए। मध्यक्रम में केवल अक्षर पटेल ने स्पिनरों का डटकर मुकाबला किया लेकिन वह 44 के स्कोर पर असलांका के हाथों ही लपके गए। पुछल्ले बल्लेबाजों कुलदीप, सिराज और अर्शदीप प्रैशर को झेल नहीं पाए और टीम 208 रनों पर ही सिमट गई। श्रीलंकाई स्पिनर जेरेरी ने 6 तो असलांका ने 3 विकेट लिए।

## एक नजर

### शिवपुरी कालोनी में गायत्री हवन अनुष्ठान का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद।** रविवार को शिवपुरी स्थित मुनी देवी के आवास पर गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री हवन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। आचार्य के रूप में बी एन शर्मा तथा मुख्य यजमान के रूप में जयकुमार उपाध्याय तथा मुनी देवी मौजूद थे। आचार्य श्री शर्मा ने गायत्री परिवार के मिशन पर चर्चा करते हुए कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार एक विशाल परिवार बन चुका है। पूरे विश्व में करोड़ों लोग हैं, जो गायत्री परिवार से जुड़े हैं।

### पांकी से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए हुआ रवाना

**पांकी।** पांकी प्रखंड के नवडीहा वन पंचायत के नवडीहा गांव से सावन के पावन महीने के अवसर पर रविवार को युवा कांवरिया संघ नवडीहा के बैनर तले दर्जनों कांवरिया का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ । इस दौरान माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। युवा कांवरिया संघ के सदस्य कमलेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरियों का जत्था देवघर के लिए निकल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी कांवरिया बंधु सुलतानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर पाँव पैदल देवघर जायेंगे।

### भाजपा नेता के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर लोगों में हर्ष

**हरिहरगंज।** शहर से सटे बेलौदर मेन रोड़ मोहल्ला में पिछले तीन सप्ताह से ट्रांसफार्मर के जलने के कारण बिजली आपूर्ति ठप थी। मोहल्ले वासी काफी परेशान थे। मोहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन को दिया। श्री रंजन ने संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के पदाधिकारी से उक्त विषय पर चर्चा कर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद आई बिजली से ग्रामीण में काफी हर्ष था। मोहल्लेवासी प्रफुल्लित नजर आ रहे थे।

### स्थानीय शिवाजी मैदान में हुआ सुप्रसिद्ध डिज्नीलैंड मेले का उद्घाटन

**डालटनगंज।** शहर के सुप्रसिद्ध शिवाजी मैदान में डिजनीलैंड मेला का हुआ उद्घाटन किया गया। उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह,भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह ,मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों का काफी मनोरंजन होता है। इस मेले में अनेकों ऐसे साधन है जिनका सपरिवार आनंद उठा सकते हैं। पूर्व वार्ड पार्षद सह भावी मेयर प्रत्याशी ट्विंकल गुप्ता ने कहा की बचपन से इस मेले का आनंद हम सभी लेते आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का नहीं खुल रहा साइट

# हुसैनाबाद में दो दिनों में एक भी लाभुक का आवेदन अपलोड नहीं हुआ, लोगों में रोष

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए लगाया गया शिविर में साइट नहीं खुलने के कारण एक भी आवेदन अपलोड नहीं होने से महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं रविवार को कैंप के दूसरे दिन भी बेकार साबित हो रहा है। इस योजना के लाभुक रविवार को भी हुसैनाबाद प्रखंड के देवरीखुर्द, देवरीकला व हुसैनाबाद टाउन हॉल के वार्ड दो व तीन सहित विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविर में काफी संख्या में महिलाएं व लड़कियां पहुंची। परंतु उन्हें निराशा ही हाथ लगी। क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया व वार्ड पार्षदों ने बताया कि लाभुकों की अधिक संख्या है, जबकि तकनीकी समस्या की वजह से इंट्री नहीं हो पा रही है। जिससे महिलाओं व



लड़कियों को भारी दिक्कत हो रही है। शनिवार की शाम विभागीय सचिव ने माना था कि आवेदन अपलोड करने में नेटवर्क स्लो होने की वजह से कुछ तकनीकी अड़चनें आई थीं, जिन्हें दूर कर लिया गया है। इस योजना में पोर्टल के माध्यम से ही आवेदनों का सत्यापन होगा। मगर जमीन पर स्थिति यह है की शिविर में पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी लाभुक मायूस होकर घर लौट रहे हैं। हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द,देवरी कला पंचायत व हुसैनाबाद टाउन हॉल में दो व तीन वार्ड समेत अन्य पंचायतों में भारी भीड़ के बावजूद आवेदन अपलोड की समस्या से लोग काफी परेशान रहे हैं। महिलाओं ने सरकार से पोर्टल को दुरुस्त करने या ऑफ लाइन आवेदन लेने की मांग सरकार व पलामू डीसी से की है। इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, राजकुमार कश्यप, हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी खुर्द के पंचायत सचिवालय में मुखिया श्रीमती ममता देवी, वार्ड सदस्य उषा देवी, गीता शर्मा, जीसीआरपी इंद्रावती देवी, प्रज्ञा केंद्र विनय चौधरी, आलोक मेहता, राजू मेहता समेत कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में दूसरे दिन नहीं चला सर्वर, ग्रामीण महिलाओं में निराशा

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के सभी 12 पंचायत सचिवालयों में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत लगाये गये शिविर की कार्यप्रणाली से ग्रामीण बेहद नाराज हैं। अब तो संबधित पंचायत के प्रतिनिधि प्रतावित लाभुकों से ऑफलाइन आवेदन भी लेना बंद कर दिया है। 2 से 10 अगस्त तक आयोजित इस शिविर में रविवार को दूसरे दिन खरगाड़ा व हैदरनगर पश्चिमी पंचायत में ऑफलाइन एक भी आवेदन नहीं लिये गये। मुखिया शहनाज प्रवीण, पंसस गुलशन आरा व फरहाना खातून ने बताया कि शनिवार को पहले दिन ऑफलाइन लिये गये आवेदन के बाद देर रात कई आवेदिका उनके घर आकर ऑनलाइन इंट्री कराने का दवाब बनाने लगे। इसके बाद अब तक कंप्युटर ऑपरेटर से समन्वय स्थापित कर मात्र 16 आवेदनों को ऑनलाइन कराया जा सका है। बरडंडा व खरगाड़ा पंचायत के मुखिया क्रमशः सुदर्शन राम व कुसुम देवी ने बताया कि दूसरे दिन भी सर्वर काम नहीं करने से एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं हो सका है। बभंडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह ने बताया कि अब तक 17 ऑनलाइन व 270 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हैं। इस अभियान में सक्रिय उपमुखिया पवन कुमार व समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल ने बताया कि अब तक कुल 199 ऑफलाइन जबकि मात्र तीन आवेदिका का फार्म हैदरनगर पूर्वी पंचायत में लिया जा सका है। मुखिया नाजमा खातून के मुताबिक मोकहर कला पंचायत में 117 ऑफलाइन प्राप्त है।

## दिशोम गुरु ने दिया रंका अनुमंडल : झामुमो

*शिबू सोरेन के साथ उस समय की मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी की थी।*

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो के जिला प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय व रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा है कि रंका को अनुमंडल बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा को जाता है। तत्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता स्व। सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोडा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी। चार अक्टूबर 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने रंका अनुमंडल और डंडा का उद्घाटन कर जनता को समर्पित



किया। उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है। झामुमो नेताओं नें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह को याददाश्त ठीक करने की सलाह दी है। झामुमो नेताओं ने कहा कि आदिम जनजाति बहुल भंडरिया, चिनियां, रमकंडा, बड़गड़ के लोगों की सुविधा के लिए झामुमो ने 1998 से जैक उपाध्यक्ष तत्कालीन झामुमो नेता सूरज मंडल के रंका दौरे के समय से यह मांग किया गया। अनुमंडल की मांग काफी पुरानी थी जिसे झामुमो नेता रहे स्व। सुबोध कुमार और मो। जुबैर ने शिबू सोरेन के साथ उस समय की मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी की थी। उस आवेदन पर बिहार मुख्यमंत्री सचिवालय की चिट्ठी आज भी सुरक्षित है। ऐसे में एक विधायक रहे नेता का यह कहना कि रंका अनुमंडल और डंडा ब्लॉक हमने बनाया यह अपने मुंह मियां मिट्ठू वाली कहावत चरितार्थ करता है।

## कोयल-सोन नदी उफान पर, एसडीओ ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने को कहा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एसडीओ पीयूष सिन्हा ने रविवार को देवरी कला पंचायत व देवरीखुर्द सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों को सोन नदी के किनारे नहीं जाने की अपील की है। लगातार तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से कोयल व सोन नदी उफान पर है। कोयल नदी के सहायक काशी सोत नदी भी उफान पर है, कोयल और काशी सोत नदी के संगम के पास के खेतों में बाढ़ के पानी से करीब 20 एकड़ में मकई, धान सहित खरीफ फसल बर्बाद हो गई हैं। नदी के डाउन स्ट्रीम के किनारे के गांव के लोगो को बाढ़ के पानी बढ़ने से आगाह कर दिया गया है। दायीं सिंचाई नहर के दोनों गेट को अभी बंद रखा गया है। हुसैनाबाद एसडीओ ने सोन नदी के देवरी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों को नदी में नहीं जाने,



सेल्फी आदि नहीं लेने की सलाह दी है। उन्होंने बारिश से उत्पन्न बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती इलाके के लोगों को सचेत रहने की हिदायत दी है। एसडीओ ने सभी अंचल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने अपने इलाके की नदियों पर नजर रखने व ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। उन्होंने किसानों को भी हिदायत दी है की वज्रपात होने की संभावना हो तो वह पेड़ के नीचे नहीं छुप कर किसी मकान की शरण ले सकते हैं।

## 1111 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** रविवार को महाराजगंज स्थित जगद्व धात्री दुर्गा मंदिर परिसर में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने 1111 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पूजन आरती कर रुद्राभिषेक किया। पार्थिव शिवलिंग का एकदिवसीय महायज्ञ लक्ष्मण शरण शास्त्री तथा अर्जुन दास के सानिध्य में शिवलिंग का पूजन और रुद्राभिषेक किया गया। जहां दर्जनाधिक जोड़ों ने जन कल्याण के लिए भगवान शंकर का अभिषेक किया। सैकड़ो लोगों के लिए प्रसाद बनाई गयी। जय भवानी संघ के तत्वाधान में कार्यक्रम को सफल बनाने में रामकुमार साव, रोशन राज, मृत्युंजय विश्वकर्मा, उदय शौंडीक ,राजेश गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, रमेश जायसवाल, विकास जायसवाल, सुधीर गुप्ता, चितरंजन गुप्ता, राजू शौंडीक सहित कई कार्यकर्ता व्यवस्था में लगे हुए थे।

## खरगाड़ा व बरडंडा में तीन घंटे से बैठी महिलाओं ने किया हंगामा

*सरकार व प्रशासन को कोसते रहे, दूसरे दिन भी सर्वर फेल है तो आये क्यों?*

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा व बरड़डा पंचायत सचिवालय में दूसरे दिन रविवार को नियत समय पर दस बजे से मुख्यामंत्री मईंया सम्मान योजना का शिविर मुखिया कुसुम देवी व सुदर्शन राम ने शुभारंभ किया। दोपहर 12 बजे तक इस शिविर में विभिन्न गांव टोलों से आये महिलाओं की संख्या 126 हो गई थी। इनके ऑनलाइन आवेदन अपलोड करने को बैठे ऑपरेटर का कहना है कि मात्र दस मिनट ही संबधित योजना का साइट खुला। प्रस्तावित लाभुकों के अंगूठा का निशन लगाने व इनके फार्म



अपलोड करते करते सर्वर चला गया। अपराह्न डेढ़ बजे तक इनकी संख्या 200 के पार हो गई। भीड़ बेकाबू होते देख उमस भरी में परेशान महिलाओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। महिलाओं की भीड़ मुखिया को लेकर सचिवालय के बाहर निकलकर रोष जताकर सरकार व प्रशासन को कोसते रहे। पूर्व मुखिया नागेन्द्र मेहता, समाजसेवी विरेन्द्र मेहता उर्फ सेठ जी ने कहा कि वर्तमान कुव्यवस्था व संसाधन से इस योजना से शत प्रतिशत लाभुकों को आच्छादित मुश्किल प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि लाभुकों से ऑफलाइन आवेदन लेने से भी समस्या का समाधान नहीं हो पायेगा। उनका आवेदन ऑनलाइन अपलोड करने के लिये सर्वर रहने में स्वयं मोबाइल के साथ उपस्थित होना ही पड़ेगा। इससे ग्रामीण महिलाओं घर व काम छोड़कर बार बार आने में काफी दिक्कत का भी सामना करना पड़ रहा है। यही स्थिति बरडंडा पंचायत में भी देखने को मिला है।

## न्यूज बॉक्स

### जपला आरपीएफ ने मोबाइल चोर को पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के ट्रेन नंबर 03312 (बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन ) से शुक्रवार की रात एक यात्री का मोबाइल फोन चुराकर भागते हुए एक चोर को आरपीएफ ने दबोच लिया। ऊंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवान भगवान सिंह व आरक्षी आरके शर्मा आरपीएफ पोस्ट जपला प्लेटफार्म संख्या तीन पर निगरानी में थे। इसी बीच एक व्यक्ति को यात्री का मोबाइल झपट कर भागते देखा तो दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। इसी दौरान रानी देवी वहां पहुंच गई। बताया कि यह मोबाइल उससे लेकर यह उचक्का भाग रहा था। पकड़े गए उचक्के से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित कुमार बताया। कहा कि वह हुसैनाबाद शहर के जपला रेलवे स्टेशन के पास का निवासी है। बाद में उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से तीन एंड्रायड मोबाइल फोन, दो मोबाइल चार्जर एवं 2500 रुपये नकद बरामद हुआ। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला में यात्री व आरक्षी भगवान सिंह की गवाही के साथ विधिवत जब्ती सूची बनाकर बरामद सामानों को उप निरीक्षक ने जब्त किया।

### अनियंत्रित बाइक ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को मारी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

**विश्रामपुर।** इटको मुख्य मार्ग के नावाडीह गांव के समीप सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को अनियंत्रित बाइक ने जोड़दार टक्कर मार दी थी। जिनका इलाज के दौरान आज मौत हो गई है। मृत व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर थाना के ब्लाक रोड निवासी अरविंद कुमार चंद्रवंशी,उम्र करीब 42 वर्ष के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार,बीते मंगलवार को अरविंद अपने घर से 500 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे खड़े होकर एक व्यक्ति से बात कर रहें थे तभी उल्टे दिशा से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित अपाची बाइक जेएच 5779 ने उन्हें जोड़दार टक्कर मार दी, जिससे उनके सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगी और वे बेहोश हो गए। जिन्हे आनन फानन में स्थानीय लोगो के द्वारा सीएचसी विश्रामपुर में लाया गया,जहा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर किया गया,तथा वहा भी उसकी गंभीर स्थिति को देखते ही चिकित्सको ने रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### पुलिस ने रेलवे ट्रैक के बगल से अज्ञात युवक का शव किया बरामद

**उंटारी रोड।** मुगलसराय रेलखंड के उंटारी रोड रेलवे स्टेशन के लाहरबंजारी गांव स्थित रेलवे ट्रैक के बगल में रविवार को अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना के बाद घटनास्थल के समीप आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। जैसे ही लोगों की नजर युवक के शव पर पड़ी कि लोग भयभीत हो गये और आसपास के लोगों को इकट्ठा होने लगे। मामले की जानकारी उंटारी रोड थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची उंटारी रोड पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हर आने जाने वाले लोगों ने मृतक युवक के शव की पहचानने की कोशिश की, हालांकि युवक कहां का रहने वाला है और वह यहां कैसे आया, इसका स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी। फिलहाल उंटारी रोड पुलिस मृतक के शव कोकब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेजते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है।

### श्मशान घाट से मैदानी इलाकों में आ जाता है बाढ़ का पानी

## फसलों को पहुंचती है भारी क्षति शव जलाने में होती है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** जब भीमबराज पुल नहीं था, तब रविवारीय बाजार से होकर गुजरे जमाने की गवर्नर रोड ही कोयल नदी पार के गांवों में पहुंचने का माध्यम था। उसी गवर्नर रोड से चलकर श्मशानघाट पहुंचा जाता है। छठ पर्व भी उसी जगह मनाया जाता रहा है। बराज बनने के बाद कटाव से बचाव के लिए कोयल नदी के किनारे पर गाइड बांध बना दिया गया। जिससे होकर छठ पर्व और शव के साथ नदी में उतरना खतरनाक साबित होने लगा था। जिसे देखते हुए किसी ने वहां गाइड बांध के बड़े हिस्से को काट कर खाली कर दिया। जहां से होकर ही जब कभी भी बाढ़ आता है, तो पानी मैदानी इलाकों में समा जाता है। इससे फसलों को भारी क्षति



पहुंचती है। उसी दौरान किसी की मृत्यु हो जाए, तो दाह संस्कार में भी परेशानी होती है। किनारे पर बने श्मशान शेड में भी पानी जमा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि वहां छठ घाट और श्मशानघाट के साथ ही आवागमन के लिए सीढियों का निर्माण कराने से हर बार बाढ़ आने पर किसानों को होने वाले नुकसान और दाह संस्कार में हो रही परेशानी से बचा जा सकता है।

## मंत्री बैद्यनाथ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** स्थानीय विधायक सह राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने लातेहार स्थित अपने आवासीय परिसर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा का स्वागत किया। मंत्री बैद्यनाथ राम ने सभी को शॉल भेंट किया। बता दें कि राजेश ठाकुर व अन्य पलामू में एक कार्यक्रम में भाग लेकर शनिवार की देर शाम रांची लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय विधायक सह शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से मुलाकात की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, नसीम अंसारी, चंदन कुमार, विवेक गुप्ता, मो रिजवान, दीपक कुमार, शमसाद अंसारी, सुनील प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, कृष्णा प्रसाद व राजू यादव आदि मौजूद रहे।

### मंत्री ने सामुदायिक सत्संग केंद्र का किया शिलान्यास

लातेहार। स्थानीय विधायक सह सूबे के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने विधायक कोटे की राशि से शहर के धर्मपुर में सामुदायिक सत्संग केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया। बैद्यनाथ राम ने काली मंदिर के पास सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार की भी आधारशिला रखी। वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष कुमार मिश्रा ने किया। मौके पर मंत्री राम ने कहा कि सत्संग से तन व मन दोनों स्वस्थ्य रहता है। शरीर में एक सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। आज के इस भौतिक युग में सत्संग व अध्यात्म मन को सुकून देते हैं। सत्संग केंद्र खुलने से लोगों को सहुलियत होगी। मंत्री ने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, डा सुरेंद्र सिंह, गोपाल चौरसिया, जय कुमार सिंह, योगेंद्र प्रसाद, रीतेश कुमार, भोला प्रसाद, अंकित पांडेय, संजय कुमार सिन्हा , विजय कुमार, अनूप कुमार व संतोष प्रसाद समेंत कई लोग मौजूद थे।

## एनएच 75 के संवेदक की कार्यशैली से लोगों में उत्पन्न हो रहा आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** सतबरवा लहलहे से शंखा तक एन एच 75 फोरलेन सड़क निर्माण करा रही एजेंसी भारतीय वाणिज्य ईस्टर्न लिमिटेड के संवेदक के द्वारा मनमानी ढंग से घटिया एवं अविवेक पूर्ण तरीके से सड़क निर्माण एवं इसमें जिला प्रशासन का मूक दर्शक रहना कहीं ना कहीं किसानों एवं रैयतों के बीच असंतोष को जन्म दे रहा है एवं जनता बड़े आंदोलन की तैयारी में है। उक्त बातें इंटक के प्रदेश महासचिव सह पूर्वमंत्री प्रतिनिधि विवेकानंद त्रिपाठी ने कही उन्होंने बताया कि हमें इस बात का पता नहीं चलता है कि किस तरह का डीपीआर संवेदक द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है जबकि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और किसानों की सैकड़ो एकड़ जमीन पानी से डूब रही है कितने किसानों एवं ग्रामीणों का घर ध्वस्त होकर तबाह हो गया एवं कुछ



लोगों का घर जमीन दोज होने की स्थिति में है।जहाँ जहाँ पर पूर्व में पुलिया और कलवर्ट के जरिए पानी की निकासी आसानी से हो जाया करती थी संवेदक की अदूरदर्शिता के कारण एन एच के किनारे बसे गांव आज जलमग्न हो रहे है।जिला प्रशासन किसी पीड़ित की एक नहीं सुन रहा है जनता की गुहार पर भी संवेदक पर कार्रवाई नहीं हो रही है संवेदक का मन बढ़ रहा है मुआवजे की प्रक्रिया में भी जिला प्रशासन के द्वारा ढिलाई बरती जा रही है और किसानों एवं रैयतों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पेज एक का शेष

### ममता बनर्जी ने...

बता दें कि शनिवार को सीएम ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बनर्जी ने राज्य के विभिन्न इलाकों में बाढ़ जैसी मौजूदा स्थिति के लिए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने मीडियाकर्मियों को बताया था कि डीवीसी ने राज्य सरकार से पहले बात किए बिना एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, नाम न बताने की शर्त पर डीवीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने राज्य सरकार से विचार-विमर्श किए बिना पानी छोड़ने के आरोप का खंडन किया। साथ ही कहा था कि नदी नियामक समिति में (जो बांधों से पानी छोड़ने पर फैसला लेती है) केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के प्रतिनिधि होते हैं। डीवीसी अधिकारी ने कहा था कि समिति वर्षा के पूवानुर्मान के आधार पर निर्णय लेती है, तथा बांधों की जल धारण क्षमता और वहां किस हद तक जल आरक्षित किया जा सकता है, जैसे विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद पानी छोड़ा जाता है।

### पिटाई के कारण...

उसने कुछ ही देर के बाद अधिवक्ता की उसके घर के सामने ही चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं संदीप कालिंदी ने कहा अधिवक्ता के द्वारा मेरा केस लड़ने के लिए ज्यादा पैसा मांगा जा रहा था, इसे लेकर भी विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी। हालांकि पुलिस को इस मामले में कुछ और भी तथ्य हाथ लग सकते है. पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**डीजीपी ने परिजनों से की थी मुलाकात :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र मधुकम स्थित महुआ टोली में सिविल कोर्ट के वकील गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की शुक्रवार को हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के दूसरे दिन शनिवार को डीजीपी डीजीपी अनुराग गुप्ता अधिवक्ता के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। डीजीपी ने गोपी बाबू की मां, पत्नी से काफी देर तक बातचीत की और उन्हें अपराधियों के जल्द से गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। इस दौरान डीजीपी ने परिजनों से कारण जानने का भी प्रयास किया, लेकिन घरवाले इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं होने के कारण कुछ बता नहीं पाये थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दांत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। पिछले 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। रविवार को 1,112 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में सुबह 3:25 बजे भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, "इनमें से 11 वाहनों का पहला काफिला 204 यात्रियों को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 39 वाहनों का दूसरा काफिला 908 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। गांदरबल जिले के काव चेरवान गांव में सुबह बादल फट गया। इस कारण श्रीनगर से बालटाल आधार शिविर जाने वाला मार्ग बंद हो गया।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रंप ने हैरिस को दी बहस की चुनौती, उपराष्ट्रपति का इनकार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव से पहले दोनों उम्मीदवारों - उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप - के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिल रही है। इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को 4 सितंबर को फॉक्स न्यूज पर बहस करने की चुनौती दी है। हालांकि, उपराष्ट्रपति ने ट्रंप के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। कमला हैरिस ने एक्स अकाउंट पर लिखा, "मैं 10 सितंबर को एबीसी पर रहूंगी, क्योंकि उन्होंने (ट्रंप ने) राष्ट्रपति बाइडेन के साथ चर्चा की सहमति दी थी।

### जमानत पर बाहर आए तृणमूल विधायक को ईडी ने किया तलब

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्कूल में नौकरी के बदले कैश मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक जीवन कृष्ण साहा को तलब किया है। टीएमसी विधायक फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। टीएमसी विधायक को सोमवार दोपहर तक कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके सॉल्ट लेक में केंद्र सरकार के कार्यालय यानि सीजीओ परिसर स्थित ईडी दफ्तर में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने उन्हें माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सरकारी स्कूलों में शिक्षण नौकरियों में अनियमितताओं से संबंधित पूछताछ के लिए बुलाया है।

### हमास प्रमुख हानिया को शॉर्ट-रेंज प्रोजेक्टाइल से मारा गया : ईरान

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या "लगभग 7 किलोग्राम वजनी वॉरहेड से भरे शॉर्ट-रेंज प्रोजेक्टाइल से की गई। आईआरजीसी ने शनिवार को अपने तीसरे बयान में ईरानी राजधानी तेहरान में कथित इजरायली हमले में हानिया की हत्या के बारे में कहा, ''जांच में पता चला है कि आतंकवादी कार्रवाई मेहमानों के रहने की जगह के बाहर से एक छोटी दूरी के प्रोजेक्टाइल (शॉर्ट-रेंज प्रोजेक्टाइल) के माध्यम से की गई।

### कंबोडिया में बढ़ रहा बर्ड फ्लू, 16 साल की बच्ची हुई संक्रमित

**नोम पेन्ह।** स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान के अनुसार दक्षिण-पूर्व कंबोडिया के स्वे रींग प्रांत की एक 16 वर्षीय लड़की में एच5एन1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इसके बाद कंबोडिया में इस साल कुल नौ मामले रिपोर्ट हुए हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रयोगशाला परिणामों से पता चला कि लड़की एच5एन1 वायरस पॉजिटिव थी।

# हिजबुल्लाह ने इजरायल पर कर दी रॉकेट की बौछार

एजेंसी

**बेरूत।** मध्य पूर्व में स्थिति और भी ज्यादा तनावपूर्ण हो गई है। ईरान और उसके सहयोगियों ने हमास के राजनीतिक नेता की हत्या का जवाब देने की तैयारी कर ली है। हत्या का आरोप इजरायल पर लगाया गया है। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर रॉकेटों की बौछार की है। अब पूरे क्षेत्र में युद्ध की संभावना बढ़ गई है। इजरायल के सहयोगी अमेरिका ने कहा कि वह इस क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेजेगा, जबकि पश्चिमी सरकारों ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने की अपील की है। इस हफ्ते की शुरूआत में इजरायल ने तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया और बेरूत में हिजबुल्लाह के सैन्य प्रमुख की हत्या की थी। इन दोनों घटनाओं के बाद, ईरान और उसके सहयोगियों ने बदला लेने की शपथ ली है। वे इजरायल के खिलाफ हमला करने की धमकी दे रहे हैं। हमास शासित क्षेत्र



की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इजरायल ने शनिवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर हमले किए। हिजबुल्लाह के साथ गोलीबारी की, कब्जे वाले पश्चिमी तट पर एक घातक हमला किया और गाजा सिटी में एक स्कूल परिसर पर हमला किया गया। हमले में कम से कम 17 लोग मारे गए। लेबनान, यमन, इराक और सीरिया के ईरान समर्थित समूह पहले ही गाजा में इजरायल और फिलिस्तीनी समूह हमास के बीच लगभग 10 महीने से चल रहे युद्ध में शामिल हो चुके हैं। हाल के हफ्तों में गाजा में विस्थापन आश्रयों में तब्दील किए गए कई स्कूलों पर हमला किया गया है।

इजरायल ने कहा है कि इन सुविधाओं का इस्तेमाल आतंकवादियों द्वारा किया गया था। हमास ने सैन्य गतिविधियों के लिए नागरिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने से इनकार किया है। बता दें कि हमास प्रमुख को इस्माइल हानिया को शुक्रवार को कतर में दफनाया गया। हमास, ईरान और अन्य संगठनों ने इस हमले को अंजाम देने का आरोप इजरायल पर लगाया है, लेकिन इसके बावजूद इजरायल ने इस पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## एचडी देवगौड़ा ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का किया दौरा, मेट्रो का लिया आनंद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल सेक्युलर पार्टी के अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा ने रविवार को दिल्ली मेट्रो में सफर किया। इस दौरान उनके साथ उनका परिवार और अधिकारी भी मौजूद रहे। दिल्ली मेट्रो में पूर्व पीएम की यात्रा का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें वह मेट्रो में अपने परिवार के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। वह अधिकारियों से बात भी कर रहे हैं। एचडी देवगौड़ा वीडियो में मुस्कुराते व अधिकारियों को कोई किस्सा बताते दिखाई पड़ रहे हैं। दिल्ली मेट्रो में सफर करने से पहले एचडी देवगौड़ा ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का भी दौरा किया। शनिवार को वह



अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री संग्रहालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय की सराहना भी की। पूर्व पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करना एक अभिभूत करने वाला अनुभव था। बता दें कि एचडी देवगौड़ा की गिनती दक्षिण भारत के बड़े नेताओं में आती है।

## धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट में हो रही लूट, मुंबई को बेचना चाहते हैं सीएम शिंदे : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने रविवार को धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट में लूट का आरोप लगाते हुए राज्य की महायुति सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेल में बंद गुंडों को अपना प्रवक्ता बनाकर हम पर आरोप लगवा रही है। संजय राउत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा के पास कोई काम नहीं है, इसलिए वे जेल में बंद गुंडों को अपना प्रवक्ता बनाकर हम पर आरोप लगवा रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट निजी कंपनियों और सार्वजनिक एजेंसियों, जैसे पुलिस विभाग, को डिजिटल डेटा एनालिसिस करके साइबर क्राइम्स को हल करने में मदद करते हैं। वे डिवाइस से डेटा पुन: प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर सिस्टम के अपने ज्ञान का उपयोग करते हैं, प्राप्त डेटा की एनालिसिस करते हैं और उसी आधार पर रिपोर्ट लिखते हैं। ये एनालिस्ट रिकवरी और डिकोडिंग सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके डिलीट और एन्क्रिप्ट की गई फ़ाइलों को वापस लाने में भी मदद करते हैं। फिर इन फाइलों को इकट्ठा किया जाता है और आपराधिक मामलों के सबूत के रूप में उपयोग किया जाता है। कंप्यूटर फोरेंसिक एनालिस्ट कंप्यूटर, नेटवर्क सर्वर, स्मार्ट डिवाइस और अन्य डिजिटल उपकरणों से डेटा प्राप्त करने में माहिर होते हैं।

# फॉरेंसिक कंप्यूटर में बना सकते हैं अपना करियर

### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट क्यों बनें

- **उच्च नौकरी की मांग:** टेक्नोलॉजी लगातार विकसित हो रही है, जिसने दुर्भाग्य से साइबर अपराध की समस्याओं को भी बढ़ा दिया है। ऐसे में फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट की मांग भी बढ़ रही है।
- **नौकरी के व्यापक अवसर:** फोरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट किसी भी कॉर्पोरेट, जांच, कानूनी या सरकारी क्षेत्र में काम कर सकता है। इस क्षेत्र में अनुभव प्राप्त करने के बाद आप फ्रीलांसर के रूप में भी काम कर सकते हैं।
- **उच्च वेतन:** इस नौकरी में उच्च वेतन की संभावनाएं हैं। PayScale के अनुसार, भारत में एक फ्रेशर के रूप में फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट का वेतन INR 5 से 8 लाख है।
- **कम प्रतिस्पर्धा:** Forensic computer analyst के रूप में कुछ लोग ही काम करते हैं, जिसका अर्थ है कि बहुत कम कॉम्पिटिशन है। यदि आपके पास उचित शिक्षा और कौशल है तो आप आसानी से इस क्षेत्र में एक अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।



### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए आवश्यक कौशल

*फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के रूप में करियर में आप कुछ कौशल का उपयोग कर सकते हैं, जो इस प्रकार हैं-*

- **तकनीकी ज्ञान:** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपराधों की जांच के लिए प्रोग्रामिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम, डिवाइस और मैलवेयर के अपने ज्ञान का उपयोग कर सकते हैं। अत: उनके पास मजबूत टेक्निकल स्किल्स का होना आवश्यक है।
- **नैतिकता का ज्ञान:** डेटा के साथ साइबर एथिक्स की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को डेटा सुरक्षा का मूल्यांकन करने और साइबर अपराधों की जांच करने में मदद कर सकती है।
- **कानूनी ज्ञान:** टेक्नोलॉजी कानूनों की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को कंपनियों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने में मदद करता है।
- **क्रिटिकल थिंकिंग:** क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट को साइबर अपराधों की जांच और समाधान करने में सहायता कर सकती हैं।
- **कम्युनिकेशन:** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपनी जांच के निष्कर्षों पर व्यापक रिपोर्ट लिखने और समस्याओं को हल करने के लिए दूसरों के साथ काम करते हैं। अत: उनके पास अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स उपयोगी है।

### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के काम

1. कानूनी कार्यवाही के लिए कंप्यूटर और डिजिटल एविडेंस तैयार करना।
2. करना और उपयुक्त टीम के सदस्यों को रिपोर्ट प्रदान करना।
3. विभिन्न प्रकार के फोरेंसिक टूल और सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके डिजिटल डेटा को डिक्रिप्ट करना और एनालिसिस करना।
4. किसी व्यक्ति या स्थान की पहचान छिपाने के लिए लॉक की गई डिजिटल इमेजेस को अनलॉक करना।
5. किसी स्थान या व्यक्ति का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन और सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की जांच करना।
6. कानूनी रूप से मान्य तरीके से एविडेंस और सूचना एकत्र करना।
7. क्षतिग्रस्त डिजिटल फ़ाइल से डेटा को पुन: प्राप्त करना।
8. जांच के बाद रिपोर्ट तैयार करना।
9. फोरेंसिक क्षेत्र में विकास और साइबर अपराध के तरीकों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के साइबर हमलों को रोकने के लिए डेटा सिस्टम की सुरक्षा करना।

### फॉरेंसिक कंप्यूटर कोर्सेज़ के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़



- आईआईटी, मुंबई
- आईआईटी, मद्रास
- स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज
- प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम यूनिवर्सिटी
- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा